RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 329
नई दिल्ली, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





गिल को डेंगू होने का संदेह
स्पोर्ट्स-12


# एशियाई खेल पदकों का शतक लगाने को तैयार भारत

- अब की बार सौ पार के मंत्र के साथ मैदान में उतरे भारतीय दल ने शुक्रवार तक 95 पदक डाले अपनी झोली में
- पुरुष हॉकी में स्वर्ण, कुश्ती में तीन पदक और सेपक टकराव में मिला कांस्य

**भाषा।** हांगझोउ

**अबकी** बार सौ पार के मंत्र के साथ एशियाई खेलों में उतरे भारतीय दल ने शुक्रवार को पुरूष हॉकी टीम के स्वर्ण, कुश्ती में तीन पदक, सेपकटकरॉ में ऐतिहासिक कांस्य के साथ 95 पदक अपनी झोली में डाल लिए। भारत के कबड्डी (दो), तीरंदाजी (तीन), हॉकी (एक), बैडमिंटन (एक) और क्रिकेट (एक) में कुल छह पदक पक्के हैं।

इनकी स्पर्धाएं होने के बाद भारत शनिवार को पहली बार एशियाई खेलों के इतिहास में सौ पदक पार कर लेगा। आखिरी दिन चार और पहलवान पदक की दौड़ में हैं और पदकों की संख्या में इजाफा भी हो सकता है। भारत ने पिछली बार जकार्ता में 70 पदक जीते थे जिसमें 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य थे। इस बार निशानेबाजों ने 22 और एथलेटिक्स में 29 पदक आए हैं जिससे भारत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका। भारतीय दल ने कई अप्रत्याशित पदक भी जीते जिसमें महिला टेबल टेनिस टीम का कांस्य (सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी) शामिल है। पारूल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में आखिरी 30 मीटर में कमाल करके स्वर्ण जीत लिया। भालाफेंक में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर जेना ने रजत पदक जीता। केनोइंग में अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने ऐतिहासिक कांस्य जीता जबकि 35 किमी पैदलचाल में रामबाबू और मंजू रानी को भी कांसा मिला।

**खेलों के अनुसार भारत की पदक संख्या इस प्रकार है।** तीरंदाजी: तीन स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य, एथलेटिक्स: छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य, बैडमिंटन: एक रजत, एक कांस्य, मुक्केबाजी: एक रजत, चार कांस्य, ब्रिज: एक रजत, क्रिकेट: एक स्वर्ण, घुड़सवारी: एक स्वर्ण, एक कांस्य, गोल्फ: एक रजत, हॉकी: एक स्वर्ण, नौकायन: दो रजत, तीन कांस्य, स्कवाश: दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य, निशानेबाजी: सात स्वर्ण, नौ रजत, छह कांस्य, पाल नौकायन: एक रजत, दो कांस्य, टेनिस: एक स्वर्ण, एक रजत, वुशू: एक रजत, रोलर स्केटिंग: दो कांस्य, टेबल टेनिस: एक कांस्य, केनोइंग: एक कांस्य, कुश्ती: पांच कांस्य, सेपकटकरॉ: एक कांस्य।



हांगझोउ में शुक्रवार को पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर खुशी जाहिर करते हॉकी टीम के खिलाड़ी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने गत चैम्पियन जापान को एकतरफा फाइनल में 5-1 से हराकर नौ साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने पिछली बार 2014 में इंचियोन खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जबकि पिछली बार जकार्ता में टीम को कांस्य से संतोष करना पड़ा था। मौजूदा टीम में से सिर्फ पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का ही यह दूसरा स्वर्ण है जो 2014 की टीम का भी हिस्सा थे। भारत ने हॉकी में इससे पहले 1966 और 1998 में बैंकाक में स्वर्ण पदक जीता था। दक्षिण कोरिया ने मेजबान चीन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (32वां और 59वां मिनट), अभिषेक (48वां मिनट), अमित रोहिदास (36वां) और मनप्रीत सिंह (25वां) ने गोल किए। जापान के लिए एकमात्र गोल सेरेन तनाका ने 51वें मिनट में दागा।

हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 13 गोल किए जबकि मनदीप सिंह ने 12 गोल दागे। भारत को पांचवें मिनट में गोल करने का मौका मिला जब ललित उपाध्याय ने बाएं फ्लैंक से शॉट लगाया लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा ने उसे बचा लिया। भारत को 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक सीधे जापान के गोलकीपर के सामने गई। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने लगातार हमले बोले जिसका फायदा दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन इस बार भी वैरिएशन पर रोहिदास निशाना चूक गए। भारत का खाता 25वें मिनट में मनप्रीत ने खोला। ललित उपाध्याय सर्कल के भीतर गेंद लेकर गए और अभिषेक ने शुरूआती शॉट लिया जो जापानी गोलकीपर ने बचा लिया। सर्कल पर खड़े मनप्रीत ने रिवर्स पर सटीक निशाना साधकर गेंद गोल के भीतर डाल दी।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। हरमनप्रीत ने 32वें मिनट में और रोहिदास ने चार मिनट बाद ए गोल किए। चौथे क्वार्टर में अभिषेक ने तीसरे मिनट में और हूटर से एक मिनट पहले हरमनप्रीत ने गोल करके भारत की शानदार जीत तय कर दी। गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि ओलंपिक से दस महीने पहले कोटा हासिल करने से टीम तैयारी पर फोकस कर सकेगी। उन्होंने कहा कि हमें ओलंपिक की तैयारी के लिए करीब एक साल मिल गया है। हमने पिछले ओलंपिक में, फिर एशियाई चैम्पियनशिप और अब एशियाड में शानदार प्रदर्शन किया। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अगले साल हॉकी प्रो लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारियों की परख होगी। उन्होंने कहा कि फरवरी में प्रो लीग होना है जिससे हम खुद को जांचेंगे।

## हॉकी टीम ने खेल ही नहीं बल्कि अनगिनत भारतीयों के दिल भी जीते

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि उसकी अटल प्रतिबद्धता, जुनून और तालमेल ने न सिर्फ पदक जीता बल्कि अनगिनत भारतीयों के दिल भी जीत लिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, एशियाई खेलों में हमारी पुरूष हॉकी टीम को स्वर्ण पदक। शानदार प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई। इस टीम की अटल प्रतिबद्धता, जुनून और तालमेल ने न सिर्फ पदक जीता बल्कि अनगिनत भारतीयों के दिल भी जीत लिए। यह जीत उनके जज्बे की परिचायक है। भविष्य के लिए शुभकामना। भारतीय टीम ने चीन के हांगझोउ में गत चैम्पियन जापान को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।



### विश्व कप क्रिकेट

- **परिणाम :** पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 81 रनों से हराया
- **आज:** बांग्लादेश और अफगानिस्तान
साउथ अफ्रीका और श्रीलंका

## क्विक न्यूज

### सर्वेक्षण के आंकड़े प्रकाशित करने से बिहार सरकार को रोकने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार सरकार से सवाल किया कि उसने अपने जाति आधारित सर्वेक्षण के आंकड़े को क्यों प्रकाशित किया। इसने, हालांकि, राज्य सरकार को आगे के आंकड़े सार्वजनिक करने से रोकने से इनकार कर दिया और कहा कि वह इस बात की पड़ताल कर सकता है कि क्या राज्य सरकार के पास ऐसा करने की शक्ति है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी ने पटना उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक औपचारिक नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी थी।

# विधानसभा चुनावों का ऐलान सोमवार को संभव

- त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद और शीतकालीन सत्र से पहले नवंबर के तीसरे सप्ताह में हो सकता है मतदान

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** चुनाव आयोग पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों की घोषणा सोमवार को कर सकता है। इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद नवंबर के तीसरे सप्ताह में और नवंबर के आखिरी सप्ताह में होने वाले शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले कराए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने कहा, सप्ताहांत में भाजपा शासित केंद्र और राज्यों द्वारा कई परियोजनाओं की घोषणा की जानी है, जिसमें कांग्रेस शासित राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि जहां राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक ही चरण में मतदान हो सकता है, वहीं उग्रवाद प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होने की उम्मीद है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक एक लाख करोड़ रुपये की संयुक्त परियोजनाओं और नींव की घोषणा की है, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी राज्यों में सरकारें बनाए रखने के लिए योजनाओं की घोषणा करने के साथ ही इन राज्यों में रैलियां भी कर रहे हैं। मिजोरम में विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। भाजपा की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) वर्तमान में पूर्वोत्तर राज्य पर शासन है।

इस बीच, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में विभिन्न तारीखों पर समाप्त जाएंगे। तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की और छत्तीसगढ़ और राजस्थान दोनों जगह कांग्रेस पार्टी की सरकार है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को आयोग के पर्यवेक्षकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समन्वित तरीके से काम करने, समान अवसर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वह मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की विधानसभाओं के आगामी चुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग बैठक को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, उनका काम समान अवसर और चुनाव की शुचिता सुनिश्चित करना है। सीईसी ने कहा कि आयोग विशेष प्रावधानों, जैसे होम वोटिंग की मदद से विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी), वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक), विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को सुलभ मतदान केंद्र की सुविधा प्रदान कर उन्हें मतदान में शामिल करके एक मानवीय चेहरा बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने ( शेष पेज 9 )

# मप्र में उम्मीदवारों की सूची में देरी पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

- भाजपा नेता उमाशंकर ने कहा, खड़गे, राहुल और प्रियंका के दौरों के बावजूद सूची पर नहीं बन रही बात

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल



**मध्य** प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इस साल नवंबर में होने वाले आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवारों की एक भी सूची की घोषणा नहीं करने पर घेरते हुए कटाक्ष किया है।

ज्ञात रहे कि भाजपा ने अपनी दो सूचियां घोषित करके बढ़त बना ली है, जिनमें से प्रत्येक में 39 उम्मीदवार हैं और तीसरी सूची में केवल एक नाम है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मध्य प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख उमाशंकर गुप्ता ने शुक्रवार को भोपाल में मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता पिछले कई दिनों से मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, लेकिन वे अब तक उम्मीदवारों की एक भी सूची को अंतिम रूप देने में असमर्थ हैं।

एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया है। भाजपा का दावा है कि जिस तरह से आज कांग्रेस में गुटबाजी और अंतर्कलह देखने को मिल रही है, उससे लगता है कि उसने पहले ही अपनी हार मान ली है। कांग्रेस पार्टी के मध्य प्रदेश प्रमुख कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में धीरेंद्र शास्त्री की कथा में जाकर इन चुनावों में भाजपा के हिंदुत्व के मुद्दे पर सेंध लगाने की ( शेष पेज 9 )

# कनाडा ने अपने राजनयिकों को भारत से वापस बुलाया

- ओटावा ने यह कदम 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर की समय सीमा निर्धारित करने के बाद लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कनाडा** ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए विवाद के बीच भारत में काम कर रहे अपने ज्यादातर राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेज दिया है। भारत ने कनाडा को नई दिल्ली में काम कर रहे अपने राजनयिकों की संख्या घटाने के लिए 10 अक्टूबर की समयसीमा दी है जिसके बाद कनाडा ने यह कदम उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि परस्पर राजनयिक उपस्थिति पर पहुंचने के तौर तरीकों पर चर्चा चल रही है और उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि भारत इस मुद्दे पर अपनी स्थिति की समीक्षा नहीं करेगा। ऐसी जानकारी है कि भारत में कनाडाई राजनयिकों की संख्या लगभग 60 है और नई दिल्ली चाहती है कि ओटावा इस संख्या में कम से कम 36 की कमी करे। यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडा ने निज्जर की हत्या से संबंधित कोई जानकारी या सबूत भारत के साथ साझा किया है, बागची ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की हालिया टिप्पणियों का हवाला दिया था कि यदि कोई विशिष्ट या प्रासंगिक जानकारी नई दिल्ली के साथ साझा की जाती है, तो वह उस पर विचार करने के लिए तैयार है। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि कनाडा को संख्या में समानता हासिल करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करनी चाहिए और आरोप लगाया कि कनाडा के कुछ राजनयिक नई दिल्ली के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने में शामिल हैं। कनाडा के एक निजी टेलीविजन नेटवर्क सीटीवी न्यूज की यह रिपोर्ट तब आई है जब भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा से अपने दूतावासों में काम कर रहे कई राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहा था। खालिस्तानी अलगावादी निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ( शेष पेज 9 )

# नरगिस मोहम्मदी को मिला शांति का नोबेल पुरस्कार

- महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई और मानवाधिकार और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए दिया गया सम्मान
- नरगिस फिलहाल ईरान की जेल में बंद हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**ईरान** की महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया है।

नरगिस उस बहादुर महिला का नाम है, जिसे ईरान की सरकार ने 13 बार गिरफ्तार किया। उन्हें 154 कोड़ों की सजा सुनाई गई थी लेकिन उनके बुलंद हौसलों में कमी नहीं आई। नरगिस को जब यह सर्वोच्च पुरस्कार दिया गया, उस वक्त भी वह जेल में बंद हैं। उन्होंने ईरान में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के साथ ही सभी के लिए स्वतंत्रता को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी। इसके लिए उनको वर्ष 2023 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नॉर्वे नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने शुक्रवार को ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा की। रीस-एंडरसन ने कहा, सबसे पहले यह पुरस्कार ईरान में पूरे आंदोलन के लिए बहुत अहम कार्य और उसकी निर्विवाद नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सम्मान से इस आंदोलन को, चाहे जिस भी रूप में हो, जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

रीस-एंडरसन ने ईरान से अपील की कि वह मोहम्मदी को रिहा कर दे, ताकि वह 10 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार समारोह में शामिल हो सकें। पेशे से इंजीनियर मोहम्मदी को वर्ष 2018 में आंद्रेई साखारोव पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मोहम्मदी के करीब पूरे जीवन में ईरान पर सर्वोच्च नेता के नेतृत्व में शिया धर्म तंत्र का शासन रहा है। ईरान में महिलाएं नौकरी कर सकती हैं, शैक्षणिक पदों पर आसीन हो सकती हैं और यहां तक उनकी सरकार में नियुक्ति हो सकती है, लेकिन उनकी जिंदगी कड़े नियंत्रण में है। कानून के तहत सभी महिलाओं को सिर ढकना होता या हिजाब पहनना होता है, ताकि धर्मपरायण होने के प्रतीक के तौर पर उनके बाल ढके रहे। ईरान और पड़ोसी देश अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं, जहां पर ( शेष पेज 9 )

# अंधेरी टाइगर रिजर्व में नर बाघों का वर्चस्व

- पिछले नौ साल में दो बाघिनों से पैदा हुए 25 में से 18 शावकों को बड़ी बिल्लियों ने मार डाला

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**महाराष्ट्र** के ताडोबा अंधेरी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) में नर बाघों का वर्चस्व है। यहां पिछले नौ वर्षों की अवधि में 7 नर बाघों ने 2 मादा बड़ी बिल्लियों (बाघिन) से पैदा हुए 25 शावकों में से 18 को मार डाला है। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने बाघ अभयारण्य में शावकों के जीवन प्रत्याशा पर अध्ययन किया।

इस अध्ययन में पाया गया कि वर्ष 2014 और वर्ष 2023 के बीच, दो मादा बाघों (टी7 और टी12) के मुकाबले, 7 नर बाघ थे। उनके क्षेत्रों में शिकारियों के कारण उनके बीच अपनी मादा समकक्षों के साथ मेटिंग (समागम) करने और उनके द्वारा पैदा न हुए शावकों को मारने की प्रतिस्पर्धा बढ़ गई। 'कॉस्ट ऑफ प्राइम रियल्टी: सर्ववाइल ऑफ टाइगर कब्स अंडर द इंफ्लुयेंस हाई टर्न ओवर एंड डेस्टिनी' शीर्षक वाले अध्ययन में, वन्यजीव विशेषज्ञों ने बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में दो बाघिनों के शावकों के जीवित रहने की दर के कारणों को जानने और गलियारों के संपर्क को मजबूत करने और अभयारण्य के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया है।

भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञ ए. कृष्णन ने पिछले महीने देहरादून स्थित वन्यजीव अनुसंधान संस्थान में भारतीय वन्यजीव संस्थान के आंतरिक अनुसंधान सेमिनार में अध्ययन को प्रस्तुत किया गया। इस अध्ययन से पता चला कि अभायरण्य के मुख्य क्षेत्र में 2 बाघिनों (टी7 और टी12) को अपने शावकों की बलि देनी पड़ी क्योंकि नर बाघ अपने संबंधित क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। कृष्णन ने बताया कि अध्ययन की अवधि के दौरान दोनों मादा बाघिनों ने 5 बार में 1-5 शावकों को जन्म दिया। बाघिन टी12 से पैदा हुए 13 शावकों में से केवल 2 (दोनों नर) बड़े होने तक जीवित रहे, जबकि टी7 से पैदा हुए 12 शावकों में से 5 (3 मादा और 2 नर) बड़े होने तक जीवित रहे।

इस अवधि के दौरान क्षेत्र में इन 2 बाघिनों के बीच नर बाघों की संख्या 2-7 के बीच थी। विशेषज्ञ ने कहा कि टीएटीआर जैसे उच्च घनत्व वाले बाघ अभयारण्य के जंगल के प्रमुख क्षेत्रों में नर बाघों की संख्या अधिक है, जिससे नवाजात शावकों की हत्या के कारण शावकों की मृत्यु दर अधिक होती है। टीएटीआर में उच्च बाघ घनत्व के साथ-साथ नर बाघों की बढ़ती संख्या के कारण बाघ अभयारण्य के प्रमुख क्षेत्रों जैसे कि जामनी और पंढरपौनी झीलों के आसपास के ( शेष पेज 9 )

# विपक्ष में भय का माहौल पैदा करने की कोशिश: केजरीवाल

## संजय सिंह की रिमांड को लेकर केंद्र पर भड़के मुख्यमंत्री, कथित शराब घोटाले को बताया फर्जी



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की रिमांड और केंद्रीय एजेंसियों के एक्शन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखी हमला बोला है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि मोदी सरकार ने विपक्ष के नेताओं, बिजनेसमैन, इंडस्ट्री और व्यापार में भय का माहौल पैदा कर दिया है, क्या इस तरह भारत चीन से लड़ेगा। देश की तरक्की के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। भाजपा द्वारा इस तरह जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से भारत तरक्की नहीं कर सकता। सीएम ने तथाकथित शराब घोटाले को पूरी तरह से फर्जी बताते हुए कहा कि झूठे केस लगाकर विपक्ष के नेताओं और पार्टियों को निष्क्रिय व डराने की कोशिश की जा रही है। इनके पास एक भी सबूत नहीं है। लोगों को प्रताड़ित करके झूठे बयान लिए गए हैं। कुछ दिन बाद शराब घोटाले बंद हो जाएगा और ये लोग फिर नया कुछ ले आएंगे। दरअसल, इन्हें लोगों को एजेंसियों की जांच में उलझाकर रखना है। ये न खुद काम करेंगे और न किसी को करने देंगे।

गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ईडी-सीबीआई को लेकर कहा कि हम लोग पूरे देश के अंदर देख रहे हैं कि झूठे केस लगाकर विपक्ष के नेताओं और पार्टियों को निष्क्रिय और डराने की कोशिश की जा रही है। कई लोगों को तोड़कर भाजपा अपनी पार्टी में शामिल कर रही है, जो कि जनतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। वह जो दूसरी बात देख रहे हैं कि केवल विपक्षी नेताओं को ही निशाना बनाया जा रहा है, बल्कि देश भर में बिजनेसमैन को भी बुरी तरह से टारगेट किया जा रहा है। ये देखकर दुख होता है कि पिछले 5-7 साल के अंदर लगभग 12-13 लाख बहुत अमीर लोग भारत की नागरिकता छोड़कर विदेशी नागरिकता ले ली है। वो भारत छोड़कर चले गए हैं और अपने बिजनेस को भारत में बंद कर दिए हैं। ये लोग भारत में निवेश करते थे, अपनी इंडस्ट्री चलाते थे और लाखों युवाओं को नौकरी देते थे। इनके पीछे भी ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई छोड़ रखा है।

### ● कुछ दिन बाद शराब नीति की जांच बंद हो जाएगी और भाजपा फिर नया कुछ ले आएगी: मुख्यमंत्री

केजरीवाल ने कहा कि चीन में घर-घर में इंडस्ट्री चल रही है और देश में बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री को भी चलने नहीं दिया जा रहा है और उनको बंद करते जा रहे हैं। सबके पीछे एजेंसी छोड़ रखी है। ऐसे एजेंसी-एजेंसी का खेल खेलकर भारत तरक्की नहीं करेगा। हमें वो सारे कदम उठाने हैं, जिससे बिजनेस और इंडस्ट्री खूब तरक्की करे। भय का माहौल खत्म होना चाहिए। तभी देश आगे बढ़ेगा।

केजरीवाल बोले इन्होंने हमारी इतनी सारी जांच करा ली, लेकिन कुछ नहीं निकला। बोले कि बस घोटाला हो गया, उसमें कुछ नहीं निकला। बोले कि स्कूल के क्लासरूम बनवाने में घोटाला कर दिया, उसमें कुछ नहीं निकला।

फिर बोले कि बिजली में हजार करोड़ रुपए का घोटाला हो गया, उसमें भी कुछ नहीं निकला।पानी में घोटाला हो गया, उसमें भी कुछ नहीं निकला। अब ये पता चल रहा है कि शराब घोटाला भी फर्जी है। वह तो शुरू से ही कह रहे थे कि एक पैसे का कोई लेन-देन नहीं हुआ।

## सीएम के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन




कथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविदं केजरीवाल का इस्तीफा मांगती भाजपा महिला कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली में 38 टोलियों बनाकर प्रमुख चौक चौराहों पर अरविंद केजरीवाल सरकार पर शराब घोटाले एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जन जागरण अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर महिला कार्यकर्ता तख्ती लेकर खड़ी हुई जिनपर लिखा था- 'आप' ने दिल्ली को शराब में डुबाया अब शराब 'आप' को डुबायेगी। आईटीओ चौक पर और रेल भवन के पास अभियान चला रही महिला कार्यकर्ताओं के साथ कुछ समय के लिए दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सचदेवा भी जनजागरण अभियान में सम्मलित हुए। दिल्ली भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत, प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी लता गुप्ता, सह-प्रभारी श्याम बाला, महिला मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार, सहित मोर्चे की अन्य पदाधिकारी और महिला निगम पार्षद भी विभिन्न स्थानों पर उपस्थित थे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि क्या केजरीवाल को देश की न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है जो वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए प्रोटेस्ट कर रहे हैं। हमेशा ही विक्टिम कार्ड खेलने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी कह रही है कि चुनाव के कारण भाजपा डर गई है, लेकिन ये बातें ईडी द्वारा जब संजय सिंह से सवाल पूछा जाएगा तो उस वक्त काम नही आने वाली है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मीडिया में बार-बार सिर्फ यह कह रहे हैं कि शराब घोटाला फर्जी है लेकिन आज तक उन्होंने यह नहीं बताया कि अगर शराब नीति ठीक थी तो जांच प्रारंभ होने की घोषणा के बाद उन्होंने शराब नीति वापस क्यों ली? दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के उस बयान पर हैरानी जताई जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थन करें या ना करें हमें फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने बयान से कांग्रेस को दुक्कारने का काम किया है तो अब कांग्रेस को तय करना होगा कि उन्हें और कितनी जिल्लते अरविंद केजरीवाल से झेलनी है। केजरीवाल आज भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके है।

### ● केजरीवाल का भी जेल जाना तय: वीरेन्द्र सचदेवा

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज जांच एजेंसी अपना काम कर रही है तो केजरीवाल को तकलीफ हो रही है और जांच एजेंसियों के कामों पर सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन जब वह भ्रष्टाचार कर रहे थे और पैसे कमा रहे थे तब उन्हें डर नहीं लगा था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को भाजपा द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब देना पड़ेगा और वह दिन दूर नहीं जब वे भी सिसोदिया और संजय सिंह के साथ जांच के घेरे में होंगे।

## प्रयोगात्मक राजनीति का समय नहीं: भाजपा

### ● अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रथम दृष्टया, उसके समक्ष रखी गई सामग्री कहीं भी नहीं दिखाती है कि सिंह की गिरफ्तारी अनुचित है : सुधांशु



सुधांशु त्रिवेदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद जमकर राजनीति हो रही है। भाजपा आम आदमी पार्टी और केजरीवाल सरकार पर हमलावर है। भाजपा सांसद और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक बार फिर से आप पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अपने आप को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी का किरदार अब तार-तार होकर जनता के सामने आ रहा है।

पहले उनकी सरकार के एक मंत्री सत्येंद्र जैन, भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए, जिन्हें न्यायालय से जमानत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फिर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल गए। अब आप के संसदीय दल के नेता संजय सिंह भ्रष्टाचार के आरोप में रिमांड पर हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली की एक अदालत की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि उसके समक्ष रखी गई सामग्री कहीं भी नहीं दिखाती है कि आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी अनुचित और अकारण है। यह उल्लेख करते हुए कि सिंह संसद में आप संसदीय दल के नेता हैं, जबकि पार्टी के दो अन्य वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा चुके हैं, त्रिवेदी ने मीडिया से कहा कि पार्टी नेताओं की लगातार गिरफ्तारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि मामला निराधार है, उनके लिए राउज एवेन्यू अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रथम दृष्टया, उसके समक्ष रखी गई सामग्री कहीं भी नहीं दिखाती है कि वर्तमान मामले में गिरफ्तारी अनुचित और अकारण है। भारतीय राजनीति में मूल्यों को स्थापित करने का वादा करने वाली आप सबसे मूल्यहीन पार्टी बन गई है और दिल्ली के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह देश के नागरिकों के लिए भी सोचने का समय है। जो लोग राजनीति में नए अनुभव होने की बात करते हैं।

यह अब प्रयोगात्मक राजनीति का युग नहीं है। भारत एक नई भूमिका निभाने के लिए विश्व मंच पर मजबूती से उभर रहा है। त्रिवेदी ने दावा किया कि आप ने दिखा दिया है कि इस तरह के अनुभव कितने दुखद और खतरनाक हो सकते हैं। आप का जन्म भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से हुआ था।

# गाजीपुर लैंडफिल से कचरा हटाने का काम धीमा: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को गाजीपुर लैंडफिल का दौरा किया और कहा कि इस जगह से कचरा हटाए जाने की गति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति के गठन के बाद उसकी मंजूरी से दो और एजेंसी की सेवाएं लेने का सुझाव दिया है, ताकि काम में तेजी लाई जा सके। तीन कंपनियों को एक संयुक्त उपक्रम के तहत गाजीपुर कूड़ा स्थल में कचरा शोधन का काम सौंपा गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से इन तीनों एजेंसी ने परियोजना पर काम शुरू किया है, उनके बीच विवाद है। उन्होंने कहा कि कूड़ा स्थल से कचरा हटाने की गति कतई संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा, पहले से ही एक अन्य एजेंसी को नियुक्त करने की योजना है, इसलिए मैंने उनसे कहा है कि वे एक के बजाय दो एजेंसी को नियुक्त करें, ताकि काम में तेजी आ सके और हम कचरे के इस पहाड़ को जल्द से जल्द साफ कर सकें। एक बार स्थाई समिति गठित हो जाए और दो नई एजेंसी को नियुक्त करने की मंजूरी दे दी जाए, तो हम इस बात पर विचार करेंगे कि मौजूदा एजेंसी की सेवा जारी रखी जाए या नहीं। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि एमसीडी ने स्थाई समिति की मंजूरी के लिए अपनी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है।

### ● स्थाई समिति के गठन के बाद उसकी मंजूरी से दो और एजेंसी की सेवाएं लेने का सुझाव दिया

नगर निगम के अधिकारियों ने कहा था कि गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए दिसंबर 2024 का लक्ष्य रखा गया है। गाजीपुर लैंडफिल में कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई वर्ष 2019 में 65 मीटर थी जो कुतुब मीनार की ऊंख्सई से महज आठ मीटर कम है। गाजीपुर स्थित कूड़े का पहाड़ वर्ष 2017 में ढह कर सड़क पर गिर गया था जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई थी।

## हिमाचल प्रदेश राहत कोष में दान किए 10 करोड़

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई तबाही के बाद राहत कार्यों के लिए शुक्रवार को राज्य के राहत कोष में 10 करोड़ रुपये दान किए। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बारिश से हुई तबाही के मद्देनजर दिल्ली सरकार से मदद मांगी थी। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

उपराज्याल विनयसक्सेना ने पुनर्वास कार्यों में मदद के लिए पिछले सप्ताह दिल्ली राहत कोष से हिमाचल आपदा राहत कोष 2023 में दान करने को मंजूरी दी थी। केजरीवाल ने दिल्ली सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपये का योगदान स्वीकार करें।

# वायु गुणवत्ता खराब होते ही जीआरएपी का पहला चरण लागू

### ● प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, ताप संयंत्रों, भोजनालयों में कोयले के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार की वायु गुणवत्ता समिति ने शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद अधिकारियों को होटल व रेस्तरां में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों व ताप ऊर्जा संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई का निर्देश दिया।

सर्दी के दौरान दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू की जाने वाली केंद्र सरकार की चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत यह कदम उठाया गया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) जीआरएपी को सक्रिय रूप से लागू करने के लिए जिम्मेदार एक वैधानिक निकाय है। आयोग के अनुसार पिछले 24 घंटों में क्षेत्र में वायु गुणवत्ता मापदंडों में अचानक गिरावट दर्ज की गई, जिससे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 212 यानी खराब श्रेणी में पहुंच गया।

आयोग ने एक बयान में कहा, क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयासों के तहत पूरे एनसीआर में तत्काल प्रभाव से जीआरएपी का पहला चरण लागू करने की आवश्यकता है।



दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के आधार पर जीआरएपी को चार चरणों में वर्गीकृत किया गया है। पहला चरण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201-300 यानी खराब होने पर लागू किया जाता है। दूसरा चरण एक्यूआई 301-400 (बहुत खराब) होने पर, तीसरा चरण एक्यूआई 401-450 (गंभीर) होने पर और चौथा चरण एक्यूआई 450 से अधिक (गंभीर से भी ज्यादा) होने पर लागू किया जाता है।

अधिकारियों को दिल्ली के 300 किलोमीटर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और ताप ऊर्जा संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने और होटल, रेस्तरां व खुले भोजनालयों के तंदूर में कोयले और जलावन लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी काम सौंपा गया है। दूसरे चरण में पार्किंग शुल्क बढ़ाना और सीएनजी/इलेक्ट्रिक बस और मेट्रो सेवाओं को बढ़ावा देना शामिल है।तीसरे चरण में बीएस-3 इंजन वाले और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने का प्रावधान है। चौथे चरण में सभी प्रकार के निर्माण और तोड़फोड़ कार्यों पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं करने का भी प्रावधान शामिल है।

### 200 एंटी स्मॉग गन तैनात करने की योजना

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली सरकार नौ अक्टूबर से शुरू होने जा रहे अपने धूल रोधी अभियान के तहत 200 से अधिक एंटी-स्मॉग गन तैनात करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पहले ही विभिन्न मंडल में एंटी-स्मॉग गन किराए पर लेनी शुरू कर दी हैं। एक अधिकारी ने बताया, पीडब्ल्यूडी के तहत लगभग 19 उप-मंडल हैं। उन्होंने अपनी आवश्यकता के अनुसार एंटी-स्मॉग गन की खरीद के लिए निविदाएं जारी की हैं। इस साल, हमने धूल से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 200 एंटी-स्मॉग गन तैनात करने की योजना बनाई है। पिछले साल, पीडब्ल्यूडी ने 150 एंटी-स्मॉग गन तैनात की थीं।*

# चितरंजन बने एनएसडी के निदेशक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रसिद्ध रंगकर्मी व कलाकार चितरंजन त्रिपाठी को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) का स्थायीय निदेशक नियुक्त किया गया है। संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय देश ही नहीं विश्व पटल पर रंगमंच के लिए स्थापित रंग संस्था है।



चितरंजन त्रिपाठी

एनएसडी के कुलसचिव प्रदीप कुमार मोहंती ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बीच रानावि के स्नातक ही निदेशक पद पर नियुक्त हुए हैं। चित्तरंजन त्रिपाठी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के 1996 बैच के स्नातक हैं। त्रिपाठी एनएसडी के 12 वें स्थायी निदेशक हैं। चितरंजन त्रिपाठी एनएसडी के 9वें स्नातक हैं, जिन्होंने निदेशक का पद भार सम्भाला है। चित्तरंजन त्रिपाठी एक कुशल निर्देशक, लेखक, अभिनेता और संगीतकार हैं । नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में शामिल होने से पहले हैदराबाद विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में एम.ए. पूरा किया, जहाँ अभिनय में विशेषज्ञता हासिल की । त्रिपाठी रंगमंच, टेलीविजन और फिल्म के क्षेत्र में एक पेशेवर निर्देशक, लेखक, अभिनेता, संगीतकार के रूप में एक जाना पहचाना नाम है।

## राहुल गांधी की तुलना रावण से करने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की रावण से तुलना करने पर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़का गए हैं। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। अरविन्दर लवली ने राहुल गांधी को भगवान राम अनुयायी बताते हुए कहा कि भाजपा भगवान राम का वोट के लिए इस्तेमाल करती है और राहुल भगवान राम में सच्ची आस्था है। लवली ने मोदी सरकार व भाजपा को पाश्चाता करते हुए रामचरित मानस को पढ़ना चाहिए।



भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता।

# पी-20 शिखर सम्मेलन यशोभूमि में 12 से, एलजी ने लिया सौंदर्यीकरण का जायजा

## उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने भारत मंडपम की तर्ज पर आईआईसीसी आसपास के विकास के लिए सभी विभागों में समन्वय बनाने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद अब 12 अक्टूबर से तीन दिवसीय पी-20 शिखर सम्मेलन हो रहा है। जिसमें जी-20 के सदस्यों के साथ ही 30 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वैश्विवैक सम्मेलन का उद्घटन टन करेंगे। यह सम्मेलन 12, 13 और 14 अक्टूबर को द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना शुक्रवार को आईआईसीसी और इसके आसपास की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन से प्रेरणा लेता है। पिछले 2 वर्षों से भी अधिक समय से इस क्षेत्र में हो रही निर्माण गतिविधियों के कारण आयोजन स्थल पर भूनिर्माण, सड़कों की मरम्मत, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का पुनरुद्धार आदि के काम अभी काफी शेष हैं। उपराज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आगे की रणनीति तय करने के लिए राज निवास में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। इस बैठक के बाद वह शुक्रवार को द्वारका की सड़कों पर उतरे।

उन्होंने भारत की विविध और समृद्ध कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले अत्याधुनिक, विश्व स्तरीय प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसर का निरीक्षण किया और परिसर के अंदर मौजूद सुविधाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परिसर के बाहर काफी कुछ करने की जरूरत है और परियोजना डेवलपर लार्सन एंड टुब्रो, दिल्ली विकास प्राधिकरण, एमसीडी और पीडब्ल्यूडी से आईटीपीओ में भारत मंडपम, जहां हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था, की तर्ज पर आपसी समन्वय बनाते हुए आईआईसीसी के आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के लिए कहा। उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ प्रतिनिधियों की आवाजाही के लिए यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की और निर्बाध परिवहन और यातायात संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा उपयोग में किए जाने वाले मार्ग से मलबा, बैरिकेड, क्रैश बैरियर और होर्डिंग्स को हटाने के लिए विशेष निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कंवेंशन सेंटर के गेट नंबर 6 के आसपास भूनिर्माण और सौंदर्यीकरण के अलावा, जहां से वीआईपी कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करेंगे, सभी नागरिक एजेंसियों और एनएचएआई से उस क्षेत्र को साफ रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस को कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास पीसीआर वैन, एंबुलेंस और फायर टेंडर की तैनाती का काम सौंपा गया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के चारों तरफ सही ब्रांडिंग साइनेज, झंडे लगाने के लिए पोल लगाने को भी कहा और विशेष रूप से गेट नंबर 1 और 4 के बीच खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री 13 अक्टूबर को करेंगे औपचारिक उद्घाटन

*नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि भारत जी20 देशों की संसद के पीठासीन अधिकारियों की आगामी बैठक पार्लियामेंट-20 के दौरान कनाडा के उच्च सदन सीनेट के स्पीकर के समक्ष सभी मुद्दे उठाएगा। द्वारका में 12 से 14 अक्टूबर तक इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' में आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन में 25 पीठासीन अधिकारियों और जी20 के सदस्य देशों तथा आमंत्रित देशों के 10 डिप्टी-स्पीकर के शामिल होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर को जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट (पी-20) का उद्घाटन करेंगे। पी-20 शिखर सम्मेलन में कनाडा का प्रतिनिधित्व सीनेट के स्पीकर रेमोंडे गैग्ने करेंगे।*

## किशोरी के यौन उत्पीड़न पर आरोपी को 12 साल की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने एक किशोरी के यौन उत्पीड़न के लिए एक 32 वर्षीय व्यक्ति को पोक्सो अधिनियम के तहत 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने कहा कि विकृत दिमाग के साथ बच्चों के खिलाफ यौन अपराध में लिप्त दोषी नरमी का पात्र नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बी. डागर, एम नरशिमा (अदालत के रिकॉर्ड में दर्ज नाम) के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपपत्र दायर किया है।अभियोजन पक्ष के अनुसार, नरशिमा ने नौ जुलाई, 2016 को और कई अज्ञात पूर्व तारीखों पर 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न किया।

# कायना मलिक के स्कूल में संवर रहा वंचित बच्चों का भविष्य

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**खुद 12वीं कक्षा की छात्रा है कायना मलिक, वंचित बच्चों को पढ़ाने की है ललक**

**घर की छत पर बच्चों को प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से देती हैं शिक्षा**

**कायना** मलिक...। वह खुद 12वीं कक्षा की छात्रा है। उसका अपनी पढ़ाई में पूरा फोकस और समर्पण देने का समय है। इसके बावजूद वह वंचित बच्चों को पढ़ाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने को लालायित है। बच्चों को भीख देने की बजाय उनमें ज्ञान का दीप जलाने को ही वह सही मानती है। अपनी सोसायटी में काम करने वाली नौकरानी की 7 साल की बच्ची वीरा के नाम पर कायना ने प्रोजेक्ट वीरा नाम रखा है।

सकारात्मक बदलाव लाने का जुनून और सांझा करने का उत्साह होना चाहिए, फिर कोई काम मुश्किल नहीं है। कायना मलिक ऐसे ही जुनून के साथ काम कर रही है। गुरुग्राम के तिगरा गांव के वंचित बच्चों को पढ़ाने के लिए अपने स्तर पर स्कूल चलाने वाली कायना मलिक की सोच और काम करने का जज्बा बड़ी उम्र वालों से भी कहीं अधिक है। उसमें सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का भंडार है। वह अपनी ऊर्जा को जनहित में लगाते हुए प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से शिक्षा की अलख जगा रही है। वह अपने आसपास की दुनिया में बदलाव लाने की सोच के साथ काम कर रही है। प्रोजेक्ट वीरा एक प्रभावी शुरुआत है। बच्चों को सिर्फ पढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि उनमें देशभक्ति का जज्बा पैदा करना, स्वस्थ रहने को योग सिखाना भी कायना के प्रोजेक्ट में शामिल है।



अपने स्कूल में बच्चों के साथ कायना मलिक।

कोविड के दौरान कायना मलिक ने प्रोजेक्ट वीरा के तहत वंचित बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई कराकर शिक्षा से जोड़े रखा। कायना ने प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से तिगरा गांव में उन वंचित बच्चों (ड्राइवरों, नौकरानियों, गार्डों के) तक स्कूल में अपनी शिक्षा का विस्तार करने के तरीके खोजे। 25-30 बच्चों और उनके माता-पिता से बात की। उनके लिए मनोरंजक शिक्षण पाठ्यक्रम की शुरुआत की। कायना कहती हैं कि शिक्षा हम सब का मूल अधिकार ही नहीं, एक कर्तव्य भी है। शिक्षा प्राप्त करना एक आजीवन प्रक्रिया है। यह बांटने से बढ़ती है। ज्ञान सांझा करने के लिए किसी व्यक्ति को एक योग्य शिक्षक होना अनिवार्य नहीं है।

# फिट रहने के लिए स्केटिंग भी है बेहतर खेलः सुंदर लाल यादव



गुरुग्राम के गांव गढ़ी-हरसरू में स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आरकेएसए मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से हुई स्केटिंग प्रतियोगिता**

**आरकेएसए** मल्टी स्पोर्ट्स एकेडमी ने जिला के गांव गढ़ी-हरसरू में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच सुंदर लाल यादव व समाजसेवी राजकपूर ने किया।

अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि अकादमी का खेल के विकास के प्रति समर्पण सराहनीय है। वह गुरुग्राम में खेल के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्केटिंग खेल बचपन से ही बच्चों को चुस्त-दुरुस्त बनाता है। बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है। प्रतियोगिता के साथ बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं। समाजसेवी राज कपूर ने कहा कि हमारी खेलों के प्रति अधिक रुचि होनी चाहिए। खेलों के माध्यम से हम आगे बढ़ सकते हैं।

बच्चों को उनकी रूचि के खेलों में शामिल करें। इस अवसर पर दयाराम चेयरमैन, पहलाद यादव वॉइस चेयरमैन, धर्मबीर यादव प्रधान मैपस्को कासा बेला सोसायटी, चन्द्रपाल यादव, दीपक यादव, राजेश यादव, मोगली यादव, रवि यादव, गोल्डन यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्केटिंग प्रतियोगिता में ब्लू बेल पब्लिक स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सन सिटी स्कूल ने दूसरा स्थान और यदुवंशी शिक्षा निकेतन सेक्टर-82 ने तीसरा स्थान पाया।

## सिकंदरपुर बढ़ा के विद्यालय को मिली कई सुविधाएं

**जमना** आटो इण्डस्ट्री द्वारा सिकन्दरपुर बढ़ा के शहीद सूबेदार पार्थ सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में अपने सीएसआर फंड से नया वाटर कूलर, चार अलमारी, एक ड्रम, नया इनवर्टर और बैट्री उपलब्ध कराया गया। कंपनी की तरफ से सीएसआर हेड संयम मराठा ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर स्कूल को यह सुविधा उपलब्ध करायी है। स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी और गांव के सरपंच सुन्दर लाल यादव ने कंपनी के सभी अधिकारियों का आभार जताया। कंपनी की सीएसआर हेड संयम मराठा ने बताया कि हमारी कंपनी ने डीसी गुरुग्राम के निवेदन पर जिले के पांच स्कूलों को गोद लिया है। स्कूल के अध्यापक मंजू यादव, दिनेश कुमार, मधु, दीपक यादव, ओमप्रकाश, राजू मेंबर सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 303 कालोनियों को एक साथ नियमित करने का फैसला ऐतिहासिक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक बोले, मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में नहीं है कोई अंतर**

**भविष्य में अवैध कालोनियां पनपने से रोकने को भी होगी सख्ती**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल द्वारा हरियाणा के 11 जिलों मे 21 पालिकाओं की 193 कालोनी, नगर एवं योजना विभाग की 110 कालोनियां नियमित करने की घोषणा को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने ऐतिहासिक बताया है। इस घोषणा से यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वे प्रदेश के हर नागरिक के भले के लिए सोचते ही नहीं, भला करते भी हैं।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 303 कालोनियों को नियमित करने की घोषणा के साथ यह भी घोषणा की है कि 31 जनवरी 2024 तक बाकी 509 बची पॉकेट की कालोनियों को भी नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक 9 साल में कुल 1438 कॉलोनी को नियमित किया गया है। यह बहुत बड़ा निर्णय है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि 1.80 लाख रुपये से कम आय वालों से प्लॉट या फ्लैट के आवेदन मांगे सरकार ने मांगे थे, जिसके लिए 2 लाख आवेदन आए हैं।



विधायक सुधीर सिंगला

जो कॉलोनियों नियमित होंगी, उनमें विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये रखे गए हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने इस निर्णय को भी बेहतर बताए है, जिसमें कालोनी को नियमित करने के लिए आरडब्ल्यूए की बजाय कालोनी के 5 लोग भी आवेदन कर सकते हैं। कालोनी नियमित होने के बाद आरडब्ल्यूए से औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। भविष्य में अनाधिकृत कालोनियां ना पनपें, इसके के लिए ड्रोन या सैटेलाइट इमेजिनरी के माध्यम से सर्वे किया जाएगा।

# शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मिले बोधराज सीकरी

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से चंडीगढ़ में उनके निवास स्थान पर बोधराज सीकरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के ऊपर विस्तृत चर्चा की। बोधराज सीकरी ने कहा कि न केवल धैर्य से उन्होंने मेरी बातों को सुना, बल्कि कुछ समस्याओं के निवारण का भी आश्वासन दिया। उनकी सौम्यता, उनकी सभ्यता, उनकी कार्यशैली वास्तव में प्रशंसनीय है। क्योंकि जिस तरीके से उन्होंने उनसे भेंट की, उनके व्यक्तित्व की एक बहुत सकारात्मक झलक है। शिष्टाचार मुलाकात करीब 40 मिनट तक डॉ. कमल गुप्ता के निवास स्थान पर चली। इस दौरान गुरुग्राम से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से मुलाकात करते बोधराज सीकरी।

# दिल्ली-जैसलमेर के बीच शुरू हुई ट्रेन का गुरुग्राम में भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रेल** यात्रियों की सुविधा के लिए जैसलमेर-दिल्ली रुणिचा एक्सप्रेस शुक्रवार से शुरू हुई। ट्रेन सुबह गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन का रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल व भाजपा नेता नवीन गोयल समेत सेंकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान स्टेशन पर फैले फूल व अन्य सामान की नवीन गोयल के साथियों ने सफाई भी की।

केंद्रीय नेतृत्व, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय संसदीय बोर्ड व केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या बहन डॉ. सुधा यादव का गुरुग्राम की जनता की तरफ से आभार जताते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि जैसलमेर-दिल्ली-जैसलमेर के लिए यह ट्रेन लाइफ लाइन बनेगी। एक ही ट्रेन से लंबी दूरी की यात्रा करने वालों के लिए काफी सहूलियत हो गई है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि खाटू श्याम जी की नगरी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह ट्रेन फायदेमंद रहेगा। इस अवसर पर गजेंद्र गुप्ता, सतीश चोपड़ा, राकेश तंवर, विनोद गहलोत, जगदीश सिक्का, आकाश शर्मा, उमरावत केदार, संदीप भादवाज, बाली पंडित, ललित क्रांतिकारी, अजय शर्मा, नेतराम पांचाल, रवि शर्मा, शमीम खान, विद्यानंद समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम में दिल्ली-जैसलमेर ट्रेन का कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

**रेल नेटवर्क में भारत अग्रणी देशः** **नवीन गोयल** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्रामवासियों की लंबे समय की दिल्ली जैसलमेर ट्रेन की मांग पूरी हुई है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में ट्रेन सेवाओं में ऐतिहासिक बदलाव आए हैं। हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत, तेजस का संचालन करके देश को तोहफा दिया गया है।

# तोड़फोड़ करके लौट रहा डीटीपीओ का लोगों ने किया घेराव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पीड़ित परिवार ने सोहना विधायक संजय सिंह पर साधा निशाना**

**शहर** के आबादी क्षेत्र के बीचों बीच एक मात्र चार दीवारी को जेसीबी चलाकर लौट रहा जिला नगर योजनाकार विभाग के काफिले को स्थानीय नागरिकों को घेराव करके रोका। प्लाट मालिक के परिजनों ने सोहना विधायक संजय सिंह के इशारे पर डीटीपीओ पर बिना नोटिस दिए कार्रवाई करने आरोप लगाया है। जबकि लोगों के घेराव में डीटीपीओ ने राजनीति दबाव न होने की बात कहते हुए मौके से अपनी टीम को लेकर चलेगा गया।

शुक्रवार को शहर के वार्ड पांच की फ्रेंड्स कॉलोनी में एक मात्र प्लाट की चार दीवारी गिराने के बाद लौटने लगा डीटीपी विनेश के काफिले को स्थानीय नागरिकों ने आम रास्ते में घेराव करते हुए रोक लिया। जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारी के वाहनों को आगे नहीं बढ़ने दिया। देखते-देखते प्लाट मालिक के परिजन समेत आस पास से 50 से 60 लोग आ गए। जिन्होने एक ही मात्र प्लाट की चार दीवारी गिराने का कारण पूछा गया। लेकिन मौके पर मौजूद डीटीपीओ विनेश ने लोगों द्वारा किए गए सवालों का जबाव पूर्व में नोटिस देने की बात कहते हुए संतुष्ट करना चाहा।



डीटीपीओ विनेश से अधिवक्ता तोड़फोड़ किए जाने को लेकर आम रास्ते में खड़े होकर सवाल जबाव करते हुए।

इसी दौरान सोहना बार एसोसिएशन के प्रधान ललित राघव अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर आ गए। जिन्होने भी डीटीपीओ पर उक्त कार्रवाई को लेकर सवाल जबाव किए। 10 से 15 मिनट तक आम रास्ते में बहसबाजी होने और भीड़ में लोगों की संख्या को देखत डीटीपीओ विनेश अपनी टीम को लेकर चले गए।

**विधायक पर लगाया कार्रवाई कराने का आरोप :** प्लाट मालिक सुभाष बंसल के छोटे भाई दीपक बसंल ने बताया कि उनका प्लाट वैध कॉलोनी में है। लेकिन राजनीति के तहत उनके प्लाट की चार दीवारी बार-बार अवैध बताकर डीटीपीओ द्वारा ध्वस्त की जा रही है। पांच माह में तीसरी बार प्लाट की चार दीवारी को गिराया है। जिसका उन्हे पूर्व में डीटीपीओ कार्यालय से किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया जाता है। जिस प्लाट पर कार्रवाई उनकी टीम द्वारा कराई गई है।

वह अवैध होने और प्लाट मालिक को चार दीवारी गिराने से पहले नोटिस दिए जाते है। उनके ऊपर किसी भी राजनीति का दबाव नहीं है। उक्त आरोप झूटें और बेबुनियाद है। जिसके ऊपर वैध होने तक कार्रवाई होती रहेगी। उनकी टीम ने कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है। **(विनेश-डीटीपीओ)**

# हरियाणा व बिश्नोई समाज की प्रगति में चौ. भजनलाल का अतुलनीय योगदान

**गुरुग्राम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि हरियाणा व बिश्नोई समाज की प्रगति में चौ. भजनलाल का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि हम सबको एकजुटता से रहकर स्व. चौ. भजनलाल के अधूरे कार्य पूरे करने हैं। वे शुक्रवार को यहां सेक्टर 31 में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल 93वीं जयंती पर स्व. चौधरी भजनलाल स्मृति सदन का उद्घाटन एवं उनकी प्रतिमा लोकार्पण के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बुड़िया ने की। अपने संबोधन में कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि यह समाज के लिए बड़ा भावनात्मक एवं गौरवशाली पल है कि उन महान शख्स की जयंती पर इस साइबर सिटी में हम सदन का लोकार्पण कर रहे हैं, जिन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए गुरुग्राम के औद्योगिक विकास का खाका तैयार किया था। हम उनकी दूरदर्शी सोच से विकसित इस साइबर सिटी में यह भव्य भवन समाज को आज समर्पित कर रहे हैं। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और एक ऐसी जगह पर स्थित है जहां आसपास बड़े शिक्षण संस्थान, बड़े अस्पताल और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के दफ्तर मौजूद हैं। देश के विभिन्न कोनों से गुडग़ांव दिल्ली आने वाले समाज के छात्रों, व्यापारियों, इलाज के लिए आने वाले मरीजों सहित आमजनमानस को इससे बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद जसवंत बिश्नोई, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, विधायक दुड़ाराम, विधायक भव्य बिश्नोई, विधायक बिहारी लाल, विधायक सलील बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



गुरुग्राम में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल की 93वीं जयंती समारोह में बोलते पूर्व सांसद एवं उनके पुत्र कुलदीप बिश्नोई।

# एमजी मोटर इंडिया मना रहा है 100 सालों का जश्न, ग्राहकों के लिए आकर्षक फेस्टिव बेनिफिट्स की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**100 साल** की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली प्योर-इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी जेडएस ईवी के लिए नई कीमतें पेश की हैं। एमजी की फ्लैगशिप ईवी का एक्साइट वैरिएंट अब 22.88 लाख रुपये, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव प्रो वैरिएंट क्रमश: 24.99 लाख रुपये और 25.89 रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमतों पर उपलब्ध है। वैश्विक स्तर पर सफल ईवी एसयूवी 50.3 किलोवॉट प्रिज्मैटिक सेल बैटरी के साथ आती है। भविष्य के डिजाइन के आधार पर, जेडएस ईवी को हाल ही में एडीएस (एडॉस) लेवल 2 के साथ पेश किया गया था और यह सुरक्षा और सुविधा के एक सेट के साथ आता है। भारत में लांच होने के बाद इंटेलिजेंट ईवी को 25 करोड़ किलोमीटर से अधिक चलाया जा चुका है और इसने लगभग तीन करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन बचाया है।



हाल की तिमाहियों में पर्याप्त लॉजिस्टिक बचत और चुनिंदा उत्पादन सामग्री (कच्चे माल) की लागत में कमी के साथ सप्लाई चेन को व्यवस्थित बनाने ने कंपनी को फेस्टिव सीजन में ग्राहकों के लिए को स्पेशल प्राइसिंग (विशेष मूल्य निर्धारण) को बढ़ाने की अनुमति दी है।

अपनी 100वीं वर्षगांठ के तहत, कंपनी ने ग्राहक लाभ/कस्टमर्स बेनिफिट्स और ऑफर्स की एक विस्तृत रेंज भी पेश की है। कंपनी ने हाल ही में भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी, एमजी हेक्टर पर सीमित समय के लिए स्पेशल एनिवर्सरी प्राइसिंग की घोषणा की है। पेट्रोल वैरिएंट अब 14.72 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि डीजल वैरिएंट 17.98 लाख रुपये से शुरू होता है। यह अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करने के लिए मैन्यूफैक्चरर्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

एक ग्राहक-केंद्रित ब्रांड के रूप में जो उच्चतम मूल्य प्रस्ताव और एक रिवॉर्डिंग ओनरशिप एक्सपीरियंस (पुरस्कृत स्वामित्व अनुभव) प्रदान करने में विश्वास करता है। ये उत्सव एमजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

कंपनी ग्राहकों को इन ऑफर्स का लाभ उठाने और एमजी के साथ फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी (गतिशीलता का भविष्य) का अनुभव करने के लिए अपने निकटतम एमजी मोटर इंडिया की डीलरशिप और https://www.mgmotor.co.in/ पर जाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# पीएफटीआई ने अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने की मुख्यमंत्री से की मांग

**गुरुग्राम।** प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी ने प्रदेश के सभी अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने की मांग राज्य सरकार से की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा है।

दीपक मैनी ने कहा कि प्रदेश में स्थित विभिन्न अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने की लंबे समय से मांग की जा रही है। वह पिछले पांच वर्ष से विभिन्न मंचों के माध्यम से इस मुद्दे को लगातार उठाते आ रहे हैं। इस मामले में सरकार को जल्द से जल्द ठोस कदम उठाना चाहिए। ऐसा होगा तो इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। दीपक मैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने को लेकर चार वर्ष पहले एक योजना तैयार की थी। इसके अंतर्गत कहा गया था कि जिन अनियमित क्षेत्रों में 70 प्रतिशत तक औद्योगिकरण हो चुका होगा उन सभी को नियमित किया जाएगा। सरकार की ओर से अनियमित औद्योगिक क्षेत्रों के सर्वे का काम शुरू कराया गया था। सर्वे एजेंसी आरएसआई द्वारा फरीदाबाद, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर जिले में सर्वे का काम पूरा कर रिपोर्ट प्रदेश सरकार को काफी पहले सौंप दिया गया है। इसके बाद भी इस दिशा में अभी तक आगे कोई प्रगति नहीं हुई है। गुरुग्राम में सर्वे का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। यहां दौलताबाद, कादीपुर, बसई रोड, पटौदी रोड और बेगमपुर खटोला जैसे अनियमित औद्योगिक क्षेत्र में यहां पर बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईयां हैं। इन औद्योगिक क्षेत्र में लाखों की संख्या में मजदूर कार्यरत हैं।



दीपक मैनी।

# अमेजन एक्सपीरिएंस एरेना के साथ हुई उत्सव की शुरुआत; दिल्ली में दिखी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 की झलक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेजन** इंडिया ने आज दिल्ली और एनसीआर में अपने ग्राहकों के लिए 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' के शुरुआत की घोषणा की है। यह ईवेंट 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के तहत आयोजित किया जा रहा है यहां प्राइम मैंबर्स को 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा। 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मीडिया, इन्फ्लुएंसर्स और ग्राहकों को मजेदार कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ ही अपने पसंदीदा ब्रांडों और उत्पादों का अनुभव प्राप्त करने का मौका मिला। इवेंट में सभी सात इंटरैक्टिव जोन में, ग्राहकों ने रोमांचक पुरस्कार जीतने और विभिन्न कैटेगरी में अपने पसंदीदा उत्पादों की जानकारी प्राप्त करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा की।

'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' 12 अक्टूबर, 2023 को राजस्थान के जयपुर पहुंचेगा। इसके बाद पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता में इसका आयोजन किया जाएगा।




आदमकद बॉक्स के रूप में तैयार 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' एक दिन के लिए पूरे शहर के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान, ग्राहक उत्पादों के विशाल संग्रह और तेज एवं विश्वसनीय डिलीवरी का लाभ मिलेगा। इसी के साथ ही वे शानदार कीमत और डील्स का आनंद भी उठा पाएंगे। इस दौरान ग्राहकों को किराना, फैशन एवं ब्यूटी, स्मार्टफोन, लार्ज अप्लायंसेस और टीवी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स आदि कैटेगरी में रोमांचक ऑफर के साथ 5,000 से अधिक नए लॉन्च का भी फायदा मिलेगा। ग्राहक एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा ईएमआई लेनदेन पर 10% तक के इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर रोमांचक ऑफर* प्राप्त कर सकते हैं।

अमेजन फैशन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, ''अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 खरीदारी का एक बेमिसाल अनुभव प्रदान करने के लिए जाना जाता है, और इस साल यह पहले से बड़ा और बेहतर होने जा रहा है। दिल्ली में 'अमेजन एक्सपीरियंस एरेना' की शुरुआत के साथ ही, हम अपने ग्राहकों को अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान मिलने वाली रोमांचक डील्स और ऑफ़र की एक अनूठी झलक प्रस्तुत करने के लिए बेहद रोमांचित हैं। फैशन एवं ब्यूटी के प्रति उत्साही ग्राहकों के लिए, हम Amazon.in पर 50 से अधिक ब्रांडों के हजारों नए प्रोडक्ट लॉन्च करने जा रहे हैं।

# एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर माता पिता का सपना पूरा किया : रिदम सांगवान

विनोद शर्मा। फरीदाबाद

## डीएसपी की बेटी को बचपन से ही था शूटिंग का शौक

**चीन** में एशियन गेम्स में 25 मीटर एयर फायर पिस्टल ग्रुप में रिदम सांगवान ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया है। फरीदाबाद की बेटी रिदम सांगवान ने पायनियर से खास बातचीत की। उनका कहना है कि इंटरनेशनल स्टेज पर देश का नाम रोशन करके बहुत खुशी महसूस हो रही हैं। अपनी मां को जीत का श्रेय देते हुए उन्होंने बताया कि मां ने ही मुझे खिलाड़ी बनाया है।

फरीदाबाद की गोल्डन बेटी रिदम सांगवान ने बताया जब हम लोग यहां से गए तो मन में अपना बेस्ट देने के बारे में सोचा था। निशाना लगाते समय भी अपना बेस्ट देने की बात दिमाग में थी, इसी वजह से टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। मैच होने के करीब एक घंटे बाद हमको पता चला कि गोल्ड जीता है। उन्होंने बताया कि परिवार और देश का नाम रोशन करके खुशी हुई, पूरी टीम ने बेहतर काम किया।

**कैसे शूटिंग का खेल चुना :** रिदम सांगवान अब तक देश के लिए 28 इंटरनेशनल मेडल और करीब 30 नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पापा हरियाणा पुलिस में डीएसपी के पद पर हैं, गन और बारूद के आसपास पली हुई हूं, गन का बड़ा शौक था। फिर जब शूटिंग रेंज गई तो वहां भी बहुत अच्छा लगा। इसके बाद मैंने गेम शुरू कर दिया। हालांकि पहली बार जब गन पकड़ी थी, तब बहुत भारी लग रही थी। रिदम ने कम समय में शूटिंग में अच्छी पकड़ भी बना ली।




**रिदम को मां ने बनाया खिलाड़ी :** रिदम सांगवान बताती हैं मेरी मां भी स्कूल टाइम में अच्छी प्लेयर रहीं। हालांकि वे आगे खेल नहीं सकीं। उन्होंने अपनी कमी मुझ में पूरी की और मुझे अच्छा खिलाड़ी बना दिया। अब गोल्ड जीतकर मैंने उनका सपना पूरा कर दिया है। गोल्ड मेडल जीतने पर मां काफी खुश हैं। रिदम अपनी पढ़ाई पर भी बहुत ध्यान देती हैं, वे बोर्ड परीक्षा को याद करते हुए बताती हैं कि 12वीं की परीक्षा के समय मां ने कहा था कि इतने नंबर ले आना कि केवल पास हो जाओ। लेकिन परीक्षा में उन्होंने मेहनत की और 95 फीसदी से पास हुईं। उनका कहना है कि वे पढ़ाई और खेल दोनों में सामंजस्य बनाकर चलती हैं।

हरियाणा में खिलाड़ियों के योगदान और सरकारी मदद के बारे में रिदम का मानना है कि सरकार को खिलाड़ियों की मदद करनी चाहिए। खिलाड़ी बड़ी मेहनत से देश को मेडल दिलाते हैं, इंटरनेशनल स्तर पर देश का नाम रोशन करते हैं। ऐसे में, जो वे डिजर्व करते हैं, जो हक का है, वो उनको मिलना चाहिए। खिलाड़ियों की फाइनेंशली स्थिति हमेशा ठीक नहीं रहती है, वे स्ट्रांग नहीं हो पाते हैं तो उनके लिए महत्वपूर्ण है कि सरकार उनको मदद करे।

# घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय मासूम को बाइक ने कुचला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हसनपुर** थाना क्षेत्र के गुडंवास में घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय बच्ची बाइक की चपेट में आ गई। बाइक बच्ची के ऊपर से उसे कुचलते हुए निकल गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बच्ची के पिता संदीप की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना के पुलिस जांच अधिकारी मोहम्मद आरिफ के अनुसार, जिला पलवल के हसनपुर थाना क्षेत्र के गुडंवास निवासी संदीप ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी दो वर्षीय बेटी मानवी घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान अचानक गली में गांव का ही निवासी मुनफेद बाइक लेकर आया और उसकी बेटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक बच्ची के ऊपर से गुजर जाने के कारण मानवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पलवल ले जाया गया। इलाज के दौरान मानवी ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना में लगी चोटों कारण बच्ची की मौत हुई है। पुलिस ने संदीप की शिकायत पर बाइक सवार मुनफेद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## 10 माह के बच्चे की संदिग्ध मौत



**संदिग्ध हालात में दस माह के बच्चे की मौत :** वहीं कोलीवाड़ा में 10 माह के बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। एम्स शाखा की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक बच्चे के परिजनों ने एसडीएम बल्लभगढ़ से लिखवाकर ले आए कि उनको कोई कार्रवाई और पोस्टमार्टम नहीं करवाना है। जिसके बाद अस्पताल ने बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया। बेड से गिरने के करण बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

कोलीवाड़ा निवासी राजकुमार ने बताया कि 10 महीने का बच्चा बीनू बेड से गिरने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको वह उपचार के लिए एम्स शाखा की इमरजेंसी में लेकर आए। जहां डॉक्टर प्रदीप बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि बच्चा बेड पर से गिरने की वजह से घायल हो गया था, लेकिन डॉक्टर के अनुसार बच्चे की नाक के झाग आ रहा था, जोकि कोई जहरीला पदार्थ खाने के बाद आता है। इसपर डॉक्टर ने इसकी सूचना पुलिस चौकी अग्रसेन को दी। अग्रसेन चौकी के इंचार्ज श्रीराम का कहना है परिजनों द्वारा एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद द्वारा पत्र लिखकर ले आए कि उनको कोई पोस्टमार्टम और कार्रवाई नहीं करवानी है।

# स्काउटिंग में पलवल को हरियाणा में द्वितीय स्थान सहित आठ अवार्ड



**पलवल।** हरियाणा राज भवन चंडीगढ़ में भारत स्काउट एंड गाइड्स द्वारा आयोजित 43वी वार्षिक बैठक में संस्था के अध्यक्ष राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा जिला पलवल को द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पलवल रामदीया गगत तथा बीएसजी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डीईओ अशोक बघेल ने बताया संस्था के राष्ट्रीय आयुक्त केके खंडेलवाल, सचिव मनीराम शर्मा आईएएस, श्रम आयुक्त हरियाणा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एलएस वर्मा, रोमा सपरा के नेतृत्व में आयोजित वार्षिक बैठक में जिला पलवल की सभी स्काउटिंग गतिविधियों आंकलन करते हुए राज्य में द्वितीय स्थान के साथ-साथ ज्ञानचंद प्रबंधक एचजीएम गुरुकुलम पब्लिक स्कूल होडल को थैंक्स बेज सम्मान, जिला प्रशिक्षण आयुक्त हरीश चंद, प्रवक्ता अंग्रेजी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल, स्काउट मास्टर प्रभु लाल, हिंदी प्रवक्ता राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय होडल, रोहताश गणित प्रवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंदहद मौजूद थे।

# कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**साइबर** अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटिजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने अपनी टीम के साथ सेक्टर-7डी स्थित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में 750 छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य अनुपमा व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बताया कि आजकल साइबर अपराध से लोगों को नए-नए तरिके से ठगा जा रहा है। जिसमें ठग सिम को 5जी में बदलने के लिए कॉल, होम लोन के कॉल, लाटरी के कॉल इत्यादि के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे है। हम किसी को भी फोन पर ओटीपी सीसीवी नंबर, एटीएम नंबर, किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और पेमेंट के लिए क्यूआर कोर्ड ने भेजें। उन्होंने बताया कि सेल बच्चों को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम, यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है।

प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सकें और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में आजकल मुख्य रुप से सोशल मीडिया से होनो वाले क्राइम को देखते है। इसलिए सभी विद्यार्थी को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम से सावधान रहने व साइबर क्राइम से जागरुक रहने की आवश्यकता है। जिसमे बच्चे अपना अहम योगदान दें।

इसके साथ ही विद्यार्थी को साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी की वारदात घटित हो जाती है तो वह तुरंत इस नंबर पर संपर्क करें और उन्हें अपने साथ हुई साइबर ठगी के बारे में जानकारी दें। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाकर आपकी रकम आप तक वापस पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के स्टाफ ने पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराध के बारे में दी।

# छत पर खेलते हुए हाईटेंशन तार से झुलसा बच्चा

## कपड़े-चेहरा जला, पांव में फ्रेक्चर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिलपत** इलाके में घर की तीसरी मंजिल के ऊपर से गुजर रही बिजली की 11 हजार हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से 11 साल का मासूम बच्चा बुरी तरह झुलस गया। उसका फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके एक पांव में फ्रेक्चर भी हुआ है।

तिलपत इलाके में रहने वाली महिला हंसा ने बताया कि वह मूलरूप से आजमगढ़ यूपी के रहिसिंहपुर की रहने वाली है और फिलहाल वह परिवार समेत किराए के मकान में रहती हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें 11 साल का मोनू और छह साल की बेटी अन्नू है। उनके पति श्यामलाल सऊदी अरब में टैक्सी ड्राइवर का काम करते हैं। उनके पति लगभग दो साल से देश से बाहर हैं।

महिला ने बताया कि उसका बेटा मोनू कक्षा दो में पढ़ता है। देर शाम वह पढ़ने के बाद घर आया। घर की छत पर खेलने लगा। छत के ऊपर से बिजली की हाई टेंशन तारें गुजर रही हैं। अचानक से मोनू बिजली की तारों की चपेट में आ गया। वह घटना के समय घर में काम कर रही थी। अचानक जोर का धमाका हुआ और चारों तरफ धूआ ही धूआ नजर आने लगा। धूआ छटने के बाद उसने देखा तो उनका बेटा मोनू बुरी तरह से झुलसा हुआ था।



बिजली के करंट से मोनू के पहने कपड़े जल चुके थे। वह पहचान में भी नहीं आ रहा था। पड़ोसियों की मदद से वह मोनू को लेकर बादशाह खान अस्पताल पहुंची। डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. चारू ने बताया कि मोनू हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसा हुआ था। उसके पैर में फ्रेक्चर भी आया है। उसे दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए।

# बीटेक दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग 13 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न बीटेक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 13 अक्तूबर को एक और ओपन काउंसलिंग आयोजित करेगा, जिसके लिए पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

यह निर्णय हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस), पंचकूला द्वारा जारी निर्देश की अनुपालना में लिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ओपन काउंसलिंग बीकेट तथा बीटेक (लीट) पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित की जा रही है और दाखिला रिक्त सीटों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। ओपन काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों को 11 अक्तूबर को दोपहर तीन बजे तक निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ अकादमिक शाखा में आवेदन फार्म जमा करवाना होगा। अभ्यार्थियों को प्रत्येक श्रेणी (एआईसी/टीएफडब्ल्यू/ईडब्ल्यूएस/केएम) में अलग से आवेदन करना होगा। ऐसे पात्र अभ्यर्थी जो दाखिले के लिए पहले आवेदन कर चुके है, उन्हें भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए पुन: आवेदन करना होगा। सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं।

# गांव बामनीखेड़ा में की जाए 16 घंटे बिजली आपूर्ति : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को लगाई फटकार

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य हुआ है। आज योग्य युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास नहीं जाते अपितु अपनी योग्यता के आधार पर नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। यह बात केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव नांगलजाट में अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उसके बाद गुर्जर ने किोट, आलीमेव, भमरोला जोगी में भी ग्रामीणों के बीच जाकर उनके साथ संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने लोगों की परेशानियों को जाना और उन समस्याओं का तुरंत प्रभाव से निदान करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ विधायक प्रवीण डागर तथा बीजेपी जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे। श्री गुर्जर ने इससे पूर्व गांव बामनीखेडा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नए भवन का विधिवत शिलान्यास भी किया। चार करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस भवन के कार्य को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य के लोकसभा के सभी सदस्यों, मंत्री मंडल के सभी सदस्यों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आने वाले समय में विधानसभा के सभी सदस्यों द्वारा भी हरेक गांवों में इसी प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2014 से अब तक वर्तमान सरकार द्वारा गांवों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी रखना तथा गांवों की शिकायतों व समस्याओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष पहुंचाकर जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं का समाधान करना जनसंवाद कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है। गांव बामनीखेड़ा के रेलवे ओवरब्रिज को भी दिसंबर माह तक पूर्ण करवाकर जनता को सपर्पित कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर नल से जल योजना के तहत वर्ष 2024 तक हरेक घर में पीने का पानी पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा अक्टूबर माह के अंत तक बामनीखेड़ा से रूंधी तक बनाए जा रहे मार्ग के कार्य को भी पूर्ण कर लिया जाएगा। बिजली विभाग की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि गांव बामनीखेड़ा को हर हाल में 16 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए।



उन्होंने कहा कि जिला परिषद की चेयरपर्सन आरती रावत गांव नागलजाट में एक करोड़ की लागत से एक भव्य चौपाल का निर्माण करवाएं। उन्होंने विकास कार्य करवाने के लिए कोट गांव को 20 लाख, नागलजाट को 10 लाख तथा आलीमेव में 15 लाख रुपए सांसद कोष से देने की घोषणा की। लोगों की सहूलियत के लिए कोट व आलीमेव गांव में बैंक की शाखा खुलवाने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। कोट व आलीमेव गांव की पूरी फिरनी में स्ट्रीट लाइट लगवाने, कोट गांव में 2 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से जोहड का सौंदर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए गए। श्री गुर्जर ने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे महाग्राम योजना के अंतर्गत आने वाले गांव कोट के हर एक घर में पीने के पानी अति शीघ्र उपलब्ध करवाएं। गांव आलीमेव में अमृत योजना के तहत चार करोड़ 19 लाख रुपए का टेंडर लग चुका है, जल्द ही पीने के पानी की किल्लत को दूर कर दिया जाएगा। होडल से नूंह तक के सड़क को चार लेन बनाया जाएगा। इसी गांव में 40 लाख स्कूल की चारदीवारी निर्माण के लिए मंजूर किए गए हैं, जल्द ही कार्य शुरू होगा। गांव में 20 करोड रुपए की लागत से सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दें। बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल अवश्य भेजें। गांव भमरोला जोगी के सरकारी स्कूल की चारदीवारी के लिए आठ लाख की मंजूरी मिल चुकी है, जल्द ही यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा। गुर्जर ने गांव भमरोला जोगी, कलसाडा और भंगूरी को विकास कार्य पूरा करवाने के लिए सांसद कोष से 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने भंगूरी रजवाहे को पक्का करने के निर्देश दिए तथा नॉर्म्स पूरा होने पर सरकारी स्कूल को अपग्रेड करने की बात कही।

जनसंवाद कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा, एसडीएम लक्ष्मी नारायण, जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि मनोज रावत, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी गौरव गौतम, कोट के सरपंच प्रतिनिधि बिलाल, नांगलजाट के सरपंच टेकचंद, बामनीखेड़ा के सरपंच मुकेश तंवर, शीशपाल कड्डन, आलीमेव के सरपंच प्रतिनिधि हाजी जान मोहम्मद, गांव भमरोला जोगी सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र, हरियाणा सहरावत पाल के अध्यक्ष सहजराम सहरावत, गांव नांगल ब्राह्मण के सरपंच जितेंद्र बघेल सहित गांवों के प्रबुद्धजन, आस-पास के गांवों के पंच-सरपंच, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बल्लभगढ़ की टीम ने ओयो चेक कर रिकॉर्ड मेंटेन के निर्देश दिए



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल, बैंक और धर्मशाला, ओयो इत्यादि को चेक करने दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लभगढ़ प्रभारी ने और उनकी टीम एरिया में आने वाले ओयो होटलों को चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सर्च अभियान के तहत थाना शहर बल्लभगढ के प्रबंधक इंस्पेक्टर सतीश कुमार और पुलिस चौकी सेक्टर-3 इंचार्ज की टीम ने चौकी के एरिया में आने वाले ओयो को चेक किया और सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत कराया। साथ ही हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें। ओयो के एरिया में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। इसके साथ साथ आने जाने वालों की आईडी के साथ एंट्री होनी चाहिए और रजिस्टर तारीख वाइज मेंटेन होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को बिना आईडी के होटल में रुकने नहीं दिया जाए। बाहरी, अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को तुरंत सूचित करें।

## 100 मीटर दौड़ में दक्ष ने पाया पहला स्थान

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कों की एथलेटिक्स, योग और कुश्ती सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं 100 मीटर दौड़ में दक्ष पहले, अंश दूसरे और नकुल तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अश्वनी पहले, हर्ष दूसरे, सचिन तीसरे और कुनाल चौथे स्थान पर रहा। वहीं, लड़कियों की कुश्ती में झलक ने 22 किलो में, काव्या तंवर ने 30 किलो में और रीता ने 34 किलो से अधिक भार वर्ग में विजयी रही। दुष्यंत 30 किलो और नितिन 34 किलो अधिक भार वर्म में पहले स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में अश्वनी पहले, हर्ष दूसरे, सचिन तीसरे और कुनाल चौथे स्थान पर रहा। 400 मीटर दौड़ में हर्ष पहले, लोकपाल दूसरे, शिवम तीसरे और अनंत चौथे स्थान पर रहा। शॉटपुट में आरव चौधरी पहले, आदित्य कुमार दूसरे और युवराज तीसरे स्थान पर रहा। 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में घन पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम, कारमेल कान्वेंट पब्लिक स्कूल की टीम दूसरे और राजकीय प्राथमिक विद्यालय खंदावली की टीम तीसरे स्थान पर रही। फ्लोर एक्सरसाइज में भूमिका और आराध्या संयुक्त रूप से पहले व वंशिका व एंजेल ने दूसरे स्थान पर रही। बैलेंसिंग बीम इवेंट में भूमिका व आराध्या पहले, एंजेल व भूमि दूसरे और भूमि व कृष्का संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। टीम चैंपियनशिप में एमडीआईएस सेक्टर-89 की पहले, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल चार्मवुड की टीम दूसरे और मानव रचना स्कूल सेक्टर-14 की टीम तीसरे स्थान पर रही। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान राज्य प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया गया। योग में समृद्धि, एंजेल, आराध्या मित्रा, श्रेष्ठा शर्मा, रिषिका झा व अर्पिता, सुगंधा का चयन किया गया है। बालकों में आयुष सिंह, कश्यप, आयुष रावत, सुगीत गिरी, प्रशांत व सक्षम तिवारी, अंश का चयन किया गया।

## एनजीएफ कॉलेज की एबीवीपी की इकाई घोषित



**पलवल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल द्वारा एनजीएफ कॉलेज इकाई वर्ष 2023-24 की घोषणा जिला संयोजक सागर डागर की अध्यक्षता में की गई। वहीं नगर मंत्री शिवम मेहरा ने बताया एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जो लगातार 365 दिन छात्र हित के साथ-साथ कॉलेज कैंपस में रचनात्मक और सामाजिक जीवन की बेहतरी एवं सुरक्षा को ध्यान में रखकर निरंतर कार्य करता है। जिसमें कॉलेज इकाई अध्यक्ष मोहित सौरोत व कार्यकारी अध्यक्ष आर्यन सरदाना, उपाध्यक्ष सागर छाबड़ी, विक्की छाबड़ी व करण शर्मा, इकाई मंत्री चांदनी और तुषार शर्मा, सह सचिव तुषार ठाकुर, विशाल, तरुण डागर, एसएफएस संयोजक हेमंत और आकांशु, एसएफडी संयोजक दीपिन और गौरव जाखड़, खेल आयाम संयोजक मनीष और विवेक, आरकेएम संयोजक पंकज और अमन, मीडिया संयोजक धीरज, रोहित व सचिन, एनएसएस संयोजक भोलू और मोंटी, एनसीसी संयोजक कुलदीप और उत्तम, कार्यकारिणी सदस्य नितिन बासट्टा, मोहित, नितिन, वेदपाल, लवकेश ठाकुर को बनाया गया। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुमित राणा ने बताया कि हम आशा करते हैं कि सभी नवनियुक्त कार्यकर्ता छात्र हित-राष्ट्र हित के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, सचिन, मोहित गर्ग, हितेश, नरेंद्र सरदाना, राहुल, राकेश, ललित ठाकुर, मनमोहन, प्रवीण, प्रिंस, शिव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में बताया गेहूं और सरसों की पैदावार बढ़ाने का तरीका



**पलवल।** पलवल के गांव सिहौल स्थित धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में शुक्रवार को गेहूं और सरसों की पैदावार बढ़ाने के विषय को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं डीएआरटी के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत सिंह तोमर, डॉ. डीएस.पाठक, जितेंद्र कुमार, दीपक वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विश्वास वैभव, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. राजेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद थे। डॉ. बीएस सहरावत ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि गेहूं की खेती के लिए समशीतोष्ण जलवायु की आवश्यकता होती है, इसकी खेती के लिए अनुकूल तापमान बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेंटीग्रेड उपयुक्त माना जाता है। गेहूं की बुवाई समय से और पर्याप्त नमी में करनी चाहिए। जिससे गेहूं का अंकुरण अच्छी तरह से हो सके। देरी से पकने वाली प्रजातियों की बुवाई भी समय से करनी चाहिए, जिससे उपज में कोई परेशानी न हो। जैसे जैसे बुवाई में विलंब होता जाता है तो फसल के उत्पादन में भी कमी होती है। इसलिए गेहूं की बुवाई समय से करनी आवश्यक है। किसानों को सरसों की उन्नत किस्मों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। सरसों की खेती की उन्नत तकनीक अपनाएं जाएं तो पैदावार में बढ़ोतरी की जा सकती है। खरपतवार के टिकाऊ उपचार में फसल चक्र अपनाने से बहुत फायदा होता है। फसल चक्र का अधिक पैदावार प्राप्त करने, मिट्टी का उपजाऊपन बनाये रखने तथा बीमारियों और कीट से रोकथाम में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। मूंग-सरसों, ग्वार-सरसों, बाजरा-सरसों जैसे एक वर्षीय फसल चक्र तथा बाजरा-सरसों-मूंग/ग्वार-सरसों का दो वर्षीय फसल चक्र में उपयोग करना बेहद लाभकारी साबित होता है। बारानी इलाकों में जहां सिर्फ रबी में फसल ली जाती हो, वहां सरसों के बाद चना उगाया जा सकता है।

# निज्जर की हत्या

## भारत-कनाडा संबंध

**निज्जर की हत्या** के बाद भारत-कनाडा संबंधों में तनाव अमेरिका द्वारा आरोपों की पुष्टि के बाद और गहरा हो गया है। भारत और कनाडा सरकारों के बीच बढ़ते तनाव के कारण हालिया सप्ताहों में वैश्विक राजनयिक संबंधों में उथलपुथल मची है। इस टकराव का मुख्य कारण प्रमुख खालिस्तान-समर्थक कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे कनाडा द्वारा 'भारतीय हाथ' होने का आरोप है, जबकि भारत ने कई हिंसक अपराधों में संलिप्तता के कारण उसे आतंकवादी घोषित कर दिया था। इस टकराव से दोनों देशों के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। लेकिन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो मुद्दे को छोड़ना नहीं चाहते हैं क्योंकि उनका राजनीतिक अस्तित्व वर्तमान समय में भारत को बदनाम करने पर निर्भर है। इस बीच अमेरिका द्वारा कनाडा के आरोपों को 'गंभीर' बताए जाने से मामले में नया मोड़ आया है जिससे गरमागरम बहस और तीखी हुई है। भारतीय विदेश विभाग के प्रमुख उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, 'हमें प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए आरोपों पर लगातार गंभीर चिन्ता है।' उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच प्रक्रिया पूरी हो तथा दोषियों को न्याय दिलाया जाए। हमने सार्वजनिक व निजी रूप से कहा है कि भारत सरकार कनाडा की जांच में सहयोग करेगी।' निज्जर की हत्या अज्ञात बंदूकधारी ने कनाडा के ब्रिटिश कोलम्बिया में की थी। कनाडा का दावा है कि वह भारतीय एजेंट था। उसकी खुफिया एजेंसियों का दावा है कि हत्या में भारतीय एजेंसियों की संलिप्तता के उनके पास विश्वसनीय प्रमाण हैं, लेकिन अभी भारत के साथ इनका साझा नहीं किया गया है।



अमेरिका के बयान ने बहुत लोगों को आश्चर्यचकित किया है क्योंकि उसने पहले मामले पर तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था। अमेरिकी दृष्टिकोण में इस परिवर्तन से विवाद को और गहरा दिया है। भारत सरकार ने दुहराया है कि ऐसे कृत्यों में संलिप्त होना उसकी नीति नहीं है और निज्जर की हत्या में उसकी कोई भूमिका नहीं है। अमेरिकी प्रशासन ही समझ सकता है कि उसके नवीनतम बयान का क्या कारण है, पर निश्चित रूप से इससे दो मित्र देशों के बीच गतिरोध समाप्त करने में सहायता नहीं मिलेगी, जबकि दोनों अमेरिका के मजबूत समर्थक हैं। पिछले कुछ समय से अमेरिका भारत का मजबूती से समर्थन कर रहा था जिसका कारण संभवत: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करना था। उसने अनेक तकनीकी मुद्दों पर द्विपक्षीय रणनीतिक समझदारी बढ़ाई थी। यदि वह बिना किसी सबूत के भारत की ओर इशारा करना जारी रखता है तो इसका परिणाम संबंधों में तनाव होगा और क्षेत्र में चीन को घेरने के अमेरिकी प्रयासों में बाधा आएगी। हालांकि, निज्जर की हत्या दु:खद व दुर्भाग्यपूर्ण है, पर यह किसी राजनयिक टकराव का कारण नहीं बन सकती है। भारत और कनाडा को इस मुद्दे का सद्भावनापूर्ण समाधान करने के साथ वर्तमान जांच में सहयोग करना चाहिए। भारत ने इसका पूरा समर्थन करने का वादा किया है। भारत-कनाडा के बीच गहराती खाई का असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी पड़ेगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवादियों को स्वर्ग प्रदान करने की कनाडा की जिद के उसके ही देश के लिए दूरगामी हानिकारक परिणाम होंगे। उसके इस कृत्य से भारतीय प्रवासी बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि दु:साहसी खालिस्तानी उनको धमकियां और गालियां दे रहे हैं। देखना होगा कि अपनी गिरती रेटिंग संभालने के लिए ट्रूडो भारत-विरोधी दिशा में कहां तक जाएंगे, पर इसके प्रभाव दोनों देशों के लिए गंभीर खतरे में बदल सकते हैं।

# प्रो. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि

**प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।**

**नरेंद्र मोदी**
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)





प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है - कृषि क्षेत्र का कायाकल्प।

बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे।

आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरुआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नए युग की शुरुआत की।

कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है।

हरित क्रांति में भारत की सामर्थ्य की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था।

प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरुआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था।

उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले।

इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया।

मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की।

'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे किसान वैज्ञानिक थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की।

यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे।

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है।

प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था।

मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से 'कुरल' ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं। प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया।

जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

# भारत-मध्यपूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा

> "आईएमईसी चीन के नेतृत्व वाले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के लिए एक सीधी चुनौती है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कई देशों को भौतिक और डिजिटल रूप से जोड़ने वाले ऐतिहासिक बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के लिए वास्तुशिल्प ढांचे पर निर्णय लेने के लिए आई एम ई सी (भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा) के प्रतिभागियों की अगले महीने बैठक होने की उम्मीद है। आईएमईसी का जन्म सितंबर में नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ था और इसने अपने लिए जो महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे इसे चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए सबसे शक्तिशाली पर्यावरण-राजनीतिक उपकरणों में से एक बनाते हैं।

एमओयू में लिखा है, इसके अनुसरण में, सऊदी अरब साम्राज्य, यूरोपीय संघ, भारत गणराज्य, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांसीसी गणराज्य, जर्मनी के संघीय गणराज्य, इतालवी गणराज्य और की सरकारें। संयुक्त राज्य अमेरिका (प्रतिभागी) भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) स्थापित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उम्मीद है कि आई एम ई सी बढ़ी हुई कनेक्टिविटी के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगी।

जैसा कि भाग लेने वाले देशों ने कल्पना की थी, इसका लक्ष्य 2 गलियारे बनाना है, जो भारत को अरब की खाड़ी में मध्य पूर्व से जोड़ते हैं और आगे खाड़ी को यूरोप से जोड़ते हैं। इसका उद्देश्य भारत, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और अंत में यूरोप में वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध प्रसारण की सुविधा के लिए एक रेलवे नेटवर्क विकसित करना है। इस महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजना को अमेरिका का आशीर्वाद प्राप्त था जो अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह) और आई 2 यू 2 (भारत, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका) जैसे बहुपक्षीय निकायों का तेजी से उपयोग कर रहा है। भूराजनीति की बदलती रेत पर। उल्लेखनीय है कि सभी चार आई 2 यू 2 राष्ट्र आई एम ई सी में भागीदार हैं। ये चारों देश सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला, आतंकवाद का मुकाबला करने और जलवायु परिवर्तन के समाधान के प्रमुख क्षेत्रों पर सहयोग करने के लिए नियमित अंतराल पर बैठक कर रहे हैं। आई एम ई सी के लॉन्च के बाद जारी व्हाइट हाउस फैक्ट शीट में लिखा था, संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे साझेदार दोनों महाद्वीपों को वाणिज्यिक केंद्रों से जोड़ने और स्वच्छ ऊर्जा के विकास और निर्यात को सुविधाजनक बनाने का इरादा रखते हैं; बिजली तक विश्वसनीय पहुंच का विस्तार करने के लिए समुद्र के नीचे केबल बिछाना और ऊर्जा ग्रिड और दूरसंचार लाइनों को जोड़ना; उन्नत स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के नवाचार को सक्षम बनाना; और समुदायों को सुरक्षित और स्थिर इंटरनेट से जोड़ें। पूरे गलियारे में, हम मौजूदा व्यापार और विनिर्माण को आगे बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की कल्पना करते हैं। व्हाइट हाउस आई एम ई सी जैसी क्षेत्रीय निवेश पहलों में निवेश बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।




आईएमईसी चीन के नेतृत्व वाले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के लिए एक सीधी चुनौती है जिसे ड्रैगन द्वारा वैश्विक मामलों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए भू-रणनीतिक उपकरण के रूप में सक्रिय रूप से तैनात किया जा रहा है। मेरे जैसे चीन द्वारा तैयार किया गया, बीआरआई लगभग 150 देशों और लगभग 25 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को बुनियादी ढांचे के निवेश के लिए हस्ताक्षरकर्ता के रूप में लाने में कामयाब रहा है। अपने अस्तित्व के एक दशक में, बीआरआई चीन को रणनीतिक बंदरगाहों और अंतरराष्ट्रीय सड़क और रेल नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करने में कामयाब रहा है, जिसने भारत सहित कई देशों की राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरा पैदा करना शुरू कर दिया है।

बीआरआई के तहत अपारदर्शी निवेश स्थितियों ने भी कई देशों को अपनी रणनीतिक बुनियादी ढांचा संपत्ति चीन को सौंपने के लिए मजबूर कर दिया है। भारत राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर बीआरआई योजना का विरोध करने में सबसे आगे रहा है, क्योंकि चीन सक्रिय रूप से भारत के दावे वाले क्षेत्रों पर पाकिस्तान के साथ एक आर्थिक गलियारा बना रहा है। भारत के साथ तनाव बढ़ने की स्थिति में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को सैन्य उपयोग के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। मुख्य बात यह है कि भारत के पास क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी में मजबूत भूमिका निभाने और चीन पर अपनी बढ़त बनाए रखने का अवसर है। चीनी सरकारी मीडिया ने इसे अमेरिका द्वारा बनाया गया मॉडर्न स्पाइस रूट करार देते हुए सरकार की आलोचना की है। चीनी विदेश नीति विशेषज्ञों ने मेरे प्रतिभागियों को बीआरआई के साथ प्रतिस्पर्धा न करने के लिए व्याख्यान दिया है और कहा है कि किसी भी क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पहल में चीन की उपस्थिति होनी चाहिए।

कुछ महीनों में इन चिंगारियों के आग के गोले बनने की उम्मीद है जब आईएमसी प्रतिभागी इस क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय रेल, बंदरगाहों और डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी के लिए कागजी कार्रवाई करेंगे।

## आप की बात

### क्रिकेट विश्व कप

**भारत में क्रिकेट वर्ल्ड कप** की शुरुआत हो चुकी है। क्रिकेट के प्रति भारतीय जनता की दीवानगी जग जाहिर है। हालत यह है कि जिस दिन मैच होता है उस समय सबसे लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम तक देखना छोड़कर दर्शन सिर्फ क्रिकेट मैच को प्राथमिकता देते हैं। भारत में विभिन्न टीमों के बीच 48 मैच खेले जाएंगे। उनके टिकटों की बिक्री से ही दीवानगी का अंदाज लगा सकते हैं कि करोड़ों रुपए के टिकट बिक रहे हैं और लोग अधिक राशि देकर भी टिकट पाने की कोशिशें में लगे हैं। दर्शक दूर-दूर से रिजर्वेशन करवा कर मैच देखने विभिन्न शहरों में जाएंगे तो मैच के साथ-साथ पर्यटन का लुफ्त भी उठाएंगे। इसमें परिवहन, होटल, खाना पीना और उस शहर की खास चीजों की खरीदारी सब बड़े पैमाने पर होगा। इससे व्यापारियों को भरपूर लाभ होगा और देश की जीडीपी वृद्धि तेज होगी। भारत एशियन गेम्स में सौ पदक पाने के करीब आ गया है। यदि खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन हो, उनके प्रशिक्षण की पर्याप्त व्यवस्था हो और उन्हें सभी प्रकार का प्रोत्साहन मिले तो ऐसा ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारत ओलंपिक में भी कर सकता है। हर भारतीय की कामना है कि इस बार क्रिकेट का विश्व कप भी भारत की झोली में ही आए।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### लैंगिक भेदभाव

**दुनिया भर में** तमाम विकास के बावजूद अब भी न केवल लड़कियों व लड़कों के बीच लैंगिक भेदभाव बना हुआ है, बल्कि यह बढ़ता जा रहा है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसारए वो चाहे विकसित राष्ट्र हो विकासशील, वो चाहे गरीब देश हो या अमीर, हर जगह लैंगिक वेतनमान में अंतर दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। औसतन पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक डॉलर पर महिलाएं 77 सेंट ही कमाती हैं। 2019 में महिलाओं को पुरुषों की तुलना में औसतन 20.3 प्रतिशत कम भुगतान किया गया। 2022 तक यह अंतर बढ़कर 22.2 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार प्रतिगमन-समायोजित वेतन अंतर जो पिछले 20 वर्षों से स्थिर था अब 22.6 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गया है। अनुमान लगाया है कि वैश्विक लिंग वेतन अंतर पाटने में अभी 257 साल और लगेंगे। लैंगिक भेदभाव का निकृष्टतम उदाहरण अफगानिस्तान है जहां लड़कियों को पढ़ने व महिलाओं को काम करने से वंचित कर घरों की चारदीवारी में कैद कर पुरुषों की गुलामी पर मजबूर कर दिया गया है। विडंबना है कि दुनिया के देश व संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी संस्था यह अन्याय समाप्त करना तो दूर कम करने की स्थिति में नहीं है।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### स्वामीनाथन का योगदान

**हरित क्रांति** के महानायक एम.एस. स्वामीनाथन न केवल हरित क्रांति के पुरोधा और जनक ही, बल्कि गरीब, महिला और प्रकृति के हित में सतत कार्य करते हुए भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास में लगे थे। उनके अतुल्य योगदान को पूरा देश, सभी नागरिक और खासकर किसान कदापि भूल नहीं सकते हैं। आपने पीएल 480 के तहत अमेरिका से आयात खाद्यान्न से न केवल निजात दिलाई बल्कि भुखमरी के खिलाफ किए भगीरथ प्रयासों से गरीबों की भूख मिटाई तथा अधिकांश किसानों की जिंदगी बदल डाली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के अध्यक्ष रहे डा. एम.एस. स्वामीनाथन ने खाद्य सुरक्षा और कृषि उत्पादन में वृद्धि को ही प्रमुख कार्य माना। उन्होंने किसानों की समृद्धि के लिए कृषि लागत व किसानों को मिलने वाली कीमतों के बीच संतुलन का जो फार्मूला बनाया था, वह आज भी पूरी तरह लागू नहीं हुआ है। स्वामीनाथन को सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि देश का सबसे छोटा किसान आर्गेनिक खेती के माध्यम से समृद्ध बने तथा कृषि उत्पादन के साथ प्रकृति संरक्षण सुनिश्चित हो।

-**बीएल शर्मा,** उज्जैन

### बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था

**महाराष्ट्र** के नांदेड़ में शासकीय अस्पताल में 19 बच्चों सहित 35 लोगों की मौत व उसके बाद नागपुर में शासकीय अस्पताल में कई लोगों की मौत मन को दहला देने वाले समाचार है। शासकीय अस्पतालों पर सरकार की खजाने से भारी धन खर्च किया जाता है। डॉक्टर और स्टाफ को तगड़ी पगार दी जाती है। मगर अनेक लोग प्राइवेट प्रैक्टिस को ही वरीयता देते हैं। हैरानी की बात है कि भरपूर तनख्वाह व सभी सुविधाओं के बावजूद अनेक डॉक्टर व हॉस्पिटल के कर्मचारी मरीजों के साथ सभ्य व्यवहार तक नहीं करते हैं। अस्पतालों में आ रही दवाइयों का कई बार भारी मात्रा में हेर फेर होता है। इसके फ्लस्वरुप मजबूरन लोगों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज करवाना पड़ता है। शासकीय अस्पतालों में सरकार ने महंगी मशीनें लगवा रखी हैं। मगर वे कई बार काम नहीं करती हैं और सरकारी चिकित्सक भी मरीज को बाहर प्राइवेट लैबोरेट्री से जांच करवाने के लिए भेजते हैं जिनमें कमीशनखोरी की आशंका है। स्वास्थ्य व्यवस्था की यह बदहाली समयबद्ध रूप से दूर होनी चाहिए।

- **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# रक्तदान के लिए आम नागरिकों को जागरूक करें चिकित्सक: सीएम योगी

● मुख्यमंत्री ने ट्रांसकॉन-2023 कांफ्रेंस में की शिरकत, सॉवेनियर का भी किया विमोचन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरुकता जरूरी है। जागरूकता के अभाव में लोगों के मन में रक्तदान के प्रति भय बना रहता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को रक्तदान के लिए आम नागरिकों को जागरूक करना चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ के होटल में यूपी चैप्टर आईएसबीटीआई तथा ब्लड ट्रान्सफ्यूजन एण्ड इम्यूनोहिमाटोलॉजी विभाग, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कांफ्रें स ट्रांसकॉन-2023 के 48वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ट्रांसकान-2023 की सॉवेनियर का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में रोजाना डेढ़ करोड़ यूनिट ब्लड की जरूरत पड़ती है। इसमें से 20 से 25 लाख यूनिट ब्लड कम पड़ जाता है। इसकी वजह लोगों में जागरुकता का अभाव है। अक्सर देखने में आता है कि परिवार के लोग ही मरीज को ब्लड देने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ये उनमे ब्लड डोनेशन को लेकर जागरुकता का न होना दर्शाता है। इसमें सबसे बड़ी कमी हमारी है। इसका फायदा उठाकर रक्तदाता पैसों की डिमांड करता है और ब्लड के साथ कई बीमारियों को भी देने का काम करता है। वहीं आज एक यूनिट ब्लड से टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर कई लोगों की जान बचायी जा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 वर्षों बाद प्रदेश में सम्मलेन होने जा रहा है। ऐसे में यह सम्मेलन ब्लड ट्रांसफ्यूजन के फील्ड में काम करने वाले सभी विशेषज्ञों और स्टेक होल्डर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, जो इस क्षेत्र में प्रदेश को आगे ले जाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। सीएम ने कहा कि कोरोना कालखंड में एक-एक व्यक्ति की जान बचाना सरकार की प्राथमिकता थी। इस दौरान चिकित्सकों और हेल्थ वर्कर्स ने प्रतिबद्धता के साथ काम किया और हमने कोरोना को हराया। केंद्र और राज्य की सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या नया हुआ है इसे देश में लाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में इस तरह के राष्ट्रीय सम्मेलन हेल्थ के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान में बड़ी भूमिका निभाते हैं। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में आधे प्रदेश में आईसीयू के एक भी बेड नहीं थे लेकिन प्रयास से सभी जनपदों में कमी को पूरा किया गया। इसके बाद विशेषज्ञ, पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ और टेक्नीशियन की कमी सामने आने लगी। इस पर ट्रेनिंग शुरू की गयी और केजीएमयूए एसजीपीजीआई ने पूरे प्रदेश में वर्चुअल आईसीयू का संचालन किया। इससे करोनो को हराने में काफ ी मदद मिली। इस दौरान फ्रंटलाइन वर्कर भी मजबूती के साथ खड़े रहे। इससे प्रदेश में मृत्यु दर को न्यूनतम रखने के साथ संक्रमण के फैलाव को रोकने में काफी हद तक सफलता मिली थी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश ने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से कोरोना को मात दी। उन्होंने कहा कि भारत की 140 करोड़ की आबादी की तुलना में यूएसए की आबादी एक चौथाई है लेकिन कोविड प्रबंधन में वह पूरी तरह फेल रहा जबकि भारत में यूएसए के मुकाबले संक्रमण और मृत्यु की दर काफी कम थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान से बहुत सशक्त माध्यम बनते हैं। डॉक्टर की बात पब्लिक तन्मयता से सुनती है। ऐसे में उन्हे ब्लड डोनेशन के बारे में जागरूक करना होगा। इसके लिए गांव के स्कूलों में कॉन्फ्रें स का आयोजन होना चाहिए। विश्वकर्मा जयंती और आधुनिक भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर के बीच में सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें हर जनपद में ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश में 25000 यूनिट ब्लड कलेक्ट हुआ। इसके कई गुना लोगों ने ब्लड ग्रुप की जांच करवाई। इस दौरान लोगों ने अपने रेयर ग्रुप के ब्लड को सुरक्षित कराया। इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। सीएम योगी ने सम्मेलन में आए विशेषज्ञों से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या और सीतापुर स्थित नैमिषारण्य का भ्रमण करने की अपील की। कार्यक्रम में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन की विभागाध्यक्ष प्रो. तूलिका चंद्रा, केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद, आईएसबीटीआई की महासचिव डॉ. संगीता पाठक, डॉ. एके त्रिपाठी, यूपी चैप्टर आईएसबीटीआई के उपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एशियन गेम्स में स्वर्णिम इतिहास रचा। फाइनल में भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से हराकर न सिर्फ स्वर्ण पर कब्जा जमाया बल्कि पेरिस ओलंपिक्स 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारतीय हॉकी टीम की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुशी जाहिर की और टीम के प्रत्येक सदस्य को बधाई दी। सीएम योगी ने अपने ऑफि शियल एक्स हैंडल पर टीम को बधाई देते हुए लिखा कि एशियन गेम्स की पुरुष हॉकी प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम को स्वर्णिम विजय की हार्दिक बधाई। आप सभी पर हमें गर्व है। उत्कृष्ट टीम वर्क, अक्षय ध्येय-निष्ठा और अटूट परिश्रम के द्वारा ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य का अभिनंदन-जय हो।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देहरादून में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की शिष्टाचार भेंट

## तीन दिन के उत्तराखंड दौरे पर सीएम योगी

● मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में लेंगे हिस्सा, बाबा केदार का करेंगे दर्शन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रवाना हुए। वह शनिवार पूर्वाह्न नरेंद्रनगर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित 24वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रतिभाग करेंगे, जहां उत्तर प्रदेश के अलावा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मेजबान उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में अंतर्राज्यीय संपर्क, बिजली, नदी जल के बंटवारे और सामान्य हितों के अन्य मामलों पर चर्चा होगी। तीन दिन के उत्तराखंड दौरे के पहले दिन शुक्रवार को देहरादून के जीटीसी हेलीपैड पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी का भव्य स्वागत किया। जीटीसी हेलीपैड पहुंचने के बाद वह सीधे सेफ हाउस के लिए रवाना हो गए। तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी शनिवार को केदारनाथ धाम में दर्शन-पूजन के उपरांत रुद्रप्रयाग में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद रविवार को प्रात: भगवान ब्रदीविशाल के दर्शनार्थ चमोली जनपद पहुंचेंगे। दोपहर एक बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादूर पहुंचेंगे, जहां से वे लखनऊ के लिए रवाना हों जाएंगे।

## फूड प्रोसेसिंग व प्लाईवुड परियोजना के लिए भूमि आवंटित

● यूपीसीडा ने ई नीलामी के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित किए 68 भूखंड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में औद्योगिक विस्तार के लिए प्रयासरत योगी सरकार विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों की ई नीलामी को रफ्तार दे रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार प्लाट्स का ई-ऑक्शन किया जा रहा है। 5 अक्टूबर को ई-नीलामी के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओ के लिए 68 भूखण्डों का आवंटन किया गया। इनमें जिन औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू हुआ है उन्हें भी प्लॉट्स आवंटित हुए हैं। इसके तहत एटा में फूड प्रोसेसिंग परियोजना के अंतर्गत तथा संडीला में प्लाईवुड परियोजना के अंतर्गत भूमि आवंटित हुई है। प्राधिकरण ने इस कड़ी में मथुरा, अलीगढ़, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी, कानपुर, शाहजहांपुर, हरदोई एवं चन्दौली जनपदों के औद्योगिक क्षेत्रों के भूखण्डों के आवंटन हेतु आवेदन मांगे थे। प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि ई नीलामी में पूरी पारदर्शिता के साथ लगातार भूखंडों का आवंटन हो रहा है।

## 5.82 लाख मीट्रिक टन श्रीअन्न की खरीद करेगी प्रदेश सरकार

● 30 हजार टन ज्वार, 50 हजार टन मक्का व 2 हजार टन कोदो की खरीद प्रक्रिया को भी दिया जाएगा मूर्त रूप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने नवंबर से दिसंबर 2023 के बीच 3 माह में मोटे अनाज/ श्रीअन्न की खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 5/82 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। इसमें सर्वाधिक 5 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जाएगी जबकि 30 हजार टन ज्वार (हाइब्रिड), 50 हजार टन मक्का और 2 हजार टन कोदो की खरीद की जाएगी। श्रीअन्न के विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण विभाग की वेबसाइट पर आरम्भ हो चुका है तथा अब तक 929 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष प्रदेश में 8532 किसानों से कुल मिलाकर 0.44 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई थी। प्रदेश में श्रीअन्न/ मोटे अनाजों की खरीद प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। इस क्रम में मुख्य रूप से मक्का उत्पादक 29 जनपदों से मक्का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। वहीं बाजरा खरीद के लिए प्रदेश के मुख्य बाजरा उत्पादक 40 जिलों से खरीद की जाएगी। प्रदेश में पहली बार मुख्य ज्वार उत्पादक 22 जिलों में ज्वार क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, माईनर मिलेट्स (कोदो) की खरीद प्र्ािया को अंजाम देने के लिए जिला सोनभद्र को निर्धारित किया गया है।

## राहुल गांधी का आपत्तिजनक पोस्टर जारी करने पर कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

● प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का विवादित पोस्टर जारी करने व अर्मायदित टिप्पणी करने के विरोध में आक्रोशित कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को लखनऊ में भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया।

भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से गुरुवार को राहुल गांधी एक तस्वीर वायरल हुई जिसमें उन्हें रावण के रूप में दर्शाया गया था। यह तस्वीर न सिर्फ आपत्तिजनक थी बल्कि उसके साथ लिखी गई पोस्ट भी घोर आपत्तिजनक थी। इस तस्वीर के वायरल होने से कांग्रेसजनों में घोर आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष हिन्दवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूर्वाग्रह और वैचारिक



दिवालियापन अब सतह पर आ गया है। जिस तरह की घटिया और ओछी राजनीति पर भाजपा उतारू है वह नितान्त निंदनीय है। भाजपा के नेता यह भूल रहे हैं कि रावण ने अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल मां सीताहरण के रूप में की थी और वही उसके पतन का कारण बनी थी। भाजपा मणिपुर हो या उप्र, महिलाओं के खिलाफ होने वाले जघन्य अपराधों को रोक नहीं पा रही और खुद रावण की भूमिका में है और हताशा में ऐसे कृत्य कर रही है जो उसे पतन की तरफले जायेगी।

### यूपी में कायम हो चुका है पूरी तरह से जंगलराज: अजय राय

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अपराधियों में कानून का डर पूरी तरह से समाप्त हो गया है। प्रदेश में अपराधी आए दिन बेखौफ होकर हत्या, डकैती, लूट, एवं बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सरकार और सरकार का इकबाल जैसी कोई चीज शायद प्रदेश में रह ही नहीं गई है।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं पर लोग बिना डरे बड़ी-बड़ी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज कायम हो गया है। चंद अधिकारियों के हाथों में सत्ता सौंप मुख्यमंत्री ने अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लिया है। वह कानून व्यवस्था को लेकर कितना गंभीर हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश एक लंबे समय तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के सहारे चल रहा है।

## वाराणसी का रामेश्वर गांव देश के सर्वश्रेष्ठ 35 पर्यटन गांवों में चयनित

● राज्य सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को दे रही सुविधाएं: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**घरेलू** पर्यटन के मामले देश में पहले स्थान पर काबिज उत्तर प्रदेश रूरल टूरिज्म में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाराणसी के रामेश्वर गांव का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ 35 पर्यटन गांवों में हुआ है। इस श्रेणी में रामेश्वर को सिल्वर मिला है। गांव की खासियत यह है कि यहां ज्यादातर किसान आर्गेनिक खेती और बड़ी संख्या में गो-पालन करते हैं। तकरीबन 1800 लीटर दूध प्रतिदिन यहां से बाजार में जाता है। पंचकोशी परिक्रमा पथ का एक पड़ाव रामेश्वर भी है। इसलिए यहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु और विदेशी पर्यटक आते हैं। राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कई सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन तथा प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए गंगा के किनारे स्थित विकास खण्डों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में कुछ गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में रूरल टूरिज्म के तहत 229 गांवों का चयन किया गया है। इसमें वाराणसी जनपद का रामेश्वर गांव भी शामिल है। जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी में प्रसिद्ध वरुणा नदी के तट पर रामेश्वर गांव स्थित है। जो करौना के नाम से भी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय रूरल टूरिज्म के तहत 229 गांवों का चयन किया गया है। इसमें एक गांव रामेश्वर भी है। स्थानीय लोगों के अलावा दूसरे राज्यों और विभिन्न देशों से भी लोग भ्रमण के लिए आते हैं। गांव में पर्यटक जनसुविधा केंद्र बनाया गया है। साथ ही वरुणा नदी के किनारे घाट का भी विकास किया गया है। ज्यादातर किसान जागरूक हैं और आर्गेनिक खेती कर रहे हैं। बड़ी संख्या में गो.पालन भी करते हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रसाद के मुताबिक करीब 1800 लीटर दूध प्रतिदिन बाहर बिक्री के लिए जाता है। यहां दुग्ध व्यवसाय से काफ ी संख्या में किसान जुड़े हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता के लिए पूरे देश से 315 जिलों से कुल 795 आवेदन प्राप्त हुए थे।

प्रतियोगिता को जिला, राज्य और राष्ट्रीय यानी तीन चरणों में विभाजित किया गया था। आवेदनों का पहले जिला स्तर पर मूल्यांकन किया गया और प्रत्येक जिले से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों का चयन किया गया, जिनका राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया गया। अंतिम मूल्यांकन में भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव सामने आए। हमारा प्रयास गांवों को पर्यटन से जोड़ने का है। इससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगेए वहीं पर्यटकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। पर्यटक ग्रामीण जीवन और खेती-किसानी को नजदीक से देख सकेंगे। रामेश्वर गांव का प्रयास काफी अच्छा है। उन्होंने बताया कि अन्य गांवों को भी हम विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## रबी फसलों के लिए प्रदेश में रखा 448 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य

**लखनऊ।** खरीफ फसलों की खरीद के लिए जारी तैयारियों के बीच योगी सरकार ने आगामी रबी सीजन में खाद्यान्न तथा तिलहनी फ सलों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार कर ली है। रबी सीजन 2022 में जहां 136.06 लाख हेक्टेयर भूमि आच्छादित थी और 427.83 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ। वहीं, आगामी रबी 2023 में खाद्यान्न एवं तिलहनी फसलों के अन्तर्गत 134.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर बोआई और 448.66 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा तैयार रबी उत्पादन 2023 फसल उत्पादन रणनीति में कुल खाद्यान्न उत्पादन के 428.77 लाख मीट्रिक टन एवं तिलहन उत्पादन के 19.90 लाख मीट्रिक टन (खाद्यान्न एवं तिलहन के कुल उत्पादन 448.66 लाख मीट्रिक टन) के लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं, जौ, मक्का, चना, मटर, मसूर, राई सरसों, तोरिया, अलसी के लिए अलग-अलग लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

## महाकुंभ से पहले प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का होगा पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने तैयार किया पूरा रोड मैप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाल** के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही हैए साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सीएम योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है।



मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। बता दें कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। महर्षि भारद्वाज सहित अनेक ऋषि.मुनि इसकी परिक्रमा करते रहे हैं मगर मुगल और ब्रिटिश काल में ये द्वादश मंदिर दुर्दशाग्रस्त हो गए थे। वहीं आजादी के बाद भी इन्हें लेकर सरकारों में उदासीनता ही रही। माधव मंदिरों के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। झूंसी में शंख माधवए नैनी में गदा माधव पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं सीधा रास्ता नहीं है तो कहीं महज दो फीट चौड़ा रास्ता ही बचा है। अब योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में भव्य मुख्य द्वार निर्मित किए जाएंगे। इसके साथ ही चाहरदीवारी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, शू रैक, इंटरलॉकिंग और लैंडस्केप, पाथवे, सड़क और फुटपाथ, बेंच, भित्त चित्र, कूडादान, यात्री शेड, प्रकाश व्यवस्था लैंप आदि और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नौ माधव मंदिरों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें झूसी स्थित संकष्टहर माधव और शंख माधव, द्रौपदी घाट स्थित बिंदु माधव, चौफटका स्थित अनंत माधव, चौक स्थित मनोहर माधव, बीकर गांव स्थित पद्म माधव, छिंवकी स्थित गदा माधव और अरैल स्थित आदिवेणी माधव तथा चक्र माधव मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## भगवान शंकर की प्रतिमा का सदर विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया अनावरण

**लखीमपुर खीरी।** शहर के प्रमुख सेठ घाट मुक्तिधाम की जर्जर हालत को देखते हुए समाजसेवी संगठन प्रेम विनोद फाउंडेशन के द्वारा सेठ घाट मुक्तिधाम का जीर्णोधार और सौंद्रीयकरण का कार्य कराया गया। सेठ घाट मुक्तिधाम में भगवान शंकर की 21 फीट की प्रतिमा का निर्माण कराया गया, आज 6 अक्टूबर को सदर विधायक योगेश वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर ईरा श्रीवास्तव ने पूरे विधि विधान के साथ भगवान शंकर की 21 फीट की प्रतिमा का अनावरण किया। किसी के साथ-साथ सेठ घाट मुक्ति धाम में सुंदर वाटिका और वाटर कूलर भी लगाया गया है। भगवान शंकर की 21 फुट की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बन गई है।


### सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरविंद कुमार, रीनू/ए–6/13, ब्लॉक –ए, सेक्टर–71, नोएडा–201301 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00004173629 | फ्लैट नंबर 1605, 16वां तल, टावर–डी, अरावली, सेक्टर–79, गुरूग्राम–122001 | 16–08–2023 रू. 81,03,090/– | 03–06–2023 |
| 2. | हरेन्द्र पाल, डोरी सिंह, के 1102, निम्बस हाइड पार्क, सेक्टर–78, नोएडा–201301 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00003562009 | यूनिट नंबर सी–2212, 22वां तल, टावर सी, एस सिटी, प्लॉट नंबर जीएच–01 पर निर्मित, सेक्टर–01, जीबी नगर, ग्रेटर नोएडा–201009 (एक कवर्ड कार पार्किंग स्पेस सहित) | 16–08–2023 रू. 30,10,138/– | 03–06–2023 |
| 3. | एमडी मोजाम्मिल, स्मिता सिंह, चेरी काउंटी ए3–1203, एक मूर्ति चौक, टेक जोन 4, बिसरख, नोएडा–201301 खाता संख्या : एलबीडीईएल00004102069 | फ्लैट नंबर ए3–1203, 12वां तल, टावर ए3, चेरी काउंटी, स्थित जीएच–5बी, सेक्टर टेक जोन 4, ग्रेटर नोएडा–201009 | 16–08–2023 रू. 40,28,612/– | 17–06–2023 |
| 4. | मधुर बंसल, चांचुर बंसल, मकान नंबर 06104 एटीएस पैराडाइसो सोसायटी, सेक्टर चाई 4, ग्रेटर नोएडा–201308 खाता संख्या : एलबीएनओडी00004859393 | यूनिट नंबर बी0103, प्रथम तल, गोदरेज पार्क एवेन्यू, स्थित प्लॉट नंबर आरईपी 01, सेक्टर–27, जी बी नगर, ग्रेटर नोएडा–201301 | 24–08–2023 रू. 52,45,483/– | 11–04–2023 |
| 5. | जितेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, फ्लैट नंबर 36, कल्लोल अपार्टमेंट आईपी एक्सटेंशन पटपड़गंज, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली–110092 खाता संख्या : एलबीडीईएल00001789772 | फ्लैट नंबर ए–16–एस, द्वितीय तल, दिल्ली पुलिस सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 9 पर निर्मित, दिल्ली पुलिस अपार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली–110091 | 24–08–2023 रू. 5,54,207/– | 08–06–2023 |
| 6. | कौशल्या, करम वीर, एफ–4–जी–3, साउथ एंड अपार्टमेंट्स, चार्मवुड विलेज, हरियाणा, फरीदाबाद–121009 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00004415012 | यूनिट नंबर 08, भू तल (अपार्टमेंट नंबर जीएफ–08 /एफ–II) ब्लॉक एफ–II, साउथ एंड अपार्टमेंट्स, चार्मवुड विलेज, सूरजकुंड रोड ग्राम लक्कड़पुर, फरीदाबाद–121009 | 24–08–2023 रू. 23,97,336/– | 04–07–2023 |
| 7. | राजिन्दर कुमार, प्रियंका, सी–41, प्रथम तल, विश्वकर्मा कालोनी, दिल्ली–110044 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00005251424 | यूनिट नंबर 01, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 83 पर निर्मित विला, ब्लॉक–III, इरोस गार्डन कालोनी, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद–121009 | 24–08–2023 रू. 92,64,511/– | 04–07–2023 |
| 8. | अंकुर सिंह चौहान, सपना, 1408, टावर बी 5 सुपर टेक ईको विल–2, ग्रेटर नोएडा वेस्ट–201303 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00005514228 | यूनिट नंबर 01, प्रथम तल प्लॉट नंबर 50 पर निर्मित विला, ब्लॉक–5, इरोस गार्डन कालोनी, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद–121009 | 24–08–2023 रू. 75,18,368/– | 04–07–2023 |
| 9. | सुबल जालान, एक्मि प्राक्सीज प्रा. लि., शालिनी जालान, शालिनी जालान, 1202, मारवेला महागुन माडर्नी सेक्टर–78, नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201304 खाता संख्या : एलबीडीईएल00003788759 | यूनिट नंबर 1202, 12वां तल, ब्लॉक आइकोनिक टावर (मारवेला), महागुन माडर्नी, स्थित प्लॉट नंबर जीएच–2, सेक्टर–78, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201305 | 30–08–2023 रू. 3,94,74,632/– | 30–04–2019 |
| 10 | रोहित भारद्वाज, शिवानी, 1014, चार्म्स सॉलिटेयर, अहिंसा खंड–2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201014 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005234578 | फ्लैट नंबर 904, 9वां तल, ब्लॉक नंबर 01, टाइप ट्यूलिप चार्म्स सॉलिटेयर, खसरा नंबर 519 एम एवं 537, परगना लोनी, तहसील दादरी, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद–201001 | 07–09–2023 रू. 42,84,197/– | 04–07–2023 |
| 11 | सोनल तिवारी, अंशु तिवारी, फ्लैट नंबर 7, विद्यासागर अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 34, सेक्टर–6, द्वारका, दिल्ली–110075 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00001889208 | फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, ब्लॉक बी 2, यूनिटेक साउथ पार्क, स्थित सेक्टर–70, गुरूग्राम–122002 | 07–09–2023 रू. 47,04,591/– | 09–07–2023 |
| 12 | सईद मोहम्मद जमीन रिजवी, अवधेश कुमार गंगवार, मकान नंबर जे 596, संजय नगर, सेक्टर–23, राज नगर, गाजियाबाद–201002 खाता संख्या : एलबीएनओडी00002018170 | फ्लैट नंबर 3ई–117, 11वां तल, ग्रीन व्यू–II, सहकारी आवास समिति लिमिटेड, स्थित प्लॉट नंबर 4, क्रोशिया एस्टेट, सेक्टर–पाई, जीबी नगर, ग्रेटर नोएडा–201307 | 07–09–2023 रू. 10,11,353/– | 09–07–2023 |
| 13 | विकास सक्सेना, अनु सक्सेना, केएच नंबर 549 एफ/एफ लेफ्ट ब्लॉक ए उत्तम नगर, साइड निकट रामा पार्क, निकट स्वीट शॉप, दिल्ली–110059 खाता संख्या : एलबीडीईएल00001978459 | फ्लैट नंबर ए 2105, 21वां तल, एवीजे हाइट्स, स्थित प्लॉट नंबर जीएच–12/2, सेक्टर जीटा–1, ग्रेटर नोएडा–201307 | 07–09–2023 रू. 22,27,890/– | 09–07–2023 |
| 14 | वायलेट मेबल फुर्टाडो, रोनाल्ड मेल्विन फुर्टाडो, 1944 एसएफ गली नंबर 10 चूना मंडी, पहाड़गंज, दिल्ली, दिल्ली–110055 खाता संख्या : एलबीडीईएल00002364476 | फ्लैट नंबर एफ/यूएच–116, प्रथम तल, अर्बन होम्स, स्थित शाहपुर बम्हेटा, एनएच–24, गाजियाबाद–201001 | 07–09–2023 रू. 8,23,702/– | 04–07–2023 |
| 15 | मनोज कुमार, राज कुमार, चंदर प्रभा, डी 1/65 डी ब्लॉक पाकेट 1, रोहिणी, सेक्टर–16, नई दिल्ली–110085 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005766884, एलबीडीईएल00002210005, एलबीडीईएल00003479699 | सम्पत्ति सं. 65, ब्लॉक डी, पाकेट–1, सेक्टर–16, रोहिणी आवासीय स्कीम, नई दिल्ली–110085 | 16–08–2023 रू. 9,27,922/– रू. 15,37,620/– रू. 9,24,741/– | 03–06–2023 |
| 16 | नवनीत वर्मा, राजेश, 2 बीए 811 टावर 3 रिवर हाइट्स राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद–201001 खाता संख्या : एलबीएनओडी00002412525, एलबीएनओडी00002415327 | फ्लैट नंबर 2 बीए 811 टावर 3, 8वां तल (छत के अधिकार नहीं) रिवर हाइट्स, नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच–58, परगना लोनी, गाजियाबाद–201001(बिल्डिंग के नीचे भूमि में अविभाजित और अवियोजनीय यथानुपात हिस्सा के अलावा कॉम्प्लेक्स में जनरल कामन एरियाज, रिजर्व्ड स्कूटर पार्किंग स्पेस के उपयोग के अधिकार सहित) | 24–08–2023 रू. 7,13,471/– रू. 1,50,212/– | 13–06–2023 |
| 17 | सोनू घई, बलदेव राज चड्ढा, अजय घई, शशि चड्ढा, अनिला चड्ढा, 86, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, विकास पुरी, नई दिल्ली–110018 खाता संख्या : एलबीडीईएल00002255051, एलबीडीईएल00003312182 | एलआईजी फ्लैट नंबर 14–सी, जे/बी, प्रथम तल, स्थित जी–8, राजौरी गार्डन, हरि नगर, नई दिल्ली–110018 | 24–08–2023 रू. 26,72,298/– रू. 8,03,049/– | 06–03–2023 |
| 18 | तरूण ठाकुर, शेफाली ठाकुर, बीना ठाकुर, मकान नंबर 1928, सेक्टर–7 डी, फरीदाबाद–121006 खाता संख्या : एलबीएनओडी00005337134, एलबीएनओडी00004957829, एलबीएनओडी00004957826 | मकान नंबर 1937, सेक्टर–7 डी, फरीदाबाद अर्बन एस्टेट, बल्लभगढ़, फरीदाबाद–121006 | 24–08–2023 रू. 4,53,819/– रू. 25,90,264/– रू. 18,67,861/– | 06–04–2023 |
| 19 | अशोक कुमार बबली, एस/ओ सुमरत सिंह गली मोहल्ला महादेव चौक, सेक्टर–52, वजीराबाद, गुरूग्राम–122003 खाता संख्या : एलबीडीईएल00004868880, एलबीडीईएल00004868884, एलबीडीईएल00005139748, एलबीडीईएल00005212069 | मकान नंबर 1307, सेक्टर–52, अर्बन एस्टेट, उप–तहसील वजीराबाद, गुरूग्राम–122003 (जिसमें बेसमेंट, स्टिल्ट पार्किंग, यू. ग्राउंड, प्रथम एवं द्वितीय तल एवं ममटी है) | 30–08–2023 रू. 76,06,524/– रू. 16,57,748/– रू. 1,45,349/– रू. 2,28,511.79/– | 03–06–2023 |
| 20 | शरद मोहन चौबे, मोहिनी डी 1102, नील पदम I सेक्टर 5, वैशाली, गाजियाबाद–201010 खाता संख्या : एलबीडीईएल00002069400, एलबीडीईएल00002069401 | यूनिट नंबर डी 1102, 10वां तल, प्लॉट नंबर 4, नील पदम 1 सेक्टर 04, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | 07–09–2023 रू. 10,44,670/– रू. 12,00,875/– | 09–07–2023 |
| 21 | शिव विक्रम सिंह, भावना सिंह, 266/2, गली नंबर 1, ब्लॉक बी, बाबा कालोनी, बुराड़ी, दिल्ली, निकट स्वराज मंदिर, दिल्ली–110084 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005638007 | फ्लैट नंबर ओ 4, प्रथम तल, सेक्टर–36, ब्लॉक ओ, सिग्नेचर ग्लोबल पार्क 2, गुरूग्राम | 06–09–2023 रू. 30,84,101/– | 01–06–2023 |
| 22 | राज कुमार शर्मा, मनोज कुमार, चंदर प्रभा शर्मा, 65 ब्लॉक डी, पाकेट–1, रोहिणी, सेक्टर–16, रोहिणी, सेक्टर–16, दिल्ली–110089 खाता संख्या : एलबीडीईएल00006041532 | सम्पत्ति सं. 65, ब्लॉक डी, पाकेट–1, रोहिणी, सेक्टर–16, रोहिणी आवासीय स्कीम, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 27,82,975/– | 03–06–2023 |
| 23 | विजय कुमार मिश्रा, पिंकी कुमारी, मकान नंबर 631, सेक्टर–55, बल्लभगढ़, गौंची, फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद–121006, खाता संख्या : एलबीएफडीबी00005155743 | फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर 4, टाइप –ए, सेक्टर–70, ग्राम मुजेरी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, | 06–09–2023 रू. 21,70,872/– | 08–06–2023 |
| 24 | सुरेन्द्र राव मालवाय, दुर्गा मालवाय, जी–27/165 जीएफ रोहिणी, सेक्टर–3, दिल्ली, दिल्ली–110085 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005680801, एलबीडीईएल00005680802 | आवृत्त सम्पत्ति पता –1. प्लॉट नंबर 225, द्वितीय तल (छत के अधिकार नहीं), ब्लॉक जी, पाकेट–26, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली एवं प्लॉट नंबर 226, द्वितीय तल (छत के अधिकार नहीं), ब्लॉक जी, पाकेट–26, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 29,06,542/– रू. 13,12,035/– | 08–06–2023 |
| 25 | पंकज बत्रा, आशा रानी, मकान नंबर 347, प्रथम तल, भाई परमानंद कालोनी, नई दिल्ली, दिल्ली–110009 खाता संख्या : एलबीडीईएल00003772573, एलबीडीईएल00005156337 | प्लॉट नंबर 347, प्रथम तल, भाई परमानंद कालोनी, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 18,00,233/– रू. 5,99,441/– | 03–06–2023 |
| 26 | रोहन साहनी, मीनाक्षी, वेद प्रकाश, लता, प्लॉट नंबर 149, चतुर्थ तल, ब्लॉक ए, सेक्टर–8, द्वारका बागडोला, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110077 खाता संख्या : एलबीडीईएल00004961412, एलबीडीईएल00004965262 | प्लॉट नंबर 149, ब्लॉक ए, चतुर्थ तल, छत के अधिकार सहित, सेक्टर–8, द्वारका, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 59,91,500/– रू. 9,66,678/– | 03–06–2023 |
| 27 | वंदना चौधरी, रंजीत चौधरी, फ्लैट नंबर 46, प्रथम तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट्स, पाकेट–4, सनव्यू अपार्टमेंट्स, सेक्टर–11, द्वारका, दिल्ली–110075 खाता संख्या : एलबीडीईएल00003227001 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 163, भू तल, पाकेट–ए 1, सिरासपुर, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 10,97,808/– | 03–06–2023 |
| 28 | रेणु गौतम, धरन सिंह गौतम, ए–30/एफ5 टीचर अपार्टमेंट, दिलशाद कालोनी, शाहदरा, दिल्ली–110095 खाता संख्या : एलबीडीईएल00004703663 | सम्पत्ति सं. 273, सम्पूर्ण तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, ब्लॉक सी 9, यमुना विहार, नई दिल्ली, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 32,95,234/– | 03–06–2023 |
| 29 | उमेश कुमार, आशु, मकान नंबर 185, सेक्टर–1, द्वितीय तल, वसुंधरा, गाजियाबाद, गाजियाबाद –201002 खाता संख्या : एलबीएनओडी00002885329 | फ्लैट नंबर 408, चतुर्थ तल (छत के अधिकार नहीं), टावर सी, स्टार रामेश्वरम, एनएच–58, राज नगर एक्सटेंशन, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद | 06–09–2023 रू. 18,99,953/– | 03–06–2023 |
| 30 | राखी शर्मा, सतपाल शर्मा, ग्राम रघुनाथपुर, सेक्टर–22, नोएडा, नोएडा–201301 खाता संख्या : एलबीएनओडी00002388573 | फ्लैट नंबर 10, द्वितीय तल, पाकेट 2, ब्लॉक बी 3, सेक्टर–34, रोहिणी, दिल्ली | 06–09–2023 रू. 8,24,225/– | 06–05–2023 |
| 31 | कुलभूषण ग्रोवर, ईबी–18, माया एन्क्लेव, नई दिल्ली, दिल्ली–110064 खाता संख्या : एलबीडीईएल00001756635 | प्लॉट नंबर 876–बी, ब्लॉक–ए, सुशांत लोक, फेज–1, गुरूग्राम, गुरूग्राम–122001 | 17–02–2023 रू. 25,72,539/– | 07–01–2009 |
| 32 | नफीस खान मंसूरी, मंसूरी बॉडी सॉलिड ऐंड स्पोर्ट्स प्रा. लि., साजिदा बेगम, के–013, साइट –5, कासना इंड. एरिया, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201308 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005181909 | प्लॉट नंबर टी 5, सेक्टर ग्राम तुगल पुर/हल्दौना (केपी–1), (5/6 प्रतिशत ग्राम आबादी) जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा | 07–08–2023 रू. 1,10,40,787/– | 03–06–2022 |
| 33 | मीना गोस्वामी, सतेन्द्र गोस्वामी, मकान नंबर पी 219, प्रताप विहार, सेक्टर–12, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201009 खाता संख्या : एलबीजीएचजैड00002978279 | फ्लैट नंबर 2201, 22वां तल, टावर ए, एलीगैंट विले, प्लॉट नंबर जीएच 06बी, टेकजोन–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 13–05–2023 रू. 22,94,478/– | 03–02–2023 |
| 34 | कल्पना जैन, उत्कर्ष जैन, मकान नंबर 10, रोज वुड सिटी, सेक्टर–49, 50, हरियाणा, गुरूग्राम–122001 खाता संख्या : एलबीजीयूआर00003684152 | फ्लैट नंबर 701, 7वां तल, टावर पी, प्रोजेक्ट "सुपरटेक ह्यूज" स्थित राजस्व सम्पदा ग्राम बादशाहपुर, सेक्टर–68, हरियाणा, गुरूग्राम–122001 | 13–07–2023 रू. 1,57,849/– | 31–01–2021 |
| 35 | विजय शंकर, बजाज आलियांज लाइफ इन्स कं. लि., एससीएफ–64, सेक्टर–15, मेन मार्किट–प्रथम तल, हरियाणा, फरीदाबाद–121001 खाता संख्या : एलबीएनओडी00001272648 | फ्लैट नंबर 3118, प्लॉट नंबर 8, तृतीय तल, गौड़ ग्रीन सिटी, इंदिरापुरम वैभव खंड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 | 13–07–2023 रू. 6,02,739/– | 08–02–2023 |
| 36 | सुरेन्द्र सिंह, कुसुम लता, 8/79, राजेन्द्र नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–200201 खाता संख्या : एलबीडीईएल00000381817 | फ्लैट नंबर एसएफएस, वसुंधरा योजना, सेक्टर–10, गाजियाबाद | 13–07–2023 रू. 2,05,835/– | 31–01–2021 |
| 37 | हरदीप सिंह जौहर, दमनदीप कौर, 1032, दि ग्रेट ल्यालीपुर हाउसिंग सोसायटी फेज–1, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली–110075 खाता नंबर :– LBGUR00002087904 | फ्लैट नंबर 1181, 18वां तल, टाइप बी, टावर–1, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर–104, गुरूग्राम – 122001 | 04–08–2023 रू. 1,77,72,057/– | 30–07–2022 |
| 38 | कमल किशोर, राधिका, फ्लैट नंबर जी001, भू तल, टीएचई, प्रथम नोएडा, नोएडा–201307, खाता संख्या : एलबीएनओडी00006378769, एलबीएनओडी00006418062 | अराजी नंबर 1534, मकान स्थित शिव परिवार कालोनी, मौजा झांसी खास तहसील और जिला झांसी | 06–09–2023 रू. 37,60,884/– रू. 1,24,913/– | 30–05–2023 |
| 39 | आकाश पचौरी, राजीव पचौरी, 1602, टावर ए 2, अपार्टमेंट लखनऊ पारिजात, लखनऊ उत्तर प्रदेश, लखनऊ–226001 खाता संख्या : एलबीजीएचजैड00006368583, टीबीजीएचजैड00006344410 | फ्लैट नंबर 83, प्रथम तल, (छत के अधिकार नहीं), पाइनवुड एन्क्लेव, वेव सिटी, सेक्टर–2, गाजियाबाद | 06–09–2023 रू. 97,342/– रू. 50,53,620/– | 08–04–2023 |
| 40 | रूपेश के श्रीवास्तव, स्वाति खरे, सी608, एस सिटी, सेक्टर–01, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा– 201301 खाता संख्या : एलबीएफडीबी00005301137 | फ्लैट नंबर 1808, टावर सी, 18वां तल, हमिंग स्टेट, स्थित पार्थ रिपब्लिक, मीरांपुर पिनवट, लखनऊ कानपुर रोड, लखनऊ–226012 | 16–08–2023 रू. 19,64,729/– | 06–04–2023 |
| 41 | धरम प्रकाश दहिया, कुसुम लता, 6/76, दहिया कॉटेज, ब्राही रोड, टीचर कालोनी, हरियाणा, बहादुरगढ़–124507 खाता संख्या : एलबीआरओएच00001275043, एलबीआरओएच00005173237, एलबीएक्सबीए00003457825 | एससीएफ 7, सेक्टर–6, अर्बन एस्टेट, बहादुरगढ़, झज्जर, हरियाणा–124507 | 16–08–2023 रू. 10,02,794/– रू. 3,78,889/– रू. 10,76,899/– | 03–06–2023 |
| 42 | मीनाक्षी, राज सिंह, रामरती, अमित शर्मा, 24 द्वितीय तल, नरसिंमहा जोइस लेन, नागार्थपेट क्रॉस बेंगलुरू, उत्तर कर्नाटक, बेंगलुरू सिटी, बेंगलुरू, बेंगलुरू–560022 खाता संख्या : एलबीडीईएल00005529703 | एमजे/सी–1202 ए, 12वां ए तल, महक जीवन, स्थित खसरा नंबर 1091 एवं 1092 (पार्ट), मोरटा एनएच–58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद–201001 | 30–08–2023 रू. 22,35,813/– | 03–04–2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 07 अक्टूबर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# पीएस निजामपुर रामदास में लगा विशाल विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर

**● स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए चला अभियान, किया जागरूक**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**उप्र** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 02 से 08 अक्टूबर के मध्य आयोजित किये जा रहे 卐स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से प्राथमिक विद्यालय, ग्राम–निजामपुर रामदास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह ने भी स्वच्छता के प्रति उपस्थित ग्रामीण जनता को विस्तारपूर्वक जागरूक किया तथा उपस्थित समस्त ग्रामीणों से अपने ग्राम को स्वच्छ बनाने की अपील की।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में आम जनमानस द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से होने वाली बीमारियों एवं उनसे होने वाले नुकसानों के सम्बन्ध में प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय, नायब तहसीलदार, लेखपाल, ग्राम प्रधान ने विस्तारपूर्वक जागरूक किया। शिविर में अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, कानूनगो नाथूराम, लेखपाल रमाकान्त मिश्रा, असिस्टेन्ट लीगल डिफेन्स काउन्सिल सौरभ त्रिपाठी, आशीष वर्मा, ग्राम प्रधान अजय वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक मनोज वर्मा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री मंजू दुबे उपस्थित रही। उक्त आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में लगभग 20 महिलाये, 50 पुरूष,लगभग 25 बच्चे एवं 20 वरिष्ठ नागरिक कुल 115 लोग लाभान्वित हुए।

## लम्बित प्रकरणों, वादों का त्वरित निस्तारण के लिए चलेगा 60 दिन का विशेष अभियान

**● अभियान में शिकायतों का समयबद्ध, त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए अफसर : डीएम**

**● डीएम की दो टूक सजग, सचेत होकर निर्देशों का गंभीरतापूर्वक कड़ाई से कराए अनुपालन**

**● भूमि संबंधी वादों का तेजी से निस्तारण कराएं**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शासन** के निर्देश पर जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में योजित/लम्बित राजस्व वादों तथा निर्विवाद वरासत, पैमाइश नामांतरण, आपसी बंटवारा एवं भूमि विवादों से सम्बन्धित आईजीआरएस सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य स्तरों पर प्रस्तुत शिकायतों के समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलेगा।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित प्रकरणों, वादों का त्वरित निस्तारण किया जाये। धारा–24 अन्तर्गत वादों को तीन माह में, धारा 33 के निर्विवादित वाद 45 दिन तथा धारा–34 के विवादित वाद के लिये 90 दिन एवम् धारा – 116 हेतु छह माह में प्रत्येक दशा में निस्तारण किया जाये। निर्देश दिए कि दी गयी अवधि प्रकरण/वादों के निस्तारण के लिए अधिकतम समय है एवं उक्त समयावधि से पहले निस्तारण होना चाहिये। डीएम ने निर्देश दिए कि एडीएम द्वारा विशेष अभियान चलाकर राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर तीन दिवस के अन्दर उनके अवलोकन के लिए प्रस्तुत करे। प्र0अ0 परिवाद आईजीआरएस प्रकरणों की नित्य–प्रतिदिन समीक्षा के लिए सूचना प्रतिदिन प्रात: उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। राजस्व विभाग के आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्रतिदिन निस्तारण की प्रगति की समीक्षा हेतु सूचना उनके समक्ष प्रस्तुत करे। डीएम ने कहा कि सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक सजग एवं सचेत होकर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## तिलहर में हुआ भव्य दीप यज्ञ, जुटी भारी भीड़

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**● हर चीज जो हमारे पास है वह हमें ईश्वर से मिली है केवल बुराई ही ऐसी चीज है जो हमारी अपनी है**

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त जन जागरण के लिए पूरे जनपद में निकली शक्ति कलश यात्रा के तिलहर पहुंचने पर वहां पर भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया । यहां के नई बस्ती तिलहर के मां दुर्गा मंदिर में भव्य दीपयज्ञ संपन्न हुआ। दीप यज्ञ में सर्वप्रथम राम अवतार गुप्ता ने सपतनीक पूजन किया। युग ऋषि संदेश वाहक सूरज वर्मा ने मंदिर परिषद में मौजूद सभी परिजनों को 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भावभरा आमंत्रण दिया । युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचार क्रांति अभियान के बारे में बताते हुए युग ऋषि संदेशवाहक सूरज वर्मा ने बताया कि प्रत्येक दीप यज्ञ में देव दक्षिणा ली जाती है इसमें हम वह चीज अर्पण करते हैं जो हमें देवताओं से नहीं मिली है जो चीज हमारे अंदर है उसे ही हम देवदक्षिणा के रूप में देते हैं । उन्होंने बताया कि हर चीज जो हमारे पास है वह हमें ईश्वर से मिली है । केवल बुराई ही ऐसी चीज है जो हमारी अपनी है । इसलिए देव दक्षिणा के रूप में हम यहां अपनी एक–एक बुराई देकर जाएं । दीप यज्ञ के बाद लोगों ने संकल्प लिया कि वह अपनी एक–एक बुराई छोड़ेंगे । उन्होंने गौहरपुरा स्थित मिशन फील्ड में 27 अक्टूबर से आयोजित 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ में भारी संख्या में भाग लेने का आवाहन भी लोगों से किया । इसके लिए समाधान और अंशदान देने की अपील भी उन्होंने की । दीपयज्ञ मे मंजू जी ,गीता जी ने प्रज्ञा गीत गाया । प्रज्ञा गीत सुनकर सभी भावविभोर हो गए। शक्ति कलश के साथ युग ऋषि संदेशवाहक सूरज भैया जी ,सविता,मंशा बहन , सुरजीत, रामपाल । कार्यक्रम में तहसील प्रभारी संजीव सक्सेना , भानुप्रताप मिश्रा ,रामकुमार रस्तोगी, जगदीश,सुनील एवं सभी परिजन उपस्थित रहे।

## विवाद मे पति ने पत्नी की जीभ काट ली

शाहजहांपुर में गाली–गलौज का विरोध करने पर पति ने पत्नी की जीभ काट ली। शराब पीने के बाद पति अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। घर के अंदर आए दिन हंगामा होने पर स्थानीय ग्रामीण भी इकट्ठा हो जाते थे। बुधवार रात दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। पत्नी ने विरोध किया तो बौखलाए पति ने अपने दातों से पत्नी की जीभ काट दी। जीभ पर गहरा जख्म हो गया। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना निगोही क्षेत्र के गांव बेला गौटिया निवासी धर्मपाल अपनी पत्नी विमला के साथ रहता है। धर्मपाल मेहनत मजदूरी करता है। आए दिन शराब पीकर गांव से लेकर घर के अंदर हंगामा भी करता है। पत्नी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि आए दिन शराब पीने के बाद पति घर आता है। उसके साथ गाली–गलौज कर मारपीट करता है। हर बार घर और बाहर के लोग आकर मामले को सुलझा देते थे। लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आता था। बुधवार की रात भी पति शराब पीने के बाद घर आया और गाली–गलौज करने लगा। गाली–गलौज का विरोध किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने अपने दातों से उसकी जीभ काट ली।जीभ पर गहरा जख्म हो गया। घटना के बाद आरोपी पति–पत्नी को घायल हालत में छोड़कर फरार हो गया। उसके बाद पत्नी अपने मायके पक्ष के साथ थाने में तहरीर देकर आरोपी पति पर कार्रवाई की मांग की। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर गई। घटना के बारे में पूछताछ की। उसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की ।

## खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय,खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सहायक खण्ड विकास अधिकारी कक्ष, एडीओ लेखाकार कक्ष, तकनीकी सहायक कक्ष, ब्लाक मिशन प्रबन्धन इकाई सहित कम्प्यूटर कक्ष अदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, भ्रमण पंजिका, मनरेगा पेमेंट, कैशबुक सहित अन्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता शंकर लाल के पटल पर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की महत्वपूर्ण पुस्तिका का वितरण न कराये जाने तथा पुस्तिकाओं को उचित स्थान पर व्यवस्थित रूप से न रखने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुये अवर अभियंता का वेतन रोकते हुये जवाब तलब करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जेई फुरकान आरिफअनुपस्थित पाये गये, जानकारी देते हुये बताया गया कि वह भ्रमण पर गये है, भ्रमण पंजिका में विवरण दर्ज न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने हेतु निर्देशित किया। एडीओ पंचायत कक्ष के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियां व्यवस्थित न पाये जाने तथा शासन द्वारा भेजी गयी प्रचार सामग्री का वितरण न कराये जाने पर एडीओ श्री नारायन सिंह का वेतन रोकते हुये जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। तकनीकी सहायक कक्ष के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नही पाई गयी, अभिलेखों का रख–रखाव भी व्यवस्थित ढंग से नही पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये तकनीकी सहायक प्रकाश चन्द्र व अनिल कुमार कैथवार की कड़ी फटकार लगाते हुये वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर सफाई कर्मी का भी वेतन रोकने हेतु निर्देशित किया। लेखाकार कक्ष के निरीक्षण के दौरान भी अभिलेख अव्यवस्थित पाये गाये जिस हेतु जिलाधिकारी ने लेखा सहायक अंकिता को एक सप्ताह के भीतर सभी अभिलेख व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी श्री अरविन्द कुमार रस्तोगी को कार्यालय में पत्रवलियों को व्यवस्थित कराने तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्थ करने के निर्देश दिये।

## राजस्व से जुड़े मामलों को निपटारे के लिए एसडीएम न्याय, तहसीलदार न्याय होंगे तो अतिरिक्त पदः जयवीर

**संवाददाता।** बरेली

**उत्तर** प्रदेश के प्रभारी मंत्री एवं सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने जयवीर सिंह ने बरेली में आज अधिकारियों के साथ जिले की समीक्षा बैठक की। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान , डीएम रविन्द्र कुमार के साथ जिले के तमाम अधिकारी और विधायक , महापौर मौजूद रहे। बैठक में मंत्री जयवीर सिंह ने जिले के अधिकारियों के समीक्षा बैठक करते हुए जिले की कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर बात की। वही जनप्रतिनिधियों से भी उनसे जुड़ी समस्याओं के बारे में पूछा । मंत्री जयवीर सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज अधिकारियों के साथ हुई बैठक में विस्तृत चर्चा होने के साथ कई योजना बनी । जिस पर आगे काम होगा। उन्होंने कानून व्यवस्था के सवाल पर कहा कि बरेली में कानून व्यवस्था अच्छी है। यूपी में कानून का राज है। माननीय मुख्यमंत्री ने भी इस दिशा में भी काफी काम किया हैं।बरेली में नाथ मंदिरों कॉरिडोर के रूप् में विकसित किया जा रहा हैं। जल्द बरेली पर्यटन के रूप में उभरेगा।मंत्री जयवीर ने देवरिया की घटना के बारे में कहा कि सरकार देवरिया की घटना को सरकार गंभीर हैं। सीएम भी गंभीर है। उसी का परिणाम है कि तमाम अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे । वही मंत्री ने यह भी बताया कि राजस्व से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए तहसील स्तर पर एसडीएम के साथ एसडीएम न्याय, तहसीलदार के साथ तहसीलदार न्याय का पद सृजित किया गया है।

## शराब के पैसे ना देने पर सिपाही ने अपने ही साथी को किया घायल

**बरेली।** बेटी की दवा लेने जा रहे एक सिपाही को उसके ही साथी ने नशे की हालत में रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे और इनकार करने पर उसने सिपाही पर हमला कर दिया जिससे सिपाही घायल हो गया घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन के पास बीती रात एक ऑटोमोबाइल मैकेनिक की दुकान के बाहर नशे की हालत मेखड़े पुलिस लाइन निवासी सिपाही अमित कुमार ने अपने ही साथी पुलिस लाइन में रहने वाले राम सिंह को रास्ते में रोक लिया राम सिंह अपनी बेटी की दवा लेने के लिए आवास से बाहर निकाला था लेकिन रास्ते में मिले अमित कुमार ने उसको रोक कर शराब पीने के लिए पैसे मांगे लेकिन राम सिंह ने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया जिससे वह उसके साथ गाली–गलौज करने लगा और विरोध करने पर हमला कर दिया इस दौरान उसने राम सिंह ने पत्थर भी फेके जिससे वह गए घायल हो गया घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई तब हमलावर फरार हो गया राम सिंह ने घटना की शिकायत पुलिस की तब थाने में शिकायत दर्ज कर ली गई दोनों पक्षों में समझौते की कोशिश जारी थी हमलावर अमित कुमार तीन बार पहले भी अलग–अलग मामलों में निलंबित हो चुका है।

## पूर्व चेयरमैन पति पर अपहरण का लगाया आरोप

**बरेली।** एक महिला ने पूर्व चौयरमैन पति पर अपने पति के अपहरण का आरोप लगाया और वीडियो वायरल कर सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए पति के जल्द बरामद न होने पर आत्महत्या की धमकी भी दी पुलिस मामले की जांच कर रही है ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला निर्धन निवासी चार बेटियों की मां यासमीन ने अपने पति के अपहरण की शिकायत एक्स (ट्वीटर) पर यूपी पुलिस, एडीजी, बरेली पुलिस और आईजी को टैग कर की और साथ ही एक वीडियो भी साझा किया जिसमें वह अपनी चारों बेटियों के साथ दिखाई दे रही है उनका कहना है कि उनके पति का पूर्व नवाबगंज चौयरमैन पति डॉ. ताहिर ने अपहरण कर लिया है उसने कहा किडॉ. ताहिर के अलावा उनके पति का बहनोई,उसकी बहन समेत कुछ लोग शामिल है उन्हें तलाक कराने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही है जिसकी रिकार्डिंग उसके पास है जिससे वह बेहद तनाव में आ गई है उन्होंने सरकार के मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके पति जल्द बरामद नहीं हुए तो वह आत्महत्या कर लेंगी इसका जिम्मेदार डॉ. ताहिर होगा इस मामले में प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज को पजांचकर कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण, परखी शिक्षा की गुणवत्ता

● बच्चों से पढ़वाई अंग्रेजी की पुस्तक, सुना पहाड़ा

**संवाददाता।** बांदा।



**जिलाधिकारी** श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज प्राथमिक विद्यालय महोखर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पचनेही-3 एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचनेही भाग-1 का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय महोखर का निरीक्षण करते हुए बच्चों की दी जाने वाली सुविधा एवं शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करने के लिए कक्षा तीन के छात्रों से 13 का पहाडा सुना तथा कक्षा-4 व 5 के बच्चों से अंग्रेजी की पुस्तक को पढवाया। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को निर्देश दिये कि हिन्दी भाषा के साथ अंग्रेजी एवं गणित विषयों में भी बच्चों को और बेहतर शिक्षा ध्यान देकर प्रदान की जाए। उन्होंने विद्यालय में छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति, मिड-डे-मील वितरण, विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, पानी की उपलब्धता तथा समुचित प्रकाश की व्यवस्था आदि का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में शौचालयों तथा विद्यालय प्रांगण की नियमित रूप से सफाई कर्मियों के रोस्टर के अनुसार सफाई कराये जाने के निर्देश अध्यापकों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय में गन्दगी नही होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने प्राथमिक विद्यालय पचनेही भाग-3 में कक्षा-3 के बच्चों से हिन्दी पुस्तक को पढवाकर हिन्दी भाषा के ज्ञान के सम्बन्ध में प्रश्न पूंछते हुए जानकारी ली तथा अध्यापकों को निर्देश दिये कि कमजोर बच्चों को चिन्हित कर आगे बैढायें और ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान रखते हुए उनके पढाई के कार्य को चेक करें। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिये कि समय से उपस्थित होकर शिक्षण कार्य को और बेहतर किया जाए।

# मानकों की धज्जियां उड़ाकर बनी आलीशान बिल्डिंग की गई सीज़



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**मानकों** की धज्जियां उड़ाकर मनमर्जी से निर्मित करायी गये आलीशान भवनों पर अब उरई विकास प्राधिकरण द्वारा कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गुरुवार को प्रशासनिक अमले की टीम जेल रोड स्थित एक आलीशान बिल्डिंग पर पहुंची जहां उसे सीज करने की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। उक्त कार्यवाही के चलते अवैध ढंग से निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया। सचिव उरई विकास प्राधिकरण उरई अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि मुव्वस्सर हसन मंसूरी पुत्र जलील अहमद मंसूरी व श्रीमती हमीदन बेगम पत्नी अब्दुल सत्तार मंसूरी निवासी मोहल्ला लहारियापुरवा उरई जिला जालौन निर्माण स्थल-नया पटेल नगर जेल रोड उरई के द्वारा तीसरी मंजिल से अधिक तल एवं सड़क की चौड़ाई से प्रभावित क्षेत्रफल व समस्त तलों पर सैटवैक से प्रभावित क्षेत्रफल को ध्वस्त नहीं किया गया था जिसे शुक्रवार को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल व प्राधिकरण कर्मचारियों की उपस्थिति में उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनिमय-1973 (यथा संशोधित-1997) की धारा-28क (1) के अंतर्गत विवादित अवैध निर्माण परिसर को सील कर दिया गया है।

# बाबा साहब के अधूरे मिशन को हमारी सरकार कर रही पूरा: आरके सिंह पटेल

● मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**संवाददाता।** चित्रकूट




**मेरी** माटी ,मेरा देश कार्यक्रम के तहत जिले के पहाड़ी ब्लाक में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने बैलगाडी से ब्लाक परिसर पहुंच 81 ग्राम पंचायतों के प्रधानों द्वारा ग्रामीणों के बीच केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।सासंद ने कहा कि गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ मोदी-योगी सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के अधूरे सपने को पूरा कर रहे है।

शुक्रवार को मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के तहत पहाडी विकास खंड में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलवारा बुजुर्ग के प्रधान जवाहरलाल पटेल द्वारा बैलगाड़ी को सजाकर मेरी माटी, मेरा देश की रैली लेकर ब्लॉक में उपस्थित हुए और बैलगाड़ी में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ सवार रहे। जिसे देखने के लिए लोगों की लालसा व उत्सुकता देखते ही बनती थी। इसके बाद ब्लाक परिसर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय अखण्डता का प्रतीक है। शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक मुठ्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। जिसके लिए प्रत्येक गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली काम कर रही है। कहा- भारत के प्रत्येक नागरिक पर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी है।

# मुकुट पूजा के साथ प्रारम्भ हुई चित्रकूट की ऐतिहासिक रामलीला



**चित्रकूट।** सैकड़ों वर्ष पुरानी प्रख्यात रामलीला की शुरुआत आज नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के निर्देशन में मुकुट पूजा से की गई । परंपरा के अनुसार इस वर्ष 162 वां रामलीला महोत्सव का आयोजन पुरानी बाजार स्थित धुस मैदान में किया जा रहा है। यह रामलीला पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे विश्व में जाहिर है। इसे अनुष्ठानी रामलीला के नाम से भी जाना जाता है। मुकुट पूजा के बाद श्याम कल रामलीला के मंत्र से बनारस में होगी लीला संपन्न कराई जाएगी और इसके बाद आज से रामलीला पूरे 18 दिनों तक आयोजित होती रहेगीऔर दशहरा के दिन रावण की लीला धुस मैदान पार्क स्थित क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया जाएगा।

यह रामलीला मंडली अपनी कला के रूप में पहचानी जाती हैं और इसके लिए विशेष तैयारी की गई। पहले दिन रामलीला भवन से जय श्री राम के नारे लगाते हुए रामलीला समाज के लोग हनुमान मंदिर पहुंचे वहां पर विधि विधान से हनुमान मंदिर में मुकुट पूजा की गई और पात्रों को भी रोली चंदन लगाकर सम्मान किया गया। इसके बाद आरती और प्रसाद वितरित हुआ।

# जमीन पर पड़ा अभिलेख व गंदगी देख नाराज़ हुए डीएम



**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान अभिलेख जमीन पर रखे मिलने व गंदगी फैली देख कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर रैक लगवाकर अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित ढंग से रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने चकबंदी बंदोबस्त अभिलेख, संग्रह अनुभाग, दैवीय आपदा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सहायक उपायुक्त स्टाम्प, औषधि निरीक्षक व नजारत अनुभाग आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रख रखाव किया जाये, साथ ही समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

# मनरेगा उपायुक्त ने पचीपुरा कलां में जनचौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

● बीडीओ ने ग्रामीणों से ली जानकारी

**संवाददाता।** कोंच, जालौन




**विकास** खंड कोंच की ग्राम पंचायत पचीपुरा कलां में शुक्रवार को सचिवालय पर जनचौपाल का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मनरेगा एके दीक्षित ने गांव में चल रहे विकास कार्यों के बाबत विभिन्न विंदुओं पर जानकारी ली और शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बाबत बताते हुए ग्रामीणों से उनका लाभ लेने के लिए कहा। उन्होंने विभागीय लोगों से भी कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी कोंच प्रतिभा शाल्या, ग्राम प्रधान रागिनी देवी, प्रधान प्रतिनिधि नंदकिशोर, सचिव पवन तिवारी, तकनीकी सहायक इंजी. राजीव रेजा, मानवेंद्र सिंह ददू, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, महिला मेट सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जेवरात, नगदी लेकर रफूचक्कर हुए टप्पेबाज

**कोंच, जालौन।** शुक्रवार को दो टप्पेबाज एक महिला के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गये। पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए नीतू पत्नि लालू निवासी ग्राम पीपरी कलां हाल निवासी नया पटेल नगर कोंच ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे मार्कण्डेयश्वर तिराहे परउसके पास दो अज्ञात युवक आये और उससे बोले कि हम लोगों को ये कुछ रुपये पड़े हुए मिले हैं। आपस में बांट लेते हैं। विश्वास में आकर वह उक्त दोनों के साथ कुछ दूर रामकुंड के पास एक सुनसान स्थान पर गयी जहां उनमें से एक युवक बोला कि उसके दूसरे साथी को विश्वास दिलाने के लिए तुम्हें अपने जेवर और पास में मौजूद नगदी कुछ देर के लिए जमा करने होंगे। नीतू ने बताया कि बातों में आकर उसने कान में पहनी एक तोला सोने के वजन की झुमकी, मंगलसूत्र, मनचली, ताबीज सहित 3 हजार रुपये उक्त दोनों युवकों को दे दिए। कुछ देर बाद ही उक्त दोनों उसे चकमा देकर मौके से भाग गये।

## क्विक न्यूज

### आर्थिक तंगी के चलते किसान ने की आत्महत्या

**रसूलाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिठऊ पुरवा में किसान ब्रजेंद्र स्वरूप पुत्र रामनाथ 52 खेती मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। आर्थिक तंगी एवं कर्ज के कारण व परेशान रहता था जिसके चलते उसने देर रात्रि गांव के बाहर आम के बगीचे में जाकर अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चार बेटियां थी जिसमें वह तीन बेटियों की शादी कर चुका था। जिससे उस पर कफी कर्ज काफी कर्ज हो गया था। अभी एक बेटी की शादी करना बाकी था। परंतु बीती रात वह भोजन करके घर के बाहर टहलने निकले और गांव के बाहर बगीचे में आम के पेड़ से गमछे से फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई युवक की मौत

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना निवासी वीरेंद्र राजपूत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि लगभग 10 बजे उसका बेटा गोविंद कायमगंज जाने के लिए फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित टेडी कोन के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। उसी समय तेज रफ्तार अनियंत्रित गति से बाइक संख्या यू पी76 एपी 14 29 के चालक ने मेरे बेटे के टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक चालक तेजी से बाइक दौड़ता हुआ कायमगंज की ओर भागा। मौके पर मौजूद मेरे ही गांव के दो लोगों ने बाइक का नंबर नोट किया और पुलिस को सूचना दी। घायल अवस्था में बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाया गया। अस्पताल में भर्ती होने के बाद गंभीर हालत होने के कारण उसकी दु:खद मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

### जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं हावी, गोद बनी स्ट्रेचर

**फतेहपुर।** अस्पताल की अव्यवस्थाओं का एक नजारा फिर उस समय आज देखने को मिला जब हथगाम थाना क्षेत्र के हनुमान सिंह का पुरवा की रहने वाली मंजू अपने पति के साथ हुए ऑपरेशन के बाद परेशानी परएंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंची। गिड़गिड़ाने के बावजूद 108 एंबुलेंस के स्टाफ ने स्ट्रेचर नहीं दिया। अस्पताल में स्ट्रेचर न मिलने से पत्नी को उसे गोद में उठाकर इलाज के लिए अंदर ले जाना पड़ा। ऐसी तस्वीरें हर रोज अस्पतालों से आ रही हैं लेकिन कर्ताधर्ता हैं कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। सत्ताधारी नेता खोखली बयानबाजी एवं आंकड़े गिनाने में मस्त हैं जबकि आम आदमी अपनी मूलभूत समस्याओं से हर दिन ऐसे ही जूझता नजर आता है। बाहर से दवा लिखने एवं प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की दलाली से तीमारदार परेशान हैं। सरकारी अस्पताल के कई चिकित्सक अवैध संचालित नर्सिंग होमों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### पार्टी पर्यवेक्षक ने जिले में डेरा डाला, बदलाव की चर्चा तेज

**जालौन, उरई।** भारतीय जनता पार्टी में जिले स्तर पर बदलाव के साथ ही मंडल स्तर पर भी बदलाव की चर्चा तेज हो गई हैं। माना जा रहा है की नवरात्रि तक मंडलों के नए नगर अध्यक्षों की घोषणा की जा सकती है। नगर स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए बीते दिनों भाजपा ने पर्यवेक्षक के रूप में संजीव उपाध्याय क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र को जालौन भेजा। जहां उन्होंने नगर अध्यक्ष के रूप में अच्छे कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार अभय राजावत, अभिनय राजावत, उपेंद्र गुर्जर, कैलाश पाटकर, धीरज बाथम, राजीव मिश्रा, प्रदीप सक्सेना, कुंवर सिंह यादव प्रमुख दावेदार बताए जा रहे हैं। वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत के पक्ष में उनकी कार्यशैली मजबूती से खड़ी है तो वहीं उपेंद्र गुर्जर मौजूदा भाजपा जिला अध्यक्षा के भाई के खास बताए जा रहे हैं। उपेंद्र गुर्जर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं, ऐसे में नगर क्षेत्र में लाना ठीक रहेगा इस पर पार्टी को विचार करना होगा।

### सनातन धर्म मंडल के प्रदेश महामंत्री बने कैलाश प्रसाद मिश्र



**चित्रकूट।** भारतीय सनातन धर्म मंडल के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री कैलाश प्रसाद मिश्र ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें भारतीय सनातन धर्म मंडल के प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इस पर पूरी ईमानदारी कर्मठता के साथ काम करेंगे और संगठन को मजबूत बनाएंगे। साथ ही सनातन धर्म को मजबूती देंगे। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री बने कैलाश प्रसाद मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए वह हर संभव संघर्ष करेंगे। सनातन शब्द की उत्पत्ति किसी धर्म विशेष से नहीं हुई है। इसमें सभी धर्मो का समावेश है। हिंदू ,मुस्लिम ,सिख ,इसाई आपस में सब भाई-भाई,इसमें न कोई जाति भेद है और न वर्ग भेद है, लेकिन समाज में कुछ राजनीतिक लोगों ने वोट की राजनीति के खातिर समाज में भ्रांतियां पैदा कर सनातन धर्म को बदनाम करने का प्रयास किया है जो गलत है।

# जमीन विवाद में दो सगे भाईयों की पीटकर की हत्या, चार लोग गंभीर रूप से घायल

● घटनास्थल पर पहुंचे डीएम, एसपी, एडीजी और आईजी

● पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रविकान्त दुबे।** कानपुर



**उत्तर** प्रदेश में देवरिया के बाद अब कानपुर देहात में भी जमीनी विवाद के चलते दो सगे भाइयों की पीट पीटकर कर हत्या कर दी गई। हत्या से गांव में हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया है। विवाद महज ढाई विश्वा जमीन का था। उसी जमीन पर अपना हक जताने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मामला गजनेर थाना क्षेत्र के शाहजहापुर निनाया गांव का है। जहा गुरुवार रात करीब 11 बजे गांव में दो पक्षों में जमीनी विवाद के चलते दो भाईयों की पीट पीटकर हत्या कर दी है और महिला नाबालिक सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है। घटना से गांव में हड़कंप मच गया एडीजी आईजी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होनें घटना को जानकारी ली। गांव के निवासी जय बहादुर सिंह ने बताया की रामबीर शर्मा और सत्य नारायण शर्मा ने ढाई विश्वा जमीन मोहन शुक्ला के बाबा से नोटरी पर खरीदी थीं यह पूरा रकबा 17 विश्वा का है मोहन के बाबा ने इसको पांच लोगो को अलग अलग बेची थी 2 साल पहले रामबीर और सत्य नारायण ने इसी जमीन से नीम का पेड़ जो लगा हुआ था उसे भी कटवाया था तब कोई विबाद नही था। यह अभी 26 सितंबर से विवाद शुरू हुआ है जब से मोहन को उनके पिता प्रेम नारायण,और चाचा उदय नारायण और काशी ने एक बयाना कर दिया था उसी के बाद से जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद शुरू हो गया। पुलिस को सूचना दी गई थी पर उसके बाद भी यह घटना हो गई।

# स्कूल मिनी बस के नीचे आया मासूम छात्र, मौत

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के शिवपुरम मुहल्ला स्थित सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को छुट्टी के समय एलकेजी के पांच वर्षीय छात्र की स्कूल की मिनी बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर के लिए निकल रहे थे तभी चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को निकाला जिससे पांच वर्षीय छात्र टायर के नीचे आ गया। चालक मिनी बस छोड़कर भाग गया। पुलिस मिनी बस को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी गौतम नगर मोहल्ला निवासी चंद्रभान गुप्ता का 5 वर्षीय पुत्र सार्थक गुप्ता सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में एलकेजी का छात्र था। आज वह छुट्टी होने पर घर के लिए ई-रिक्शा में सवार होने जा रहा था। तभी अचानक पीछे से आई स्कूल की मिनी बस ने बच्चे को कुचल दिया।

# इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना में फिर लहराया जिले का परचम

**पुखरायां, कानपुर देहात।** इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना अंतर्गत जनपद ने फिर से मंडल और प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है। जिसमें मिली सफलता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार ने जिले के प्रधानाचार्यों एवं अन्य सहयोगियों को बधाई दी है।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के अन्तर्गत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद कानपुर देहात ने एक बार फिर से मंडल एवं प्रदेश में परचम लहराया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय एवं नोडल अधिकारी अकीला सिद्दीकी के प्रयासों से यह मुकाम हासिल हुआ है। मालूम हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने इंस्पायर अवार्ड योजनान्तर्गत जनपद के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 10 तक के प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम पांच-पांच छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराने लक्ष्य निर्धारित किया था। पंजीकरण की निर्धारित अंतिम तिथि तक जनपद में आंकड़ा 2434 पंजीकरण तक पहुंच गया था। अभ्यास कराया गया। जनपद में शिक्षा विभाग को हासिल हुई इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी आलोक सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रिद्धी पाण्डेय, नोडल प्रभारी इंस्पायर अवार्ड अकीला सिद्दीकी समेत समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, एआरपी, जिला विज्ञान क्लब की समस्त टीम, जनपद के समस्त माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापकों की सक्रियता एवं सहयोग प्रदान करने के लिये शुभकामना दी है।

# पेज एक का शेष

## विधानसभा चुनावों...

कहा कि चुनाव न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। उन्होंने पर्यवेक्षकों को सोशल मीडिया पर नजर रखने और सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने पर्यवेक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनका काम पूरी भावना के साथ किया जाए और कानून का शासन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक ईसीआई की आंख और कान हैं और उन्हें शिकायतों का तुरंत निपटारा करना चाहिए। सीनियर डीईसी/डीईसी और डीजी ने पर्यवेक्षकों को चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे ईवीएम, मतदाता सूची, एमसीसी, व्यय, कानूनी प्रावधान, आईटी पहल, एमसीएमसी और सोशल-मीडिया से संबंधित एसओपी के बारे में भी जानकारी दी। लगभग 1,180 अधिकारियों ने राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित सत्र में भाग लिया। चुनाव में देश भर में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य लेखा सेवाओं से लिए गए अधिकारियों को सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किया जाता है।

## मप्र में...

कोशिश की। इससे पहले अप्रैल में, कमलनाथ ने भोपाल कांग्रेस कार्यालय में एक हिंदू धर्मसंवाद का भी आयोजन किया था, इस दौरान पार्टी परिसर भगवा रंग के झंडों से भर गया था। सूत्रों के मुताबिक, कमलनाथ का यह फैसला कई कांग्रेस नेताओं को रास नहीं आया और उन्होंने कमलनाथ के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी। विवाद बढ़ा तो कमल नाथ को हिंदुत्व के मुद्दे पर कदम पीछे खींचने पड़े। भाजपा नेता उमाशंकर गुप्ता ने आरोप लगाया कि जब से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला चुनाव के लिए भोपाल आए हैं, तब से कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उम्मीदवारों की सूची जारी करने में देरी का कारण भी यही गुटबाजी है। सुरजेवाला केंद्रीय राजनीति में सक्रिय हैं और कांग्रेस के वफादार हैं, जबकि कमलनाथ एक अनुभवी नेता हैं जो संजय गांधी युग में प्रमुख थे। हाल ही में दोनों नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नाथ ने साफ तौर पर कहा था कि वह मीडियाकर्मियों से मिलने में विश्वास नहीं रखते क्योंकि वह व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा था कि सुरजेवाला यहां हैं, इसलिए मीडियाकर्मियों को उनसे ही संपर्क करना चाहिए। उमाशंकर गुप्ता का कहना है कि यही वजह रही कि कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक 9 घंटे तक चली, लेकिन सुरजेवाला खेमे का विरोध देखकर कमलनाथ बाहर चले गए। वह आगे कहते हैं कि दिग्विजय सिंह को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक से दूर रखने के लिए उन्हें रैली में कुर्सियां गिनने के लिए भेजा गया था। वहीं भाजपा पहले ही 79 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उमाशंकर गुप्ता का कहना है कि कांग्रेस में सबका अपना-अपना एजेंडा है।

## कनाडा ने...

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है। भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को अपने यहां से निष्कासित कर दिया था। सीटीवी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत सरकार ने ओटावा को कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति कम करने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया है। उसका कहना है कि नई दिल्ली में राजनयिकों की संख्या कनाडा में भारत के राजनयिकों की संख्या के समान होनी चाहिए। पहले की खबरों में कहा गया कि इन राजनयिकों की संख्या 41 है लेकिन सीटीवी न्यूज के सूत्रों ने बताया कि राजनयिकों की संख्या समान करने के लिए कहा गया है। खबर में कहा गया है, दिल्ली के बाहर भारत में काम कर रहे अधिकांश कनाडाई राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेजा गया है। कनाडा के राजनयिक और दूतावास संबंधों का प्रबंधन करने वाले विभाग ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने पहले कहा था कि विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर कुछ राजनयिकों को धमकियां मिलने के बाद वह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है। विभाग ने कहा, इसके परिणामस्वरूप और अत्यधिक सावधानी बरतते हुए, हमने भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या को अस्थाई रूप से कम करने का फैसला किया है। 26 सितंबर को, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा पर कार्रवाई अपनी राजनीतिक सुविधाओं के लिए नहीं करने को कहा। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

## नरगिस मोहम्मदी...

इस नियम का अनुपालन करना अनिवार्य है। द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए गए बयान में मोहम्मदी ने कहा, मानवाधिकार के लिए मेरे आंदोलन को मिला वैश्विक समर्थन और मान्यता मुझे और दृढ़, जिम्मेदार, जुझारू और आशावान बनाता है। उन्हें उम्मीद है कि इस मान्यता से बदलाव के लिए ईरानियों का प्रदर्शन और मजबूत व संगठित होगा। जीत नजदीक है। रीस-एंडरसन ने बताया कि मोहम्मदी 13 बार जेल गईं और उन्हें पांच बार दोषी करार दिया गया, उन्हें कुल 31 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। मोहम्मदी की हालिया गिरफ्तारी 2021 में तब हुई, जब उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में मारे गए एक व्यक्ति की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्हें तेहरान के कुख्यात इविन कारागार में रखा गया है। इसी जेल में पश्चिमी देशों से संपर्क रखने के आरोपियों और राजनीतिक कैदियों को रखा गया है। जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने कहा कि ईरान की महिलाएं दुनिया के लिए प्रेरणा हैं। प्रतिशोध, धमकी, हिंसा और हिरासत के सामने उनका साहस और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी और ईरान में हिरासत में लिए गए मानवाधिकार के सभी रक्षकों की रिहाई की मांग करते हैं। मोहम्मदी 19वीं महिला हैं, जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दूसरी ईरानी महिला हैं। मोहम्मदी से पहले वर्ष 2003 में शिरिन इबादी को शांति के नोबेल पुस्कार से सम्मानित किया गया था। नोबेल पुरस्कार के 122 साल के इतिहास में यह पांचवी बार है, जब शांति पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो कारागार में था या नजरबंद था।

## अंधेरी टाइगर...

क्षेत्रों में जहां मादा टी 7 और टी 12 हैं वहां बाघों के अधिकार क्षेत्र के अतिक्रमण के साथ कब्जा करते हुए भी देखा गया है। इससे इन मादाओं के साथ समागम (मेटिंग) करने के लिए पुरुषों के बीच उच्च प्रतिस्पर्धा होती है। नर उन शावकों को मार देते हैं जिन्हें उन्होंने नहीं पाला है ताकि मादाएं उनके साथ समागम करें और मादा के लिए अपने शावकों को उसके क्षेत्र में घूमने वाले सभी नरों से बचाना और साथ ही शावकों को भोजन उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाता है। कृष्णन ने कहा, उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण शावकों को भी बहुत कम उम्र में अलग-थलग होने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उनकी मृत्यु का खतरा होता है। अध्ययन के प्रमुख जांचकर्ताओं में डब्ल्यूआईआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिलाल हबीब, कैप्टन डॉ. पराग निगम, डॉ. जितेंद्र रामगावकर, नंदकिशोर काले और कुशाग्र पाठक शामिल थे।

# विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए सत्याग्रह लगातार जारी

**असोथर, फतेहपुर।** विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए नरैनी चौराहे पर बीते दो अक्टूबर से चल रहे सत्याग्रह में जिस प्रकार से जनप्रतिनिधियों की कारगुजारी सामने आ रही है, उससे निपटने के लिए क्षेत्र के लोग तैयार खड़े हैं। सत्याग्रही प्रवीण पांडेय की बिगड़ती हालत पर भी जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। उधर सड़क सत्याग्रह का समर्थन करते हुए असोथर, खखरेड़ू व किशुनपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इसे आर-पार की लड़ाई का रूप देने की बात कही। पांचवें दिन मां दुर्गा, भारत माता की आरती के साथ सत्याग्रह की शुरुआत हुई। लोधौरा गांव से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ग्रामीणों का कहना था कि पांच दिनों से जिम्मेदार अधिकारियों की कान में जूं तक नहीं रेंगी है। सत्याग्रही की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। खराब सड़क की बात करने पर हमेशा वादा किया जाता था कि बहुत जल्दी बनेगी। अब जब सड़क के लिए पांच दिनों से सत्याग्रह जारी है तो वही जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय लोगों के बीच आने से घबराते हैं। सत्याग्रहियों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र लिखकर सभी को विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग की बदहाली से अवगत कराया।

# सीरिया में सैन्य समारोह में ड्रोन हमला 67 लोगों की मौत, सैकड़ों घायल

भाषा। बेरूत



**सीरिया के** मध्यवर्ती शहर होम्स में बृहस्पतिवार को सेना के एक पासिंग आउट परेड समारोह के दौरान ड्रोन हमले में 67 लोग मारे गए तथा 180 घायल हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह हाल के वर्षों में सीरियाई सेना पर सबसे घातक हमलों में से एक था। सीरिया में पिछले तेरह वर्षों से संघर्ष जारी है। शहर के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुसलेम अल-अतासी ने कहा कि इन हमलों से होम्स में हो रहे समारोह पर असर पड़ा, क्योंकि समारोह समापन की ओर था। उन्होंने बताया कि हताहतों में आम नागरिक और सैन्यकर्मी दोनों शामिल हैं। अल-अतासी ने बताया कि कई घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के कई अस्पतालों में किया जा रहा है। सीरिया की सेना ने पहले एक बयान में कहा कि विस्फोटकों से युक्त ड्रोन ने युवा अधिकारियों और उनके परिवारों को निशाना बनाया। उन्होंने किसी विशेष समूह का नाम लिए बिना, हमले के लिए ज्ञात अंतरराष्ट्रीय ताकतों द्वारा समर्थित विद्रोहियों पर आरोप लगाया। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सेना ने हताहतों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने कहा कि सरकार ने शुक्रवार से तीन दिन के शोक की घोषणा की है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स, एक विपक्षी युद्ध मॉनिटर और सरकार समर्थक शाम एफएम रेडियो स्टेशन ने सबसे पहले हमलों की सूचना दी थी। सीरियाई सेना ने कहा, "वह इन आतंकवादी संगठनों को पूरी ताकत और निर्णायकता से जवाब देगी, चाहे वे कहीं भी मौजूद हों"। सीरिया का संकट मार्च 2011 में राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर सरकार की क्रूर कार्वाई के बाद जल्द ही यह गृहयुद्ध में बदल गया। ड्रोन हमले के बाद, सीरियाई सरकारी बलों ने विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिम के इदलिब प्रांत के गांवों पर गोलाबारी की।

### मारे गए लोगों के शव प्राप्त करने अस्पताल के बाहर एकत्र हुए परिजन

**होम्स (सीरिया)।** सीरिया के होम्स शहर मे बृहस्पतिवार को सेना के एक पासिंग आउट परेड समारोह के दौरान घातक ड्रोन हमले मे मारे गए लोगो के परिवार के सदस्य शुक्रवार को एक सैन्य अस्पताल के बाहर उनके शव लेने के लिए एकत्र हुए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, होम्स मिलिट्री अकादमी पर बृहस्पतिवार को हुए हमले मे 31 महिलाओ और पांच बच्चो समेत 89 लोग मारे गए तथा 277 लोग घायल है।

# आयोवा में मेरी प्रचार मुहिम टीम की कार को प्रदर्शनकारियों ने टक्कर मारी: रामास्वामी

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के दावेदार विवेक रामास्वामी ने आरोप लगाया कि यूक्रेन की मदद का विरोध करने से नाराज दो प्रदर्शनकारियों ने आयोवा में खड़ी उनकी प्रचार मुहिम टीम की कार को अपने वाहन से जानबूझकर टक्कर मार दी, उनकी टीम की ओर अभद्र इशारा किया और भाग गए। बहरहाल, पुलिस का कहना है कि रामास्वामी के इस आरोप की पुष्टि करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि यह टक्कर जानबूझकर मारी गई थी।आयोवा के ग्रिनेल में बृहस्पतिवार को एक नीली कार ने प्रचार मुहिम टीम की एसयूवी (स्पेशल यूटिलिटी व्हीकल) को कथित रूप से पीछे से टक्कर मारी। कार एक महिला चला रही थी और उसके साथ एक अन्य यात्री उसमें सवार था।रामास्वामी (38) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रदर्शनकारियों के साथ आज सभ्य तरीके से बातचीत हुई, लेकिन उसके कुछ ही देर बाद उनमें से दो अपनी कार में आए और उन्होंने हमारी कार को टक्कर मार दी। इन दोनों लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए, लेकिन गलत व्यवहार करने वाले दो लोगों के आचरण के कारण शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के बाद एक बयान में कहा, शुक्र है कि कोई घायल नहीं हुआ। जब यह घटना हुई, उस समय रामास्वामी कार में नहीं थे।रामास्वामी ने कहा, मैं आज सुबह एक प्रचार अभियान कार्यक्रम में भाग ले रहा था और प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह से मेरी मुलाकात हुई। मैंने उनके सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब दिया और अपने विचार व्यक्त करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया, भले ही मैं उनसे असहमत था।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका पुराने हो चुके परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा

**रेनो (अमेरिका)।** अमेरिका मे परमाणु हथियारो का भंडार है और ए हथियार कई साल पुराने है इसलिए अब अगले साल नेवादा के रेगिस्तान मे यह पता लगाने के लिए इनका परीक्षण किए जाने की तैयारी की जा रही है कि क्या जरूरत पड़ने पर ए काम आएंगे।वैज्ञानिको का कहना है कि इन हथियारो के भूमिगत परीक्षण से कोई भी भयावह अनहोनी होने का जोखिम है।राष्ट्रीय रक्षा प्रयोगशालाओ के विशेषज्ञ 1992 मे भूमिगत परीक्षण पर प्रतिबंध के बाद से परमाणु हथियारो की प्रभाविता और विश्वसनीयता की पुष्टि नही कर पाए है। लेकिन ऊर्जा विभाग के अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वे नियंत्रित तरीके से और बिना कोई बड़ा परमाणु विस्फोट किए, इन हथियारो का परीक्षण करने की तैयारी कर रहे है।इस परीक्षण का मकसद उन कई अहम सवालो का जवाब देना है कि क्या देश के पुराने परमाणु हथियार अब भी काम के है। शीतयुद्ध के दौरान असल मे परमाणु विस्फोट करके इन सवालों का जवाब दिया गया था। 1950 और 1960 के दशक मे न्यू मेक्सिको और नेवादा के रेगिस्तान मे विस्फोट किए गए।

### वैगनर प्रमुख के विमान दुर्घटना में पीड़ितों के शरीर में हथगोले के टुकड़े पाए गए : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगस्त मे वैगनर सेना के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन के विमान दुर्घटना मे मारे गए लोगो के शरीर मे हथगोले के टुकड़े पाए गए है। पुतिन ने कहा कि दुर्घटना की जांच कर रहे विशेषज्ञो को कोई संकेत नही मिला कि विमान को बाहरी प्रभावे का सामना करना पड़ा था। वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन सहित जहाज पर सवार सभी 10 लोग मारे गए थे। पुतिन ने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। हालांकि उन्होंने यह नही बताया कि दुर्घटना का कारण क्या था। जून मे प्रिगोझिन के विद्रोह ने पुतिन के लिए सबसे बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी, लेकिन बाद में उसे निष्प्रभावी कर दिया गया था।

### पूर्वी यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में 10 साल के बच्चे और उसकी दादी की मौत

**खारकीव (यूक्रेन)।** उत्तर पूर्वी यूक्रेन के खारकीव मे शुक्रवार को रूस के एक मिसाइल हमले मे 10 साल के बच्चे और उसकी दादी की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अधिकारियो के मुताबिक, इसी क्षेत्र मे एक दिन पहले हुए हमले मे कम से कम 52 नागरिको की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि यह हमला युद्ध के महीनो मे हुए सबसे घातक हमलो मे से एक था। एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओ ने शुक्रवार सुबह हुए इस हमले के बाद आपात दलो को इमारत के मलबे से बच्चे के शव को बाहर निकालते हुए देखा

### श्रीलंका में भारी बारिश और बाढ़ से छह लोगों की मौत, विद्यालयों को बंद किया गया

**कोलंबो।** श्रीलंका मे भारी बारिश की वजह से कई हिस्सो मे बाढ़ आने, मिट्टी धंसने और पेड़ गिरने की घटनाओ मे कम से कम छह लोगो की मौत हो गई और कुछ इलाको मे विद्यालय बंद कर दिए गए। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।श्रीलंका मे करीब दस दिन से मानसून की तेज बारिश हो रही है, जिसकी वजह से घरो, खेतो और सड़को पर पानी भर गया है।राजधानी के मुख्य अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. रुक्शान बेल्लाना ने बताया कि कोलंबो मे शुक्रवार को एक चलती बस पर विशाल पेड़ गिर गया। उन्होने बताया कि इस घटना मे पांच लोगो की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए।

### अमेरिका में भारतीय मूल के दंपति और दो बच्चे घर के अंदर मृत पाए गए

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यू जर्सी मे भारतीय मूल के एक दंपति और उनके दो बच्चे अपने घर मे मृत पाए गए। पुलिस ने इस मामले को लेकर हत्या की जांच शुरू कर दी है। प्लेन्सबोरो पुलिस विभाग ने कहा कि 43 वर्षीय तेज प्रताप सिंह और 42 वर्षीय सोनल परिहार अपने दस वर्षीय और छह वर्षीय बेटे के साथ बुधवार शाम साढ़े चार बजे के बाद अपने प्लेन्सबोरो स्थित घर मे मृत पाए गए। मिडलसेक्स काउंटी अभियोजक योलान्डा सिस्कोन और प्लेन्सबोरो पुलिस विभाग के प्रमुख इमोन ब्लैचर्ड ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वर्तमान मे एक हत्या की जांच चल रही है। उन्होने एक संयुक्त बयान मे कहा,चार अक्टूबर की शाम को अधिकारियो को प्लेनसबोरो मे घर की जांच के अनुरोध के लिए 911 पर कॉल किया गया, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घर से चार लोगो के शव को बरामद किया। उन्होंने कहा, इस मामले को लेकर जांच जारी है और आज शव का परीक्षण किया जा रहा है।

### अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने की योजना लागू होगी : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 17 लाख अफगान नागरिको सहित अवैध प्रवासियो को देश से निर्वासित करने की घोषित योजना को चरणबद्ध और व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाएगा। माना जा रहा है कि यह बयान संभवतः इस्लामाबाद द्वारा मंगलवार को अप्रत्याशित रूप से घोषित योजना से उत्पन्न अंतरराष्ट्रीय चिंताओ को शांत करने और अफगान शरणार्थियो के बीच व्याप्त भय को दूर करने के लिए दिया गया है। पाकिस्तान ने कहा है कि बिना वैध दस्तावेज के देश मे रह रहे अफगानो सहित सभी प्रवासियो को सामूहिक गिरफ्तारी एवं जबरन निर्वासन से बचने के लिए 31 अक्टूबर से पहले स्वेच्छा से अपने-अपने देशो को लौटना होगा। पाकिस्तान की इस घोषणा के बाद बिना दस्तावेजो के रह रहे लोगो मे भय व्याप्त हो गया और फैसले की कई अधिकार समूहो ने निंदा की थी। कार्यकर्ताओ का कहना है कि अफगान नागरिको को जबरन वापस भेजना उनको खतरे मे डालना होगा।

### नवाज शरीफ ने सुरक्षात्मक जमानत के लिए लाहौर की अदालत में मेडिकल रिपोर्ट सौंपी

**लाहौर-इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की स्वास्थ्य संबंधी एक चिकित्सा रिपोर्ट से पता चला कि उनमें अभी भी कुछ अवशिष्ट एंजाइनल लक्षणै है, जिन पर लंदन और पाकिस्तान मेें लगातार निगरानौ की आवश्यकता होगी। नवाज (73) के लंदन मे लगभग चार साल के निर्वासन के बाद 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने की उम्मीद है। नवाज 2019 से चिकित्सा उपचार के लिए लंदन मे रह रहे है।

# प्रमुख अंतरराष्ट्रीय निर्णयों में भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को अधिक भागीदारी मिले: पुतिन

भाषा। मॉस्को



**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व होना चाहिए और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय निर्णय लेने में उनका महत्व बढ़ना चाहिए। सोची में बृहस्पतिवार को वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए पुतिन ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत साल-दर-साल अधिक शक्तिशाली होता जा रहा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने पुतिन के हवाले से कहा, ऐसे देश जो केवल अपनी क्षमता के आधार पर अंतरराष्ट्रीय मामलों में महत्वपूर्ण आधार हासिल करते हैं और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान की संभावना एवं प्रभाव भी रखते हैं, उनका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने मॉस्को आधारित थिंक टैंक द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा, ए कौन से देश हैं? यह भारत है: जनसंख्या पहले से ही डेढ़ अरब से अधिक है, (सात प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि के साथ)। यह एक शक्तिशाली देश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह साल-दर-साल और अधिक शक्तिशाली होता जा रहा है। पुतिन ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश, सुरक्षा परिषद में सुधार के वर्षों से चल रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली संयुक्त राष्ट्र के उच्च पटल पर स्थाई सदस्य के रूप में एक सीट की सही हकदार है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अपने वर्तमान स्वरूप में 21वीं सदी की राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप भू-प्रतिनिधित्व नहीं करती। अपने संबोधन में रूसी राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय मामलों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की बड़ी भूमिका का भी समर्थन किया। पुतिन ने कहा,लातिन अमेरिका में ब्राजील: जनसंख्या बहुत बड़ी है, प्रभाव में भारी वृद्धि हुई है। दक्षिण अफ्रीका भी, दुनिया में उनके प्रभाव को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है? इसलिए, अंतरराष्ट्रीय एजेंडे में महत्वपूर्ण निर्णय लेने में उनका महत्व भी बढ़ना चाहिए। वर्तमान में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य और संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाने वाले 10 गैर-स्थाई सदस्य देश शामिल हैं। पांच स्थाई सदस्य-रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं।

### रूस की संसद वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संबंधी अनुमोदन को रद्द करने पर विचार करेगी

**मास्को।** रूस की संसद के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोदिन ने शुक्रवार को कहा कि इसके सदस्य वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के अनुमोदन को रद्द करने पर विचार करेंगे। निचले सदन ड्यूमा के स्पीकर वोलोदिन का बयान ऐसे वक्त आया है, जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेताया है कि रूस परमाणु परीक्षणो पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते के अनुमोदन को रद्द करने पर विचार कर सकता है क्योंकि अमेरिका ने अब तक इसका अनुमोदन नही किया है। ऐसी चिंताएं है कि पश्चिमी देशो द्वारा यूक्रेन को दिए जा रहे सैन्य सहयोग को हतोत्साहित करने के लिए रूस परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने के लिए कदम उठा सकता है। रूस के कई नेताओ, विशेषज्ञो ने परीक्षण फिर से शुरू करने के पक्ष में बात की है। वोलोदिन ने मास्को के दावे की पुष्टि की है कि यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशो के सैन्य समर्थन का मतलब होगा कि अमेरिका और उसके सहयोगी (रूस-यूक्रेन) युद्ध में शामिल है। वोलोदिन ने कहा, वाशिंगटन और ब्रसेल्स ने हमारे देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। आज की चुनौतियो के लिए नए निर्णयो की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सांसद एजेंडा तय करने वाली सदन की परिषद की अगली बैठक मे परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के अनुमोदन को वापस लेने पर चर्चा करेंगे।

### कनाडा : आग्नेयास्त्र संबंधी अपराधों के मामले में आठ सिख युवक हिरासत में

**टोरंटो।** कनाडा की पुलिस ने ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर में प्रतिबंधित या वर्जित आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में 19 से 26 साल के आठ सिख युवाओं को गिरफ्तार किया है। पील क्षेत्रीय पुलिस के मुताबिक दो अक्टूबर की रात उसे सूचना मिली कि ब्रैम्पटन के डोनाल्ड स्टीवार्ट रोड और ब्रिसडाले ड्राइव इलाके में गोलीबारी हुई है।

# कनाडा ने भारत से अपने राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेजा

**टोरंटो।** कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए विवाद के बीच भारत में काम कर रहे अपने ज्यादातर राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेज दिया है। भारत ने कनाडा को नई दिल्ली में काम कर रहे अपने राजनयिकों की संख्या घटाने के लिए 10 अक्टूबर की समयसीमा दी है जिसके बाद कनाडा ने यह कदम उठाया है।कनाडा के एक निजी टेलीविजन नेटवर्क सीटीवी न्यूज की यह रिपोर्ट तब आई है जब भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा से अपने दूतावासों में काम कर रहे कई राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहा था। खालिस्तानी अलगावादी निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है। भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को अपने यहां से निष्कासित कर दिया था। सीटीवी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत सरकार ने ओटावा को कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति कम करने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया है।

### अमेरिका भारत के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने का प्रयास जारी रखेगा: पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका भारत के साथ रक्षा संबंधो की सराहना करता है और इस क्षेत्र मे भारत के साथ साझेदारी को मजबूत बनाने का प्रयास जारी रखेगा। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट रेडेर ने यह बात बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कही।उन्होंने कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते है। अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी

### दक्षिणी मेक्सिको में एक बस दुर्घटना में 18 प्रवासियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** दक्षिणी मेक्सिको में शुक्रवार तड़के एक बस दुर्घटना में कम से कम 18 प्रवासियों की मौत हो गई। ज्यादातर प्रवासी वेनेजुएला और हैती के थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिणी राज्य ओक्साका में अभियोजकों ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। इस घटना में 27 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। ओक्साका राज्य पुलिस द्वारा जारी तस्वीरों में बस राजमार्ग के एक घुमावदार खंड पर अपनी तरफ लुढ़कती हुई दिखाई दे रही है। फिलहाल, दुर्घटना के कारण की जांच होनी बाकी है। राज्य पुलिस ने कहा कि वाहन में कुल 55 प्रवासी सवार थे, जिनमें ज्यादातर वेनेजुएला के थे।

# शिशु फार्मूला बनाने वाली मशीनें बैक्टीरिया को मारने में अक्षम

### अनुशंसित तापमान तक नहीं पहुंच पाईं - नया शोध

भाषा। स्वानसी (यूके)

**जब आपके** घर में कोई नवजात शिशु होता है, तो ऐसा महसूस हो सकता है जैसे उससे जुड़ी हर बात पर चिंता करने के लिए अचानक हजारों चीजें हैं। शुरुआती हफ्तों में माता-पिता के लिए सबसे बड़ी चिंता नवजात के भोजन को लेकर होती है।हमारे नए अध्ययन ने एक लोकप्रिय फीडिंग डिवाइस - फार्मूला तैयार करने वाली मशीन - के बारे में सवाल उठाए हैं। एक परीक्षण में हमने पाया कि फार्मूला तैयार करने वाली केवल 15ञ मशीनों ने पानी उस स्तर तक गर्म किया जो शिशु फार्मूला तैयार करने के लिए एनएचएस की सिफारिशों को पूरा करने के लिए पर्याप्त था। इसकी तुलना में, केतली का उपयोग करके तैयार किए गए अधिकांश नमूने अनुशंसित तापमान पर खरे उतरे। यूके में लगभग तीन-चौथाई शिशुओं को जन्म के बाद पहले छह हफ्तों में फार्मूला आहार दिया जाता है। पहले छह महीनों के भीतर यह 88ञ तक बढ़ जाता है। शिशु फार्मूला पाउडर के रूप में आता है, जिसे बच्चे को पिलाने के लिए गर्म पानी में डालकर तैयार करके बोतल में डाला जाता है। माता-पिता को इस पाउडर को बहुत गर्म पानी के साथ मिलाना होता है। लगभग 80ञ माता-पिता जो फॉर्मूला का उपयोग करते हैं वे कम से कम आधे समय पाउडर संस्करण का उपयोग करते हैं।एनएचएस मार्गदर्शन में कहा गया है कि एक लीटर पानी को उबालने के लिए केतली का उपयोग करके फॉर्मूला तैयार किया जाना चाहिए, फॉर्मूला में मिलाने से पहले पानी को 30 मिनट से अधिक समय तक ठंडा नहीं होने देना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि जब इसे पाउडर के साथ मिलाया जाए तो इसका तापमान कम से कम 70 सी रहे। किसी भी बैक्टीरिया को मारने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। फॉर्मूला तैयार करने वाली मशीनें- हाल के वर्षों में, यूके में फॉर्मूला तैयार करने वाली मशीनों की एक श्रृंखला बाजार में पेश की गई है। कुछ मशीनों से थोड़ी मात्रा में गर्म पानी निकलता है और उसमें पाउडर मिला लिया जाता है। बोतल को अच्छी तरह से हिलाया जाता है और उसके बाद बोतल में ठंडा पानी डाला जाता है। अब तैयार फ़ॉर्मूले को एक बोतल में डाला है। हमारे पिछले शोध से पता चला है कि आधे से अधिक माता-पिता फॉर्मूला तैयार करने वाली मशीन का उपयोग करते हैं।कुछ एनएचएस ट्रस्टों (साथ ही आयरिश सरकार) ने कहा है कि माता-पिता को फार्मूला तैयार करने के लिए इन मशीनों का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इन उपकरणों में समस्याएं हैं।

### पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम दुनिया में मांग

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिए चलने वाले लगातार और संपर्करहित रिमोट पेशंट मॉनिटरिंग आरपीएम और अर्ली वार्निंग सिस्टम्स-ईडब्ल्यूएस में मार्केट की अग्रणी कंपनी डोज़ी ने भारत में बनाई गयी। पूरी दुनिया में इस्तेमाल किए जाने योग्य आधुनिकतम एम्बुलेटरी कनेक्टेड पेशंट मॉनिटरिंग सिस्टम डोज़ी प्रो ईएक्स प्रस्तुत की है। कंसोर्टियम ऑफ एक्रेडिटेड हेल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डा. विजय अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता लाने के लिए ऐसे नवाचारों को अपनाना जरूरी है जो मरीज़ों की देखभाल को बढ़ाते हैं और स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करते हैं। डोज़ी प्रो ईएक्सश् इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तकनीक की संपर्क रहित और एआई-संचालित क्षमताएं देश भर में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता और मानकों को आगे बढ़ाएंगी। डोज़ी के सहसंस्थापक और सीटीओए गौरव परचानी ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल को पीछे क्यों रखना डोज़ी प्रो एक्स के साथ हम पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल की सीमाओं को पार करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि मरीज की 24गुणा7 निगरानी की जाएं, चाहे वे बिस्तर पर हों, बिस्तर से बाहर हो,़ अस्पताल में हों या घर पर।

**Public Notice**

This is to inform the general public that **Mr. Arif Mohammad** is the sole owner of Plot bearing No. 45, i.e., area measuring 37.62 sq. mtrs. out of khasra No.472 KH, situated in Walke Gram Chotpur Pargana, Tehsil Dadri, Village Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh. This ownership was legally acquired through a Sale Deed dated 30.09.2020, executed by Mr. Bhajan Lal. **Mr. Arif Mohammad** is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Grihashakti), Our Client.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 7 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 7-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 7-day period by contacting **Law Veritas : North at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683 / 4562809; e-mail: : accounts@lvnorth.in**

**सार्वजनिक सुचना**

मेरी मुवक्किल **श्रीमती किरण आहूजा** पत्नी **श्री सुरेश आहूजा**, निवासी ई-312, ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली, अपने पुत्र **यश आहूजा** को उसके गलत आचरण व्यवहार के कारण अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हैं, जो भी इनसे लेन देन व किसी प्रकार से सम्बंध रखेगा वह खुद ही जिम्मेदार होगा।

**अंकित कश्यप**
एडवोकेट
चैम्बर नंबर-604, पटियाला हाउस कोर्ट
न्यू दिल्ली-110001

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Deepak Chhabra is the owner of First Floor built on Portion Pvt. No. 4, 5, and 6, area measuring 100 sq. yds., built on Property No. I-16/ 471, situated at Bapa Nagar, Military Road, Karol Bagh, New Delhi, vide GPA & Will dated 19.05.2004. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

श्री अचल कुमार पुत्र श्री सुरेन्द कुमार निवासी 240, ईस्टर्न बाजार मुगलसराय, चन्दौली, उ0प्र0-232101 एवं सुश्री रिजीना प्रिया मैसी पुत्री श्री रिजीनाल्ड ए0 मैसी निवासी बी-178 ब्लाक-बी निकट पार्क प्लाजा होटल, सेक्टर-55, नोएडा ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया हैं।
इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.10.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता हैं।
हस्ता/-
प्र0 नगर मजिस्ट्रेट
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

यह समान्य जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र श्री विद्या निवास तिवारी, निवासी 2/530, विकल्प खण्ड- 2, गोमती नगर, लखनऊ-226010, वर्तमान निवासी सी-303, न्यू ज्योति अपार्टमेन्ट द्वारका, प्लाट नं0 27, सेक्टर-4, नई दिल्ली-110078, घोषित-करता हूँ कि मेरा नाम गलती से मेरे अवयस्क पुत्र प्रशन तिवारी आयु 14 वर्ष के स्कूल रिकार्ड में Dharmendra K Tewari लिख गया है। मेरा वास्तविक नाम धर्मेन्द्र कुमार तिवारी (Dharmendra Kumar Tewari) है जिसे एतद सुधारा जा सकता है।
यह प्रमाणित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में मैंने अन्य कानूनी अनिवार्यताओं का पालन कर लिया है।
हलफनामा दिनांक 05.10.2023
नोटरी द्वारा - कान्ता राना

**Public Notice**

This is to inform the general public that **Mr. Vijay Makkar** is the unequivocal owner of the Entire Third Floor, with roof rights, (said Floor), Property Bearing No. 94, area measuring 48 sq. Mtrs., In Pocket-2, Sector-22, Situated in the layout Plan of Rohini Residential Scheme, Rohini, Delhi. This legal ownership was established through a Relinquishment Deed dated 22.09.2023, Doc No-4340, executed by Mrs. Jyotika Mehar Chandani, Mrs. Nisha, and Mrs. Sangeeta Makkar. Mr. Vijay Makkar intends to transfer ownership by way of Sale Deed of the aforementioned property to Mrs. Beena Kumari. Subsequently, **Mrs. Beena Kumari** is in the process of mortgaging the said property with **RBL Bank Ltd. (Our Client)**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 7 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 7-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 7-day period by contacting **Law Veritas: North at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public at large that Mrs. Gurjeet Kaur W/o Late Sh. Manjeet Singh, R/o A-101, Tagore Garden Extn., New Delhi-110027 is the owner of Leasehold Built-up Upper Ground Floor without roof rights, part of Property No. A-101, area measuring 80 sq. yds., situated at Najafgarh Road, in the Abadi of J.J. Colony Raghubir Nagar, now known as Tagore Garden Extn., New Delhi-110027. "Said Property" by virtue of Relinquishment Deed dated 11.11.2022 executed by (i) Mr. Amandeep Singh S/o Late Mr. Manjeet Singh & (ii) Mr. Harmandeep Singh S/o Late Mr. Manjeet Singh in her favour, duly registered as Doc No. 14,087, Book 1, Vol 26,762, Pages 74-79, dated 14.11.2022, in SRO II, Basai Darapur. The following paper have been lost **1. Original** Allotment Letter dated 11.10.1962 issued by J.J. Scheme in favour of Mr. Pritam Singh S/o Mr. Keshav Singh in respect of plot no. 101. **2. Original** Possession Letter/Certificate dated 11.10.1962 issued by J.J. Scheme in favour of Mr. Pritam Singh S/o Mr. Keshav Singh in respect of plot no. 101. **3. Original** Perpetual Lease Deed executed by President of India through DDA in favour of Mr. Pritam Singh S/o Mr. Keshav Singh in respect of plot no. 101, area measuring 80 sq. yds., The F I R has been lodged by Mr. Amandeep Singh S/o Late Mr. Manjeet Singh vide LR No. 973433/2023, dated 05.10.2023. Further Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) is intending to create a registered/equitable mortgage over the said properties. In case any Person/Financial Institute/Bank/Authority/Board or any other entity has any objection or vested interest over the said property, they may contact the undersigned within 07days of this publication. It may be further noted that after the lapse of the aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same will be considered as waived or abandoned.
New Delhi, Dated: 06.10.2023
**Mohd. Gulfam, Advocate**
**D/8779/2019**
**Office: Gadi & Associates,D-148, LGF, Saket New Delhi-110017, +91-8800002244**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्रं./420/निविदा/लो.नि.वि./2023 भिलाई-चरौदा, दिनांक :- 06/10/2023

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्रं. | लागत राशि (₹ लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Supply of 62 Manpower (High Skilled, Skilled, Semi-Skilled & Non-Skilled) For Various Works In Municipal Corporation, Bhilai-Charoda | 149283 | ₹ 106.00 | 27-10-2023 |
| 2 | Supply Of 97 Manpower (Non-Skilled) For Various Works in Municipal Corporation, Bhilai-Charoda | 149284 | ₹ 154.00 | 27-10-2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई-चरौदा

"प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाएं"

**सार्वजनिक नोटिस**

**सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड | (CIN No. U70100DL2008PTC176641)**

**पंजीकृत कार्यालय:** 13वीं मंजिल, डॉ. गोपाल दास भवन, 28, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001,
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 101, ग्राउंड फ्लोर, टावर-ए, सिग्नेचर टावर साउथ सिटी-1, गुरुग्राम, हरियाणा- 122001
**ईमेल:** Compliance@signatureglobal.in
**फ़ोन नंबर:** 0124-4908200, 011- 49281700

जबकि मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड 2019 का 118 दिनांक 12.09.2019 निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा द्वारा प्रदान किया गया लाइसेंस संख्या के तहत 8.75565 एकड़ क्षेत्र में सेक्टर 36, गांव-सोहना, जिला-गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित **"सिग्नेचर ग्लोबल पार्क-V"** नाम से एक स्वतंत्र आवासीय मंजिल विकसित करने की प्रक्रिया में है। और 2020 का RERA पंजीकरण संख्या 30 दिनांक 08.10.2020 है।
और जबकि मैसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) ने यस बैंक लिमिटेड से स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में बैंक खाते में बदलाव के लिए आवेदन किया है और तदनुसार कंपनी ने हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम से बैंक खातों में बदलाव के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त कर ली है। तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, आम जनता को सूचित/सूचित किया जाता है कि बैंक खातों में निम्नलिखित परिवर्तन होंगे:

| विवरण | पिछले बैंक खाते | नये बैंक खाते |
|---|---|---|
| बैंक का नाम | यस बैंक लिमिटेड | स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक |
| आईएफएससी कोड | YESB0000136 | SCBL0036025 |
| मास्टर कलेक्शन खाता संख्या (100%) | 013672500000081 | 53105108272 |
| रेरा खाता संख्या (70%) | 013672500000141 | 53105108280 |
| प्रमोटर फ्री कैश फ्लो खाता संख्या (30%) | 013681400002040 | 53105108299 |

मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड
दिनांक:07/10/2023 स्थान: गुरुग्राम

**सार्वजनिक नोटिस**

**सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड | (CIN No. U70100DL2008PTC176641)**

**पंजीकृत कार्यालय:** 13वीं मंजिल, डॉ. गोपाल दास भवन, 28, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001,
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 101, ग्राउंड फ्लोर, टावर-ए, सिग्नेचर टावर साउथ सिटी-1, गुरुग्राम, हरियाणा- 122001
**ईमेल:** Compliance@signatureglobal.in
**फ़ोन नंबर:** 0124-4908200, 011- 49281700

जबकि मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड 2019 का नंबर 118 दिनांक 12.09.2019 निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा द्वारा प्रदान किया गया लाइसेंस के तहत 1.7756 एकड़ क्षेत्र में सेक्टर 36, गांव-सोहना, जिला-गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित **"सिग्नेचर ग्लोबल पार्क V (2)"** नाम से एक स्वतंत्र आवासीय मंजिल विकसित करने की प्रक्रिया में है। और RERA पंजीकरण नंबर 48 ऑफ 2022 दिनांक 06.06.2022 है।
और जबकि मैसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) ने यस बैंक लिमिटेड से स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में बैंक खाते में बदलाव के लिए आवेदन किया है और तदनुसार कंपनी ने नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम हरियाणा रियल एस्टेट से बैंक खातों में बदलाव के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त कर ली है। तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, आम जनता को सूचित/सूचित किया जाता है कि बैंक खातों में निम्नलिखित परिवर्तन होंगे:

| विवरण | पिछले बैंक खाते | नये बैंक खाते |
|---|---|---|
| बैंक का नाम | यस बैंक लिमिटेड | स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक |
| आईएफएससी कोड | YESB0000136 | SCBL0036025 |
| मास्टर कलेक्शन खाता संख्या (100%) | 013672500000081 | 53105108272 |
| रेरा खाता संख्या (70%) | 013672500000141 | 53105108280 |
| प्रमोटर फ्री कैश फ्लो खाता संख्या (30%) | 013681400002040 | 53105108299 |

मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल होम्स प्राइवेट लिमिटेड
दिनांक:07/10/2023 स्थान: गुरुग्राम

# देश से वामपंथी उग्रवाद का दो वर्ष में पूरी तरह हो जाएगा सफाया: शाह

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। शाह ने इसके साथ ही नक्सल मुक्त क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जरूरत पर बल दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां यह दोबारा न पनपे। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में पिछले चार दशकों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा और मौतों की सबसे कम घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है और हम इसे इसके सभी स्वरूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी बैठक में भाग लिया। इनके अलावा ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के मंत्रियों ने किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विकास योजनाओं के कारण राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति बेहतर हो रही है। मुंबई में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शिंदे ने कहा कि शहरी नक्सलवाद इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है और इसे रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र बनाने की आवश्यकता है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी समस्या से निपटने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती जारी रखने की वकालत की। उन्होंने नक्सल रोधी अभियानों में निरंतरता बनाए रखने के लिए राज्य में प्रतिनियुक्त केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक (आईजी) का कार्यकाल कम से कम तीन साल तय करने की भी मांग की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि राज्य में वामपंथी उग्रवाद कम हो रहा है और माओवादी गतिविधियां केवल कुछ इलाकों तक ही सीमित हैं।गृह मंत्री शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय समर्थन के नेटवर्क को खत्म करने के लिए सभी प्रभावित राज्यों को नागरिक और पुलिस प्रशासन की एक संयुक्त टीम बनाकर प्रयास करने की जरूरत है।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का पंजाब में प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली की शराब नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में अपने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को पूरे पंजाब में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पंजाब सरकार के मंत्रियों, आप विधायकों और राज्य एवं जिला स्तर के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सिंह को हिरासत में ले लिया था और वह मनीष सिसोदिया के बाद गिरफ्तार किए गए आप के दूसरे बड़े नेता हैं। संजय सिंह को अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया है।बयान में कहा गया है कि आप ने सिंह की गिरफ्तारी को नरेंद्र मोदी सरकार का तानाशाही वाला कदम करार दिया। जालंधर के नकोदर में सांसद सुशील कुमार रिंकू, पंजाब के मंत्री बलकार सिंह, विधायक रमण अरोड़ा और अन्य नेताओं ने पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

## अस्पताल में पिस्तौल क्यों लेकर गए, यह पूछने पर जदयू विधायक ने पत्रकारों को अपशब्द कहे

भाषा। पटना

बिहार में सत्तारूढ़ जद (यू) के एक विधायक ने शुक्रवार को उन पत्रकारों को अपशब्द कहे, जिन्होंने उनसे उस हालिया वीडियो क्लिप के बारे में सवाल किया था, जिसमें वह हाथ में पिस्तौल लिए, एक अस्पताल परिसर में प्रवेश करते हुए देखे गए थे।भागलपुर जिले के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनता दल (यूनाइटेड) के गोपाल मंडल को अपने इस आचरण के लिए अपनी ही पार्टी में आलोचना का सामना करना पड़ा है। इस बीच भागलपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर सामने आए उक्त वीडियो की जांच के आदेश दे दिए हैं।पटना में जब पत्रकारों ने विधायक से उस वीडियो के बारे में सवाल किया जो कुछ दिन पहले का बताया जा रहा है, तो मंडल ने कहा, मैं हमेशा की तरह अपनी लाइसेंसी पिस्तौल लिए हुए था। हालांकि मैं होल्स्टर (पिस्तौल का कवर) ले जाना भूल गया था। इसलिए मैंने पिस्तौल अपने पजामे की जेब के भीतर रखी थी। उन्होंने कहा, मैं एक रिश्तेदार को देखने अस्पताल गया था। सीढ़ियाँ चढ़ते समय मेरी जेब से पिस्तौल गिरने लगी। इसलिए मैंने इसे हाथ में पकड लिया। अक्सर अपने आचरण के कारण चर्चा में रहने वाले विधायक ने जब पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा, पिस्तौल तो अभी भी मेरे पास है। दिखाएं क्या। पत्रकारों के यह पूछे जाने पर कि आप अस्पताल में इस तरह सार्वजनिक तौर पर पिस्तौल कैसे लहरा सकते हैं, विधायक ने अपशब्द कहते हुए कहा, हां–हां लहराएंगे।

## राज्यपाल दार्जिलिंग में तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता डेरेक ओ ब्रायन की ओर से ईमेल मिलने के बाद शनिवार शाम साढ़े पांच बजे दार्जिलिंग स्थित राज्यपाल आवास में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया है। राजभवन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना का बकाया देने की मांग करते हुए कोलकाता में राजभवन के बाहर धरने पर बैठे हैं। उनके धरने के बीच राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया है। राज्यपाल के उपसचिव की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है, छह अक्टूबर के आपके ईमेल के संदर्भ में, मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश मिला है कि राज्यपाल सात अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे राजभवन, दार्जिलिंग में आपसे और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों से मुलाकात करना चाहते हैं।

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री को सेकेंड्री इंफेक्शन , जल्द ठीक होने की उम्मीद: मंत्री के. टी. रामाराव

**हैदराबाद।** बुखार से पीड़ित तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को सेकेंड्री इंफेक्शन हो गया है और उनके कुछ दिन में ठीक होने की उम्मीद है। राव के बेटे और मंत्री के.टी. रामाराव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेकेंड्री इंफेक्शन किसी एक संक्रमण के इलाज के दौरान होने वाले दूसरे संक्रमण को कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बुखार हल्का हो गया है। मंत्री ने मीडिया को बताया, उन्हें (मुख्यमंत्री केसीआर को) दुर्भाग्यवश सेकेंड्री इंफेक्शन हो गया है। लिहाजा यह सामान्य से ज्यादा समय ले रहा है। उन्हें हुआ वायरल बुखार हल्का हो गया है। उनकी छाती में कुछ संक्रमण है। एक-दो दिन में वह ठीक हो जाएंगे।

### ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े चार लोगों की मौत

**शाजापुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में शुक्रवार रात भूसा लदे एक तेज गति ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। शुजालपुर मंडी थाने के प्रभारी संजय मंडलोई ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 65 किलोमीटर दूर शुजालपुर के निकट अकोदिया-शुजालपुर रोड पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमन (25), वर्षा बाई (23), लीला बाई (55) एवं नैतिक (12) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि ए सभी खेड़ी नगर के रहने वाले थे और हादसे के वक्त सड़क किनारे खड़े थे। मंडलोई ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है जबकि ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो 10 अक्टूबर से

**मुंबई।** एशिया के प्रमुख व्यापार शो 'ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो' पार्किंग इन्फ्राटेक एक्सपो, रोड इन्फ्राटेक एक्सपो और स्मार्ट मोबिलिटी एक्सपो पर अपने समवर्ती शो के साथ, 10- 12 अक्टूबर 2023से प्रगती मैदान, नई दिल्ली में होगा। यह आयोजन भारत की गतिशीलता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की विविधता पेश करेगा। भारत में कनेक्टिविटी, मोबिलिटी, ट्रैफिक, पार्किंग और लॉजिस्टिक्स के परिदृश्य को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, ट्रैफिकइन्फ्राटेक एक्सपो के आगामी 11 वें संस्करण को मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत समाधानों के साथ पैक किया जा रहा है.आगामी शो पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए, वीआई एस ग्रुप के अध्यक्ष, जयराम नायर ने कहा कि हम जल्द ही ट्रैफ़िकइन्फ्राटेक एक्सपो के एक और संस्करण के लिए उद्योग का स्वागत करने के लिए रोमांचित हैं, यह साझा करने के लिए गर्व की बात है कि शो फ्लोर शीर्ष पायदान उत्पादों और तकनीकी समाधानों से भरा हुआ है जो निश्चित रूप से भारत की गतिशीलता, सड़क और पार्किंग के बुनियादी धचे को बदलने में परिवर्तन के उत्प्रेरक होंगे, यह शो प्रमुख निर्णय निर्माताओं, नीति निर्माताओं, शीर्ष अधिकारियों और सरकारी विभागों, नगरपालिका निगमों, परिवहन विभागों, बुनियादी ढांचे और रियल एस्टेट कंपनियों के पेशेवरों, पार्किंग प्रबंधन कंपनियों और अन्य के बीच संवाद और सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। यह शो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय , इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय , भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा समर्थित है, शीर्षक भागीदार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम , केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान राष्ट्रीय राजमार्ग बिल्डर्स फेडरेशन, निर्माण उपकरण किराया संगठन, राज्य सड़क परिवहन उपक्रमों का संगठन और बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया शामिल हैं।

### मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का मामला : उच्चतम न्यायालय ने मप्र, राजस्थान सरकार से जवाब तलब किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनावो से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका पर दोनो राज्य की सरकारों से शुक्रवार को जवाब तलब किया।प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ी एक जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग तथा भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किए। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि दोनो राज्य की सरकारें मतदाताओ को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसो का दुरुपयोग कर रही है। शुरू मे याचिका पर विचार करने के लिए अनिच्छुक शीर्ष अदालत हालांकि बाद में इस पर विचार करने के लिए सहमत हो गई। न्यायालय ने पूछा कि वह चुनाव से पहले संबंधित सरकारो द्वारा किए गए सभी प्रकार के वादो को कैसे नियंत्रित कर सकता है। पीठ ने कहा, चुनाव से पहले, सभी प्रकार के वादे किए जाते है और हम इसे नियंत्रित नही कर सकते। शीर्ष अदालत ने यह भी पूछा कि याचिका उच्च न्यायालय मे क्यों दायर नही की गई।

### कथित शराब घोटाला: अनवर ढेबर और तीन अन्य की जमानत याचिकाएं खारिज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य के कथित शराब घोटाला मामले मे कारोबारी अनवर ढेबर और तीन अन्य की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी। प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता ने यह जानकारी दी।ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शुक्रवार को कथित शराब घोटाला मामले मे कारोबारी अनवर ढेबर और तीन अन्य की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी।पांडेय ने बताया कि अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, नितेश पुरोहित और आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे अरुणपति त्रिपाठी की ओर से उच्च न्यायालय मे नियमित जमानत याचिकाएं लगाई गई थी। चारो आरोपियो को पिछले दिनो ईडी ने गिरफ्तार किया था जिसमे अनवर, त्रिलोक और नितेश स्वास्थ्यगत कारणों से अंतरिम जमानत पर थे। न्यायालय ने सभी की अंतरिम जमानत भी खारिज कर दी है। ईडी ने आबकारी मामले में छापे की कार्वाई की थी और कहा था कि राज्य मे दो हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है। पूछताछ के बाद ईडी ने रायपुर के कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था। बाद में ईडी ने इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी ए पी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन, नितेश पुरोहित आदि को भी गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्यगत कारणों से अनवर, त्रिलोक और नितेश को अंतरिम जमानत दी थी।

### उत्तराखंड के विश्वविद्यालय, कॉलेज सात अक्टूबर को मनाएंगे गढ़ भोज दिवस

**देहरादून।** उत्तराखंड के विश्वविद्यालय और कॉलेज हर साल सात अक्टूबर को गढ़ भोज दिवस मनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य पौष्टिकता और औषधीय गुणो से भरपूर उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन और फसलों को लोकप्रिय बनाना है। गढ़ भोज आंदोलन के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत के इस संबंध में आदेश देने के बाद प्रदेश भर के विश्वविद्यालयो के कुलपतियों और कॉलेज के प्राचार्यों से सात अक्टूबर को गढ़ भोज दिवस के रूप मे मनाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शनिवार को विश्वविद्यालय और कॉलेज निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, सेमिनार और कांफ्रेस आयोजित किए जाएंगे जिनमे उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजनो और फसलो के औषधीय गुणो पर जोर दिया जाएगा। सेमवाल ने कहा, इससे जंक फूड के साथ बड़ी हो रही हमारी युवा पीढ़ी अपने पारंपरिक खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता और उनके समृद्ध स्वाद से परिचित होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक एस एस उनियाल द्वारा विश्वविद्यालयों और कॉलेज को पत्र भेजकर परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की तस्वीर और वीडियो भी भेजने को कहा गया है,।

# इंडिया शब्द का प्रयोग नही तो आप हिन्दू शब्द का उपयोग भी नहीं कर सकते: थरूर

भाषा। बेंगलुरु



**कांग्रेस सांसद** शशि थरूर ने शुक्रवार को उन लोगों पर कटाक्ष किया, जिन्हें इंडिया शब्द से दिक्कत है, लेकिन वे खुद को हिंदू कहने में सहज हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि इंडिया और हिंदू दोनों शब्द एक ही शब्द व्युत्पत्ति से बने हैं, जो सिंधु नदी है। अपनी पुस्तक व्हाई आई एम ए हिंदू के कन्नड़ संस्करण नानू याके हिंदू के विमोचन के दौरान हिंदू शब्द की उत्पत्ति पर चर्चा करते हुए, तिरुवनंतपुरम के सांसद ने कहा कि दोनों शब्द इंडस या सिंधु नदी के पार के लोगों का वर्णन करने के लिए विदेशियों द्वारा दिए गए थे। थरूर की किताब का अंग्रेजी से कन्नड़ में अनुवाद कांग्रेस नेता प्रोफेसर के ई राधाकृष्ण ने किया है। इंडिया बनाम भारत बहस के बीच थरूर ने कहा, यह बहुत विडंबनापूर्ण है जब मैं सुनता हूं कि सत्तारूढ़ दल के कुछ लोग इंडिया शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए कहते हैं कि यह प्रामाणिक नहीं है और वही लोग गर्व से कहो हम हिंदू हैं कहकर नारे लगाते हैं। उन्होंने कहा, हालांकि इंडिया और हिन्दू एक ही व्युत्पत्ति से बने हैं। यदि आप इंडिया का प्रयोग नहीं करना चाहते तो आप हिन्दू का भी प्रयोग नहीं कर सकते। ए दोनों एक ही स्रोत, सिंधु नदी से आते हैं। यह ध्यान में रखते हुए कि कुछ हिंदू पूरी तरह से अलग शब्द सनातन धर्म को पसंद करते हैं, उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सिर्फ एक नाम है जिसे विदेशियों ने भारत के स्वदेशी धर्म के रूप में देखा था। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सिद्धांतों और परंपराओं की एक विस्तृत श्रृंखला को अपनाता है, जो पुनर्जन्म और जाति व्यवस्था में विश्वास करता है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महान संत सबसे पहले दिव्य ब्रह्मा के मूल विचार के साथ आए, जो कि ईश्वर के इस्लामी विचार से काफी मिलता-जुलता था - यानी बिना आकृति वाला, बिना रूप वाला ईश्वर। उन्होंने कहा कि हर कोई ईश्वर की कल्पना किसी भी रूप में करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा, कोई हिंदू पोप नहीं है। कोई हिंदू वेटिकन नहीं है। हिंदू रविवार भी नहीं होता। आप अपने इष्ट देवता की पूजा सप्ताह के अलग-अलग दिनों में कर सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उनके लिए कौन से दिन निर्धारित हैं।

## तेलंगाना के मंत्री का निजी सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में शुक्रवार को एक ऐसा वीडियो सामने आया जिसमें राज्य के गृह मंत्री मोहम्मद महमूद अली एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कथित तौर पर समय पर फूलों का गुलदस्ता नहीं मिलने पर अपने सुरक्षाकर्मी को थप्पड़ मारते दिखाई देते हैं। वीडियो में अली एक आधिकारिक समारोह में अपने कैबिनेट सहयोगी टी श्रीनिवास यादव को गले लगाते और सुरक्षाकर्मी की ओर मुड़ते तथा फिर कथित तौर पर उसे थप्पड़ मारते नजर आते हैं। श्रीनिवास यादव को जन्मदिन की बधाई देने वाले अली इस बात से नाराज थे कि सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें समय पर गुलदस्ता नहीं दिया। गुलदस्ता श्रीनिवास यादव को दिया जाना था। महमूद अली से उनकी टिप्पणियों के लिए संपर्क करने का प्रयास सफल नहीं हो पाया। इस बीच, भाजपा ने मंत्री के "अस्वीकार्य" व्यवहार की निंदा की।

## गौरव डालमिया, उनकी पत्नी को आरोपी क्यों नही बनाया गया: ठग संजय प्रकाश ने ईडी से पूछा

भाषा। नई दिल्ली

**कथित ठग** संजय प्रकाश राय उर्फ संजय शेरपुरिया ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूछा कि उसने व्यवसाई गौरव डालमिया और उनकी पत्नी शर्मिला को उनके (राय के) खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में आरोपी क्यों नहीं बनाया।एजेंसी ने आरोप लगाया है कि खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों का करीबी बताकर कई लोगों को धोखा देने वाले राय ने ईडी की जांच में गिरफ्तारी का डर दिखाकर गौरव डालमिया और उनके परिवार से 12 करोड़ रुपए की ठगी की। ईडी ने कहा कि कुल राशि में से छह करोड़ रुपए की राशि यूथ रूरल एंटरप्रेन्योर फाउंडेशन (वाईआरईएफ) के बैंक खाते में जनवरी, 2023 में डालमिया फैमिली ऑफिस ट्रस्ट से प्राप्त हुई, जिसमें गौरव डालमिया एक न्यासी हैं। राय पर वास्तविक लेन-देन को छिपाने के लिए भुगतान के संबंध में जाली दस्तावेज रखने का आरोप है।आरोपी की ओर से वकील नीतेश राणा ने राय की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन गुप्ता की अदालत में ईडी से पूछा कि जांच एजेंसी ने डालमिया को इस मामले में आरोपी क्यों नहीं बनाया, जबकि एजेंसी अपराध से अर्जित आय की जांच कर रही है और उन्होंने (गौरव और उनकी पत्नी ने) इतनी बड़ी रकम का भुगतान किया था। राणा ने कहा, गौरव डालमिया और शर्मिला डालमिया को भी आरोपी बनाया जाना चाहिए, क्योंकि उनपर उस राशि के भुगतान का आरोप है, जो अपराध से अर्जित आय है और मामले का आधार है।

## छत्तीसगढ़ ने विस चुनाव से पहले कोदो और कुटकी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़ में** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को राज्य में कोदो और कुटकी की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में मोटा अनाज (मिलेट्स) उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कोदो और कुटकी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि बघेल ने खरीफ 2023 के लिए कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने तथा कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3350 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कोदो तथा कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई बार केंद्र से कोदो और कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का आग्रह किया गया है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसकी घोषणा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इसलिए छत्तीसगढ़ के मोटा अनाव उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा कोदो- कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राज्य के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ 2023 में उत्पादित कोदो एवं कुटकी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिसूचना में खरीफ 2023 में उत्पादित कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपए प्रति क्विंटल और कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3350 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

## शिकायत निपटारे के लिए बाहरी समझौतों की प्रति यूआईडीएआई मुहैया कराए: अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को शिकायतों के निपटारे के लिए इसकी ओर से बाहरी संगठनों के साथ किए गए समझौतों की एक प्रति सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मुहैया कराने को कहा है।उच्च न्यायालय ने कहा कि कर्मियों के साथ किए गए गैर-प्रकटीकरण समझौतों और समझौते के तहत कवर किए जाने वाले व्यक्तियों के विवरण को छोड़कर, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत यूआईडीएआई द्वारा समझौते प्रदान किए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा, एजेंसियों द्वारा गोपनीयता केवल यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए रखी जाती है कि व्यक्तियों का विवरण किसी तीसरे पक्ष को प्रकट न हो। पूरे अनुबंध को गुप्त रखने की आवश्यकता नहीं है और जब हालिया चलन सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने का है, तो समझौतों का खुलासा करने में कुछ भी अनुचित नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पारदर्शिता सुशासन का मूल मंत्र है और यह सरकार के कामकाज में दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देती है। याचिकाकर्ता ने एक आरटीआई अर्जी दायर कर यूआईडीएआई द्वारा शिकायतों के निवारण के संबंध में कई विवरण मांगे थे, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था।

## बड़ौदा बीएनपी देगा लाभांश

**मुंबई।** बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड ने बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन.एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मुख्य रूप से स्मॉल.कैप शेयरों में निवेश करती है। फंड का प्रबंधन शिव चानानी सीनियर फंड मैनेजर द्वारा किया जाएगा। शिव के पास 24 साल से अधिक का अनुभव है और उन्हें मिड और स्मॉल कैप सेक्टजर क्षेत्र में गहरा अनुभव है। इस फंड को निफ्टी स्मॉल कैप 250 टीआर इंडेक्स के खिलाफबेंचमार्क किया जाएगा।फंड नेट एसेट्स का 65 फीसदी से अधिक स्मॉल.कैप कंपनियों में निवेश करेगा। फंड बॉटम.अप स्टॉक.पिकिंग सिद्धांत का पालन करेगा। निवेश के लिए मजबूत फंडामेंटल ;बुनियादी सिद्धांतोंद्धए क्वालिटी बिजनेस मॉडल और मजबूत प्रबंधन टीमों वाली कंपनियों के चयन पर जोर दिया जाएगा। यह फंड अलग अलग सेक्टर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करेगाए ना कि किसी एक या खास सेक्टर में। फंड का लक्ष्य उन कंपनियों का लाभ उठाकर निवेशकों की दौलत में इजाफा करना ए जिनमें भविष्य में अपने सेक्टर की अग्रणी कंपनी बनने की क्षमता है। बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड के सीईओए सुरेश सोनी का कहना है कि बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े संरचनात्मक विकास के अवसरों से लाभ उठाने के इच्छा रखने वाले और लंबी अवधि तक निवेश को बनाए रखने वाले निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प है। स्मॉल कैप सेगमेंट कई सेक्टर में निवेश करने का विकल्प प्रदान करता है और यह बाजार की तेजी में दूसरे सेगमेंट की तुलना में हाई रिटर्न दे सकता है। पिछले 10 साल मेंए निफ्टी स्मॉल कैप टीआरआई इंडेक्स ने प्रभावशाली 21 फीसदी सीएजीआर रिटर्न दिया है।

## बालिका शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की योजना

**मुंबई।** लड़कियों की शिक्षा से जुड़े कार्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए गुरूग्राम स्थित लोटस पेटल फाउंडेशन एलपीएफ और दिल्ली स्थित मोबियस फाउंडेशन ने एलपीएफ के प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम विद्या सहयोग के अंतर्गत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इन एकीकृत प्रयासों के माध्यम से विद्या सहयोग कार्यक्रम का यह प्रयास है कि चित्रकूट उत्तर.प्रदेश, सतना मध्य.प्रदेश और श्योपुर मध्यप्रदेश के महत्वाकांक्षी ज़िलों में शैक्षणिक स्तर को अधिक ऊंचा किया जाएए छात्रों का सशक्तीकरण हो और सीखने के लिए सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। हाल ही में प्रदीप बर्मन . चेयरमैन मोबियस फाउंडेशनए प्रवीण गर्ग, प्रेसिडेंट मोबियस फाउंडेशन नीरज मित्तल, एवीपी, विद्या सहयोग, सुश्री सलोनी भारद्वाज, सह.संस्थापक एवं सीटीओए लोटस पेटल फाउंडेशन देबकांत भंजा प्रोजेक्ट मैनेजर विद्या सहयोग और सुश्री अंकिता हाजरा सीनियर प्रोग्राम मैनेजरए विद्या सहयोग की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन दो प्रतिष्ठित फाउंडेशन के साथ सहयोग से उन बाधाओं को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा जो लड़कियों की शिक्षा में अवरोध पैदा करते हैं और शिक्षा में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की कोशिश की जाएगी।

## आजियो आईएलएफएम के 10 वें संस्करण का शुभारंभ

**कानपुर।** आजियो बिजनेस का आईएलएफएम-भारत का सबसे बड़ा फैशन मेला अब 21 अक्टूबर 2023 रविवार तक आजियो बिजनेस ऐप पर लाइव है। खुदरा विक्रेता अब एक बटन के क्लिक पर आगामी त्योहारी सीज़न के लिए विशेष प्रकार के उत्पादों का स्टॉक कर सकते हैं। विशिष्ट ब्रांड लॉन्च 500 से अधिक लोकप्रिय ब्रांडों के फेस्टिव कलेक्शन आकर्षक मूल्य बिंदुओं पर उपलब्ध 1 लाख से अधिक शैलियों की क्यूरेटेड पेशकश के साथ,आईएलएफएम देश भर में फैशन और लाइफस्टाइल खुदरा विक्रेताओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। आईएलएफ एम के 10वें संस्करण में फैशन और लाइफस्टाइल खुदरा विक्रेताओं के लिए व्यापक लाभ हैं। एक्सक्लूसिव ब्रांड और कैटलॉग लॉन्च के साथ, खुदरा विक्रेता अपनी सोर्सिंग रणनीति को बढ़ाते हुए हैप्पी आवर डीलए ब्रांड डेए अर्ली बर्ड ऑफरए दैनिक छूट, आकर्षक कैशबैकए संशोधित रिटर्न और क्रेडिट नीतियों का लाभ उठा सकते हैं। आजियो बिजनेस बाजार विशिष्ट फैशन का केंद्र है, क्योंकि इसने भारत में मुंबई के बांद्रा से लेकर दिल्ली के लाजपत से लेकर बैंगलोर के कमर्शियल स्ट्रीट जैसे भारत के फैशन केंद्रों से स्थानीय रूप से प्राप्त फैशन को क्यूरेट किया है।

## केजरीवाल, संजय की याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश का हस्तक्षेप से इनकार

भाषा। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की कॉलेज डिग्री के संबंध में कथित टिप्पणियों से जुड़े आपराधिक मामले में तत्काल सुनवाई का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह का अनुरोध गुजरात उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा ठुकराए जाने के बाद इस मामले में मुख्य न्यायाधीश ने भी हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। इससे पहले दिन में, आप नेताओं के वकील ओम कोटवाल ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जे सी दोशी से संपर्क किया और मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन को रद्द करने के अनुरोध वाली उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया।वकील ने न्यायमूर्ति दोशी को बताया कि उनकी याचिकाएं वाद सूची में सबसे नीचे सूचीबद्ध हैं और दिन के दौरान उन पर सुनवाई होने की कोई संभावना नहीं है।

# सिक्किम बाढ़ : मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई, 143 लापता लोगों की तलाश जारी

भाषा। गंगटोक-जलपाईगुड़ी



**सिक्किम में** बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ के तीन दिन बाद, इसके जल प्रवाह वाले निचले इलाकों में मिले शवों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है, जबकि बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता हैं। मृतकों में सेना के सात जवान भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 143 लोग अब भी लापता हैं, वहीं करीब 2,413 लोगों को बचा लिया गया है और वे राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने राज्य में अचानक आई बाढ़ में जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के परिजन को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने राहत शिविरों में शरण लिए लोगों में प्रत्एक को 2,000 रुपए की तत्काल राहत देने की भी घोषणा की। उन्होंने पीटीआई-वीडियो को बताया, हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हम नुकसान के बारे में सटीक विवरण नहीं दे सकते, इसका पता तब होगा, जब एक समिति गठित की जाएगी और वह अपना विश्लेषण पूरा करेगी। हमारी पहली प्राथमिकता फंसे हुए लोगों को बचाना और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, जिलों के बीच सड़क संपर्क टूट गया है और पुल बह गए हैं। उत्तरी सिक्किम में संचार सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई है। तमांग ने कहा कि बरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से सात के शव निचले इलाकों के विभिन्न हिस्सों से बरामद किए गए हैं, जबकि एक को बचा लिया गया तथा शेष लापता जवानों की तलाश सिक्किम और उत्तर बंगाल में जारी है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि अब तक 25 लोगों की मौत हो गई है।

## आईसीआईसीआई बैंक देगा छूट

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स छूट और 26,000 रुपये तक के कैशबैक के साथ फेस्टिव बोनांजा देगा। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट,डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग रूपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके अपने पसंदीदा ब्रांडों से विभिन्न वस्तुओं को खरीदकर इन ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। ये ऑफर ग्राहकों के लिए बैंक के क्रेडिट, डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो कॉस्ट ईएमआई के रूप में भी उपलब्ध हैं। बैंक ने त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन, आभूषण, फर्नीचर, यात्रा, भोजन और अन्य विभिन्न श्रेणियों में और आईफोन सहित कई प्रमुख ब्रांडों के साथ ऑफर तैयार किए हैं। बैंक के फेस्टिव बोनांजा के साथ जुड़े प्रमुख ब्रांडों में शामिल हैं।

# हरमन की हॉकी स्टिक से निकला स्वर्णिम गोल

- भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया
- जापान को एकतरफा फाइनल में 5-1 से हराया

**भाषा।** हांगझोउ





**कप्तान** हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने गत चैम्पियन जापान को एकतरफा फाइनल में 5–1 से हराकर नौ साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने पिछली बार 2014 में इंचियोन खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जबकि पिछली बार जकार्ता में टीम को कांस्य से संतोष करना पड़ा था। मौजूदा टीम में से सिर्फ पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का ही यह दूसरा स्वर्ण है जो 2014 की टीम का भी हिस्सा थे। भारत ने हॉकी में इससे पहले 1966 और 1998 में बैंकाक में स्वर्ण पदक जीता था। दक्षिण कोरिया ने मेजबान चीन को 2–1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (32वां और 59वां मिनट), अभिषेक (48वां मिनट), अमित रोहिदास (36वां) और मनप्रीत सिंह (25वां) ने गोल किए। जापान के लिए एकमात्र गोल सेरेन तनाका ने 51वें मिनट में दागा। हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 13 गोल किए जबकि मनदीप सिंह ने 12 गोल दागे। भारत को पांचवें मिनट में गोल करने का मौका मिला जब ललित उपाध्याय ने बाएं फ्लैंक से शॉट लगाया लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा ने उसे बचा लिया। भारत को 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक सीधे जापान के गोलकीपर के सामने गई। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने लगातार हमले बोले जिसका फायदा दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन इस बार भी वैरिएशन पर रोहिदास निशाना चूक गए। भारत का खाता 25वें मिनट में मनप्रीत ने खोला। ललित उपाध्याय सर्कल के भीतर गेंद लेकर गए और अभिषेक ने शुरूआती शॉट लिया जो जापानी गोलकीपर ने बचा लिया। सर्कल पर खड़े मनप्रीत ने रिवर्स पर सटीक निशाना साधकर गेंद गोल के भीतर डाल दी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। हरमनप्रीत ने 32वें मिनट में और रोहिदास ने चार मिनट बाद ए गोल किए। चौथे क्वार्टर में अभिषेक ने तीसरे मिनट में और हूटर से एक मिनट पहले हरमनप्रीत ने गोल करके भारत की शानदार जीत तय कर दी। गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि ओलंपिक से दस महीने पहले कोटा हासिल करने से टीम तैयारी पर फोकस कर सकेगी। हमें ओलंपिक की तैयारी के लिए करीब एक साल मिल गया है। हमने पिछले ओलंपिक में , फिर एशियाई चैम्पियनशिप और अब एशियाड में शानदार प्रदर्शन किया।

## भारत के रिकर्व तीरंदाजों के टीम स्पर्धाओं में रजत और कांसे पर छोड़े तीर

**हांगझोउ।** तीरंदाजी में शुक्रवार को यहां 13 साल का इंतजार खत्म हुआ जब भारतीय पुरूष और महिला रिकर्व टीमों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में 2010 से देश का पहले पदक है। चोटों से जूझ रही अंकिता भक्त, सिमरनजीत कौर और भजन कौर की तिकड़ी ने वियतनाम को हराकर कांस्य पदक जीता। भारत की पांचवी वरीय जोड़ी ने कांस्य पदक के मुकाबले में डो थी आन एनगुएट, एनगुएन थी थान नी और हाओंग फुओंग थाओंग की वियतनाम की टीम को 6-2 (56-52, 55-56, 57-50, 51-48) से हराया। अतनु दास, तुषार शेल्के और धीरज बोम्मादेवारा की भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इसके बाद रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में सागोर इस्लाम, हाकिम रुबेल और रुमान शाना बांग्लादेश की बांग्लादेश की जोड़ी को 5-3 (58-51, 57-54, 56-58, 57-57) से हराया। फाइनल में हालांकि भारतीय



तिकड़ी को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम के खिलाफ1-5 (55-60, 57-57, 55-56) से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए इसे टाई कराया था लेकिन पहला और तीसरा सेट गंवाकर मुकाबला गंवा दिया। तीसरे सेट में कोरिया ने एक निशाना आठ अंक पर लगाया लेकिन इसके बावजूद ली वूसियोक, ओह लिनहएक और किम डि डियोक की तिकड़ी ने भारत को एक अंक से पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्वांग्झू 2010 खेलों के बाद एशियाई खेलों में ओलंपिक वर्ग की तीरंदाजी स्पर्धा में यह भारत का पहला पदक है। एशियाई खेलों के रिकर्व वर्ग में भारत ने पिछला पदक 2010 में जीता था जब व्यक्तिगत रजत पदक के अलावा देश ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते थे। मौजूदा एशियाई खेलों में भारत रिकॉर्ड आठ पदक जीत चुका है। भारत पहले ही कंपाउंड वर्ग की मिश्रित, पुरुष और महिला स्पर्धाओं में तीन टीम स्वर्ण पदक जीत चुका है। अभिषेक वर्मा और ओजस देवताले कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगे जिससे भारत के दो और पदक पक्के है। ज्योति सुरेखा वेन्नम भी महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंच चुकी है जिससे उनका भी एक पदक सुनिश्चित है। महिला वर्ग में भारत ने क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय जापान को 6-2 (53-49, 56-54, 53-54, 54-51) से हराया था लेकिन तोक्यो ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम को 2-6 (54-56, 54-57, 57-55, 52-57) से शिकस्त झेलनी पड़ी।




## बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में




**हांगझोउ।** खिताब के प्रबल दावेदार भारत ने शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से रौंदकर पुरुष क्रिकेट के फाइनल में जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किया। भारतीय कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और गेंदबाजों ने इसे सही साबित करते हुए बांग्लादेश को 20 ओवर में नौ विकेट पर 96 रन के स्कोर पर रोक दिया।भारत ने इसके जवाब में 9.2 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारतीय टीम पहली बार महाद्वीपीय खेलों की इस स्पर्धा में हिस्सा ले रही है।लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नही खोल पाए। कप्तान और सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ (26 गेंद में नाबाद 40, चार चौके, तीन छक्के) और तिलक वर्मा (26 गेंद में नाबाद 55, दो चौके, छह छक्के) ने इसके बाद 97 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को आसान जीत दिला दी।उभरते हुए ऑलराउंडर वर्मा ने सिर्फ 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर भावनात्मक जश्न मनाते हुए अपनी शर्ट उठाकर अपने माता-पिता को समर्पित टैटू दिखाया। भारत स्वर्ण पदक के मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा।

## दो खिलाड़ी साफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत के दो खिलाड़ी रागा श्री मनोगारबाबू कुलांडाइवेलु और जय मीणा शुक्रवार को एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला एकल ग्रुप एफ के मैच में रागा श्री ने कंबोडिया की मेंगचोउंग किको 4-1 से हराया। इससे पहले वियतनाम की थि मेइ हुओंग एंगुएन को 4-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। पुरूषों के प्रारंभिक दौर में जय मीणा ने ताइवान के यू सुन चेन को 4-2 से मात दी। इससे पहले उन्होंने इंडोनेशिया के मारियो हारले अलीबासा को 4-1 से हराया था। महिला एकल प्रारंभिक दौर में भारत की आध्या तिवारी को ताइवान की शू तिंग लो ने 4-1 से हराया। वही अनिकेत पटेल को फिलीपीस के ए एल मोराल्डे ने 4-0 से मात दी। महिला और पुरूष सेमीफाइनल शनिवार को होंगे।

## भारतीय पुरूष और महिला टीम शतरंज में आसान जीत के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष और महिला टीमों ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में शतरंज टीम प्रतियोगिता के आठवे दौर मे शानदार जीत दर्ज की। पुरूष टीम ने दक्षिण कोरिया को 3.5-0.5 से हराया जबकि महिलाओ ने हांगकांग को 4-0 से रौंदा। आठ दौर के बाद दोनों टीमें दूसरे स्थान पर है। प्रतियोगिता में अभी एक और दौर का खेल बचा हुआ है। भारत दक्षिण कोरिया मैच में, डी गुकेश ने जुनह्योक ली को पछाडा जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने ह्यून क्वान को मात दी। अर्जुन ऐरिगेसी ने इन-जंग गु को हराया जबकि अनुभवी पी हरिकृष्णा ने चौथे बोर्ड पर अहन होगजिन के खिलाफ खराब स्थिति से उबरते हुए ड्रॉ खेला। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरूष टीम अंतिम दौर में शनिवार को फिलीपीस से भिड़ेगी।

## भारत के यश नैंसी जंपिंग व्यक्तिगत फाइनल में हारे

**हांगझोउ।** भारत के यश नैंसी एशियाई खेलो में जंपिंग व्यक्तिगत फाइनल मे हारकर बाहर हो गए। इससे पहले पहली स्पर्धा में वह 24वे स्थान पर रहे। उन्होंने सात पेनल्टी अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सउदी अरब के अब्दुल्ला वालीद ए एस को स्वर्ण और उमर अलजेबी को रजत पदक मिला। भारत ने इन खेलो में ड्रेसेज टीम मे स्वर्ण और व्यक्तिगत में कांस्य पदक जीता है।

## भारतीय पुरूष और महिला कबड्डी टीमें फाइनल में

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 61 . 14 से हराकर एशियाई खेलो की कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि दो बार की पूर्व चैंपियन महिला टीम ने नेपाल को 61-17 से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल में जगह बनाई। जकार्ता 2018 खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम तकनीकी तौर पर पाकिस्तान से कही बेहतर थी। पहले सत्र के आखिर में उसने 30 . 5 से बढत बना ली थी। लगातार सात बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पिछली बार सेमीफाइनल में ईरान ने हराया था। एशियाई खेलों में 1990 में कबड्डी को शामिल किए जाने के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे थे।



## केनोइंग- क्याकिंग में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

**हांगझोउ।** भारत के विशाल केवट एशियाई खेलो मे पुरूषो के केनोए स्लालोम वर्ग मे सातवे स्थान पर रहे जबकि शिखा चौहान महिलाओं की क्याकिंग स्पर्धा में छठे स्थान पर रही। पुरूषों के केनोए फाइनल में विशाल ने 135 . 12 सेकंड का समय निकाला। वह विजेता से 140 . 92 सेकंड पीछे रहे। चीन के युआनकेग शि ने स्वर्ण पदक जीता जबकि उजबेकिस्तान के अनवर क्लेवलीव को रजत और कजाखस्तन के अलेक्जेंदर कुलिकोव को कांस्य पदक मिला। महिला क्याकिंग में शिखा ने 167 . 24 सेकंड का समय निकाला।

### एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 187 | 104 | 62 | 353 |
| जापान | 46 | 57 | 62 | 165 |
| द.कोरिया | 36 | 49 | 84 | 169 |
| भारत | 22 | 34 | 39 | 95 |
| उज्बेकिस्तान | 20 | 18 | 26 | 64 |
| ताइपे | 17 | 16 | 25 | 58 |
| उ. कोरिया | 11 | 17 | 10 | 38 |
| थाईलैंड | 10 | 14 | 30 | 54 |

## भारत के महिला जू-जित्सु खिलाड़ी पहले दौर में बाहर

**हांगझोउ।** भारतीय महिलाओं का शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो की जू-जित्सु स्पर्धा मे प्रदर्शन निराशाजनक रहा जब चारो खिलाड़ी पहले दौर मे हारकर बाहर हो गईं। महिला 52 किग्रा वर्ग मे भारत की रोहिणी क्लाम को यूएई की अस्मा अलहोसानी ने सबमिशन से 50-0 से हराया जबकि अनुपमा स्वेन को चीन की जेई मियाओ के खिलाफ 0-12 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला 57 किग्रा वर्ग मे अंगिथा शिजू और निकिता चौधरी दोनो को क्रमशः हार का सामना करना पड़ा।

## स्पोर्ट क्लाइंबिंग: भरत, अमन विफल

**हांगझोउ।** भारतीय क्लाइंबर भरत स्टीफन कामथ परेरा और अमन वर्मा शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो में पुरूषो की बोल्डर एवं लीड स्पर्धा के फाइनल में जगह नही बना सके। भरत सेमीफाइनल में नौवे जबकि अमन 10वें स्थान पर रहे। भरत ने बोल्डर और लीड मे क्रमशः 43.9 और 16 के साथ कुल 59.9 अंक हासिल किए। अमन के नाम बोल्डर और लीड मे क्रमशः 23.9 और 36 अंक के साथ कुल 59.9 अंक रहे।

## भारतीय महिला स्केटर पदक की दौड़ में बरकरार

**हांगझोउ।** रोलर-स्केटर ग्रीष्मा डोनतारा और साई संहिता अकुला ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो मे महिलाओं के कलात्मक एकल फ्री स्केटिंग शॉर्ट प्रोग्राम फाइनल मे क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहते हुए भारत के लिए पदक की उम्मीदों को बनाए रखा है। ग्रीष्मा सेगमेंट में 20.94 (एलिमेंट मे 9.81, कंपोनेंट में 11.13) के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है जबकि संहिता सेगमेंट मे 16.95 (एलिमेंट में 6.95, कंपोनेंट में 11 और एक अंक कटौती) के स्कोर के साथ छठे स्थान पर चल रही है।

## चिराग-सात्विक फाइनल में, प्रणय ने जीता कांस्य

**हांगझोउ।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शुक्रवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरूष युगल फाइनल में जगह बनाई और एशियाई खेलों में बैडमिंटन में भारत के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बनाए रखा है। दिन के मुकाबले में एचएस प्रणय को गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा और गत ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के ली शीफेंग के खिलाफ पुरुष एकल सेमीफाइनल में सीधे गेम में हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कमर में हल्की चोट के साथ खेल रहे दुनिया के सातवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को काफी सहज गलतियां करने के कारण दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 51 मिनट में 16–21, 9–21 से हार झेलनी पड़ी। नई दिल्ली 1982 में सैयद मोदी के कांस्य पदक के बाद पुरुष एकल में यह भारत का 41 साल बाद पहला पदक है। प्रणय के साथ विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज चिराग और सात्विक की जोड़ी पिछले हफ्ते रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का भी हिस्सा थी। भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी के खिलाफ दबदबा बनाते हुए 46 मिनट में 21–17, 21–12 से जीत दर्ज की।



तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली यह जोड़ी एशियाई खेलों में रजत पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी के सामने शनिवार को फाइनल में चोई सोल ग्यु और किम वोन हो की चुनौती होगी। इससे पहले तिरुवनंतपुरम के 31 साल के प्रणय ने चीन के खिलाड़ी को शुरुआत में अच्छी टक्कर दी। काफी गलतियां करने के कारण पहले गेम के बीच में हालांकि वह पिछड़ गए। उन्होंने अंक जुटाने के प्रयास में कई शॉट बाहर मारे। प्रणय ने 3–। की बढ़त बनाई लेकिन ली ने 5–5 पर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने स्मैश के साथ स्कोर 8–5 किया लेकिन चीन का खिलाड़ी उनकी गलतियों का फायदा उठाकर 10–10 पर बराबरी हासिल करने में सफल रहा। ब्रेक के समय प्रणय ने 11–10 की मामूली बढ़त बना रखी थी।

## बजरंग पदक के बिना लौटेंगे,अमन को कांसा



हांगझोउ। चयन ट्रायल से बचकर एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले बजरंग पूनिया को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और वह हांगझोउ एशियाई खेलों में पदक जीतने में नाकाम रहे जबकि प्रतिभाशाली अमन सहरावत सहित तीन अन्य भारतीय पहलवानों ने शुक्रवार को यहां कांस्य पदक जीते। युवा भारतीय पहलवान सोनम मलिक ने महिलाओ की 62 किग्रा स्पर्धा में चीन की जिया लोंग की कड़ी चुनौती को पछाड़कर कांस्य पदक हासिल किया। किरन ने 76 किग्रा वर्ग मे कांस्य हासिल किया। अमन सेहरावत (पुरूष, 57 किग्रा) से भी स्वर्ण पदक की उम्मीद थी लेकिन उन्हें भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस साल अधिकांश समय भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना प्रदर्शन मे बिताने वाले बजरंग पूरी तरह से तैयार नहीं दिखे। उन्होंने दो आसान जीत के साथ शुरुआत की लेकिन ईरान के खिलाड़ी का उनके पास कोई जवाब नही था। एशियाई खेलो के चयन ट्रायल में हिस्सा नही लेने के लिए बजरंग की काफी आलोचना हुई थी। विशाल कालीरमन ने ट्रायल जीता था लेकिन इस वर्ग मे उन्हे स्टैंडबाई रखा गया था। पुरूषों की 65 किग्रा की कठिन प्रतियोगिता में गत चैंपियन बजरंग को भेजना बाजवा के नेतृत्व वाले पैनल की गलती साबित हुई। पहलवानों के विरोध का एक प्रमुख चेहरा विनेश फोगाट को भी ट्रायल्स से बचा लिया गया था, लेकिन, वह चोटिल हो गई और उनकी जगह अंतिम पंघाल को मौका मिल गया। अंतिम ने इन खेलो में कांस्य पदक जीतकर छाप छोड़ी।

## ब्रिज में हांगकांग से हारने के बाद भारतीय पुरूष टीम को रजत

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टीम एशियाई खेलो की ब्रिज स्पर्धा में आखिरी बाधा पार नही कर सकी और उसे हांगकांग से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलो में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को स्वर्ण पदक के मुकाबले में हांगकांग ने 238 .1 . 152 से हराया। भारतीय टीम में संदीप ठकराल, जग्गी शिवदासानी, राजू तोलानी और अजय प्रभाकर थे जो हांगकांग को दो दिन में खेले गए छह सत्र में कोई चुनौती नही दे सके। पहले दो सत्र में। . 2 से पिछड़ने के बाद आज पहला सत्र भारत ने 32 . 42 से गंवाया।

## भारतीय महिला टीम को सेपक्टकरॉ रेगु में कांस्य

**जिंहुआ (चीन)।** भारत की सेपक्टकरॉ महिला रेगु टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। इन खेलो मे महिला सेपक्टकरॉ टीम का यह पहला पदक है। भारतीय महिला टीम को रेगु स्पर्धा के सेमीफाइनल में थाईलैंड ने 21-10, 21-13 से हराया। अएक्रम माईपाक देवी, ओइनम चाओबा देवी, खुशबू, एलांगबम प्रिया देवी और एलंगबम लीरेटोम्बी देवी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में गत चैम्पियन थाईलैंड को कड़ी टक्कर नही दे सकी। भारतीय टीम के कोच हेमराज ने कहा, हमारे खिलाड़ी थाईलैंड के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच की यादों को अपने साथ रखना चाहते थे।

## श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका विश्व कप में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेंगे

**नई दिल्ली।** चोटों से जूझ रही दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमों को उम्मीद होगी कि उनके अनुभवी खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और शनिवार को यहां दोनों टीम के बीच होने वाले विश्व कप मुकाबले को जीतकर विजई शुरुआत करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम चोटिल तेज गेंदबाजों नोर्खिया और मगाला के बिना उतरेगी जबकि श्रीलंका को सीमित ओवरों के उसके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा की सेवाएं नहीं मिलेंगी। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा और लाहिरू मदुशंका भी चोटिल हैं। नोर्खिया की गैरमौजूदगी में दक्षिण अफ्रीका की टीम अनुभवी कागिसो रबादा और 23 साल के गेराल्ड कोएट्जी पर काफी निर्भर करेगी।

### बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**धर्मशाला।** टूर्नामेंट से पहले अंदरूनी मतभेद का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम शनिवार को जहां जब अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। सफेद गेंद के प्रारूप में बांग्लादेश की टीम काफी प्रतिस्पर्धी है लेकिन हाल में टीम के दो सबसे बड़े खिलाड़ियों कप्तान शाकिब अल हसन और तमीम इकबाल के बीच मतभेद खुलकर सामने आए और टीम को इससे उबरना होगा। तमीम को 15 सदस्यीय टीम में जगह नही देने का कारण चयनकर्ताओं ने इस सलामी बल्लेबाज की पीठ की चोट को बताया लेकिन एक खेल चैनल से बात करते हुए साकिब ने खुलासा किया कि तमीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने से इनकार कर दिया था।

## पाक ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

- नीदरलैंड को 81 रन रनों से किया पराजित

**भाषा।** हैदराबाद




**मोहम्मद रिजवान** (75 गेंद में 68 रन) और सऊद शकील (52 गेंद में 68 रन) की चौथे विकेट के लिए 117 गेंद में 120 रन की साझेदारी के बाद हारिस राउफ (43 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से पाकिस्तान ने एकदिवसीय विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को यहां नीदरलैंड को 81 रन से शिकस्त दी। नीदरलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बास डलीडे ने गेंद (62 रन पर चार विकेट) और बल्ले (68 गेंद में 67 रन) से कमाल किया लेकिन उन्हें विक्रमजीत सिंह (67 गेंद में 52 रन) के अलावा टीम के किसी अन्य खिलाड़ी का साथ नहीं मिला। डलीडे ने अपनी मध्यम गति की गेंदबाजी से चार विकेट चटकाए पाकिस्तान की टीम 49 ओवर में 286 रन पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए डलीडे ने विक्रमजीत सिंह ने तीसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर नीदरलैंड की उम्मीदों को बनाए रखा था लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद पारी बिखर गई और पूरी टीम 41 ओवर में 205 रन पर आउट हो गई। इस साझेदारी के टूटने के बाद राउफ ने मैच के 27वें ओवर में अनिल तेजा (पांच) और स्कॉट एडवर्ड्स (शून्य) को आउट किया। शाहीन शाह अफरीदी ने साकिब जुल्फिकार को पगबाधा किया जबकि वामहस्त स्पिनर मोहम्मद नवाज ने डलीडे को बोल्ड कर नीदरलैंड की उम्मीदें खत्म कर दी।

## गिल को डेंगू होने का संदेह, 36 घंटे तक इंतजार करेंगे द्रविड़

**चेन्नई।** एकदिवसीय विश्व कप के पहले मुकाबले से पूर्व भारत की चिंता बढ़ गई है क्योंकि फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल को डेंगू होने का संदेह है और उनका रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच में खेलना संदिग्ध है। गिल अगर इस मुकाबले से बाहर होते हैं तो इशान किशन को पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हालांकि अब तक उनकी बीमारी की प्रकृति की पुष्टि नहीं की है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी 36 घंटे तक इंतजार करेंगे। द्रविड़ ने कहा , वह बेहतर महसूस कर रहा है। मेडिकल टीम उस पर नजर रखे हुए है और वह बेहतर महसूस कर रहा है।

## पुणे व पीसीडीए एएफ की महिलाएं फाइनल में

**लखनऊ।** महिला वर्ग में पिछले संस्करण की उपविजेता पीसीडीए एससी पुणे व विजेता पीसीडीए एएफ ने 11वीं ऑल इंडिया डीएएससीबी पुरुष व महिला टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए खिताबी दौर में जगह बना ली। पुरुष वर्ग में पिछली विजेता सीडीए जबलपुरए पीसीडीए आर्मी लखनऊ, पीसीडीए एएफ दिल्ली और पीसीडीए एससी पुणे ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष वर्ग के पूल ए में सीडीए जबलपुरए पीसीडीए आर्मी लखनऊ और सीडीए चेन्नई के तीन मैचों मे दो जीत व एक हार के चलते चार–चार अंक रहे। नेट रन रेट के चलते सीडीए जबलपुर शीर्ष पर रही जबकि पीसीडीए–आर्मी लखनऊ भी दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गयी। पूल बी में पीसीडीए ; एससी पुणे 3 मैचों में 3 जीत के चलते 6 अंक के साथ शीर्ष पर और पीसीडीए एएफ दिल्ली 3 मैचों में दो जीत व एक हार के चलते 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### लखनऊ में स्कूल प्रीमियर क्रिकेट लीग 12 से



**लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ में स्कूल प्रीमियर क्रिकेट लीग -एसपीएल-2023 का आयोजन 12 से 15 अक्टूबर के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान पर किया जा रहा है। फिट एक्स इंडिया आइकन के तत्वावधान द्वारा आयोजित बालक वर्ग में अंडर-20 व अंडर-16 आयु वर्ग में आयोजित इस लीग में कई प्रमुख स्कूल व अन्य संस्थानों की करीब 62 टीमें प्रतिभाग करती दिखेंगी। इस लीग के लोगो की लांचिंग अपने आवास पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने की और उन्होंने प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दी।दूसरी ओर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसपीएल के संयोजक अमिताभ सिन्हा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लखनऊ के कई प्रमुख स्कूल और अन्य संस्थान भाग ले रहे है। स्कूल प्रीमियर क्रिकेट लीग को बॉक्स क्रिकेट लीग के नाम से जाना जाता है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन 12 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे। इस लीग में पांच-पांच ओवर के मुकाबले होंगे जबकि हर टीम में पांच के आलावा एक रिजर्व खिलाड़ी भी रहेगा। वहीं मुकाबला टाई होने पर फैसला सुपर ओवर में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को कई ग्रुप में बांट कर मैच कराये जायेंगे।

## टीओआई फाइनल में

**लखनऊ ।** अनीश ओबराय -3 विकेट 16 रन के आलराउंड प्रदर्शन और जुहैब-33 की नाबाद पारी से टाइम्स ऑफइंडिया ने इकाना टी-20 मीडिया कप-2023 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में दैनिक जागरण को 4 विकेट से पराजित किया।केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर दैनिक जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 92 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज राजीव बाजपेयी 27 व प्रहलाद सिंह मावड़ी 21 ने टीम को तेज शुरुआत दी। जवाब में टाइम्स ऑफइंडिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाकर मैच जीत लिया। हालांकि टीम अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और राजीव श्रीवास्तव 4 व ऋषि सिंह सेंगर 7 की सलामी जोड़ी 22 रन ही बना सकी। उसके बाद उतरे जुहैब ने पारी को संभाला और 44 गेंदों पर 2 चौके से नाबाद 33 रन की पारी खेल टीम की जीत सुनिश्चित की। उनका साथ देते हुए अब्बास रिजवी व अनीश ओबराय ने 16.16 रन का योगदान किया। दैनिक जागरण से विमलेश कुमार ने 3 व प्रशांत चतुर्वेदी ने दो विकेट हासिल किए।

## भारत में स्पोर्ट्स व गेमिंग को बढ़ावा मिलेगा

**बेंगलुरु।** भारत में सबसे बड़ा त्योहारी उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023, 8 अक्टूबर से शुरू होगा। अमेज़न लाइव टेक, गेमिंग, फैशन, लाइफस्टाइल, होम, स्पोर्ट्स और ब्यूटी में 300 से अधिक प्रभावशाली लोगों की क्यूरेटेड सूची के माध्यम से 1000 स्ट्रीम , ताकि ग्राहकों को एक सूचित खरीद निर्णय लेने में मदद मिल सके। जिसमें प्राइम मेंबर्स के लिए 24 घंटे पहले एक्सेस होगा। त्योहारी सीजन को शानदार डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अमेजन डॉट इन पर सभी श्रेणियों में 5,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ मनाएं। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान, ग्राहक सैमसंग स्मार्टफोन और अप्लायंसेज शानदार मूल्य के ऑफ़र की उम्मीद कर सकते हैं। अमेज़ॅन बिजनेस पर व्यावसायिक ग्राहक लैपटॉप, डेस्कटॉप और मॉनिटर, उपकरण,ए वैक्यूम क्लीनर, वॉशिंग मशीनए फ्रिज, कार्यालय ,सुरक्षा , उपकरण और उपकरण जैसी सभी श्रेणियों में 15,000 से अधिक उत्पादों पर जीएसटी चालान के साथ 28 प्रतिशत तक अतिरिक्त बचत कर सकते हैं।

## भारत उत्सवों को मनाने वाला देश : धोनी

### जियोमार्ट ने ब्रांड एंबेसडर बनाया



**मुंबई।** देश के प्रमुख ई–मार्केटप्लेस में से एकए रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने भारतीय क्रिकेट आइकन महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। धोनी ने कहा कि मैं उन मूल्यों को दृढ़ता से पहचानता हूं और उनसे सहमत हूं जिनके लिए जियोमार्ट जाना जाता है, एक घरेलू ई–कॉमर्स ब्रांड होने के नाते वे भारत में डिजिटल खुदरा क्रांति का समर्थन करने के उद्देश्य से संचालित होते हैं। भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का जियोउत्सव अभियान भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं बहुत उत्सुक हूँ कि जियोमार्ट के साथ जुड़ रहा हूँ और करोड़ों भारतीयों की खरीददारी की यात्रा का हिस्सा बन रहा हूँ। इसके अलावा जियोमार्ट ने अपने उत्सव अभियान को जियोउत्सव सेलिब्रेशन ऑफइंडिया के नाम से फिर से ब्रांड किया है, जो 8 अक्टूबर 2023 से शुरू होगा। जियो उत्सव अभियान इस निष्कर्ष पर जोर देता है, कि धोनी ने देश को जश्न मनाने के कई मौके दिए हैं, लेकिन वह उनका हिस्सा नहीं बन पाए है। इसलिए नए जोश के साथए वह अपने प्रियजनों के साथ खुशी के सभी क्षणों, उत्सवों और विशेष अवसरों का जश्न मनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। धोनी 45 सेकेंड की फिल्म में दिखाई देंगे। जियोमार्ट के सीईओ संदीप वरगांती ने कहा कि हमें अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी पूरी तरह से एक उपयुक्त व्यक्ति मिले है, उनका व्यक्तित्व जियोमार्ट की तरह ही विश्वास, विश्वसनीयता और आश्वासन का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा नया अभियान अपने प्रियजनों के साथ जीवन और उसके सभी विशेष क्षणों का उत्सव मनाने के लिए उपयुक्त है। रु39 शॉपिंग–रु39 इस आनंद का एक अभिन्न हिस्सा है। यह प्लेटफ़ॉर्म वर्तमान में 1000 से ज्यादा कारीगरों के साथ काम करता हैए जो 1.5 लाख अद्वितीय उत्पाद बेचते है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।